RNI NO. HARHIN/2018/75109

वर्ष 4 अंक 334

फरीदाबाद, शनिवार, 15 जनवरी, 2022

पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये

नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana






स्वच्छता पर जोर

पेज - 11


## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,223 | ▼ 12 | |
| निफ्टी | 18,255 | ▼ 2.5 | |
| सोना | 47,005 | ▲ 93 | /10 gm |
| चांदी | 61,005 | ▲ 59 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 17.00°C

न्यूनतम 08.00°C

## क्विक न्यूज

### भारत आ रहे अमीरात के दो विमान टक्कर होते-होते बचे

**नई दिल्ली।** दुबई एयरपोर्ट पर लापरवाही से सैकड़ों लोगों की जान खतरे में पड़ गई। दरअसल, टेक-ऑफ के दौरान अमीरात के दो विमान एक रनवे पर आ गए। हालांकि इनके बीच टक्कर होते-होते रह गई। फ्लाइट नंबर ईके-524 (दुबई से हैदराबाद) और ईके-568 (दुबई से बेंगलुरु) को रविवार रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच दुबई से टेक-ऑफ करना था। अमीरात फ्लाइट शेड्यूल के अनुसार, दोनों फ्लाइट के डिपार्चर टाइम में पांच मिनट का अंतर था। यूएई के द एयर एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन सेक्टर ने जांच शुरू की है। एयरलाइन क्रू के खिलाफ भी इंटरनल इंक्वॉयरी की जा रही है। भारत के एविएशन वाचडॉग डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने अथॉरिटी से इस मामले से जुड़ी रिपोर्ट की कॉपी मांगी है।

### पत्रकार कमालखान का हृदयघात से निधन

**लखनऊ।** लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। लखनऊ की बटलर पैलेस कॉलोनी में रहने वाले खान लंबे समय से टीवी पत्रकारिता में थे। उन्होंने देर रात तक रिपोर्टिंग की। सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और थोड़ी देर बाद उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ। 61 साल के कमाल बीते तीन दशकों से पत्रकारिता में थे।

### नोरा के करीबी बॉबी खान से दिल्ली में ईडी की पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक्ट्रेस नोरा फतेही के करीबी महबूब उर्फ बॉबी खान को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया है। ईडी दफ्तर में सुबह 11 बजे से बॉबी खान से पूछताछ जारी है। नोरा ने बॉबी खान के नाम पर ठग सुकेश चंद्रशेखर से महंगी गाड़ी गिफ्ट के तौर पर ली थी और बाद में उसे सस्ते दामों पर बेच दिया था।

### नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच का वीजा रद्द

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के इमिग्रेशन मिनिस्टर एलेक्स हॉक ने विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का वीजा रद्द कर दिया है। एलेक्स हॉक ने कहा कि यह फैसला लोगों के भले के लिए लिया गया है। मैंने गृह मंत्रालय, ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल और जोकोविच द्वारा दी गई जानकारी पर विचार करने के बाद फैसला लिया। जोकोविच संक्रमित होने के बावजूद एक पत्रकार से मिले थे। उन्होंने अपनी ट्रैवल हिस्ट्री भी छिपाई थी।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क

Rakesh Kapoor 9582468441


रिसर्च में खुलासा, कोरोना से बचाएगी भांग :

# वायरस को शरीर में घुसने से रोकती है भांग

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भांग** का नाम सुनते ही आपके दिमाग में भले ही नशे में झूमते लोगों की छवि बनने लगती है, लेकिन जंगल में जमकर मिलने वाला यह पौधा कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने में रामबाण साबित हो सकता है। कोरोना संक्रमण के खिलाफ भांग के पौधे के कारगर साबित होने का दावा जर्नल ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट्स में प्रकाशित एक नई रिसर्च में किया गया है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, कैनाबिस सैटिवा नामक भांग के पौधे में कुछ ऐसे कंपाउंड होते हैं, जिनकी मदद से वायरस को शरीर में घुसने से रोका जा सकता है। इससे पहले लेथब्रिज यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने भी इस विषय पर शोध किया था।

भांग और कोरोना वायरस का कनेक्शन समझने के लिए अमेरिका के ओरेगन स्टेट के ग्लोबल हेम्प इनोवेशन सेंटर, कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी और लिनुस पॉलिंग इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने साथ मिलकर रिसर्च पर काम किया है। कैनाबीडियोलिक एसिड (सीबीजीए) को स्टडी किया गया। वैज्ञानिकों ने पाया कि ये कंपाउंड कोरोना वायरस (सार्स-सीओवी-2) के स्पाइक प्रोटीन से जुड़ने में सक्षम हैं।

यहां ध्यान रखने वाली बात ये है कि वायरस का यही स्पाइक प्रोटीन इंसानों के शरीर में घुसकर उनके सेल्स (कोशिकाओं) को खराब करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यदि हम पहले ही इस स्पाइक प्रोटीन को भांग में मिलने वाले कंपाउंड से जोड़ देते हैं, तो ये हमारे शरीर में संक्रमण पैदा ही नहीं कर पाएगा।

### बीटा वैरिएंट के खिलाफ भी समान रूप से असरदार

**वैज्ञानिकों** का कहना है कि वायरस से लड़ने में भांग के जो कंपाउंड कारगर हैं, वे साइकोएक्टिव नहीं हैं। सरल भाषा में कहें तो इनके सेवन से हमारा दिमाग नशे का शिकार होकर कंट्रोल नहीं खोता। रिसर्च में ये भी पता चला है कि भांग के ये कंपाउंड ब्रिटेन में मिले कोरोना के अल्फा वैरिएंट और दक्षिण अफ्रीका में मिले बीटा वैरिएंट के खिलाफ भी समान रूप से असरदार हैं। भांग में मौजूद एसिड्स हमारे शरीर को अच्छी सुरक्षा देते हैं। इसलिए वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना वायरस को टारगेट करने के लिए भविष्य में इनका प्रयोग वैक्सीन बनाने और एंटीबॉडी विकसित करने में हो सकता है। इसके अलावा, भांग के इन कंपाउंड को ओरली (मुंह के जरिए) भी लिया जा सकता है। हालांकि इसके इस्तेमाल की अभी पूरी तरह से पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल भांग के पौधे में मिलने वाले कंपाउंड फाइबर और पशु भोजन का सोर्स हैं। इन्हें आमतौर पर सौंदर्य प्रसाधन, बॉडी लोशन और डाइट्री सप्लीमेंट बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

# 13 बार रेप के आरोपी बिशप को किया बरी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**नन** रेप केस में कोर्ट ने जालंधर के पूर्व बिशप फ्रेंको मुलक्कल को बरी कर दिया। केरल के कोट्टायम में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन कोर्ट के जज जी गोपाकुमार ने फैसला सुनाया। इस दौरान कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। फ्रेंको मुलक्कल पर नन ने रेप के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध जैसे संगीन आरोप लगाए थे। मुलक्कल के खिलाफ 83 गवाह थे।

इस केस में कोर्ट में 2019 में 2 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिसके साथ लैपटॉप, मोबाइल और मेडिकल टेस्ट समेत 30 सुबूत लगाए गए थे। बरी होने के बाद मुलक्कल ने इसे भगवान का बड़प्पन कहा। वहीं नन पक्ष ने कहा है कि वह उच्च अदालत में जाएंगे। जून 2018 में केरल की नन ने रोमन कैथोलिक के जालंधर डायोसिस के तत्कालीन बिशप फ्रेंको मुलक्कल पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। पुलिस को दिए बयान में कहा था कि मुलक्कल ने कुराविलंगद के एक गेस्ट हाउस में उससे दुष्कर्म किया था, फिर कई दूसरे राज्यों के गेस्ट हाउस में भी लेकर गया। वह लगातार यौन शोषण करता रहा।

# गाजीपुर फूल मंडी में मिला आईईडी निष्क्रिय किया

### जेसीबी से गहरा गड्ढा खुदवाकर बम निष्क्रिय किया गया

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** के गाजीपुर फूल मंडी में शुक्रवार सुबह एक लावारिस बैग मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधी दस्ता और दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। जांच करने पर पुलिस को बैग से आईईडी विस्फोटक मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनएसजी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहीं, दिल्ली पुलिस ने बताया कि गाजीपुर फ्लावर मार्केट के गेट के बाहर विस्फोटक लगाने से पहले रेकी की गई थी। पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज देख रही है।

एनएसजी ने आईईडी की मात्रा को देखते हुए इसे निष्क्रिय करने के लिए एक गहरा गड्ढा खोदने की योजना बनाई। इसके बाद जेसीबी को मौके पर बुलाया गया और गहरा गड्ढा खुदवाकर बम निष्क्रिय किया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जानकारी दी है कि, स्पेशल सेल मामले की जांच कर रही है और एक्सप्लोसिल एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कर लिया गया है। एनएसजी ने बम निष्क्रिय करने के बाद जानकारी दी है कि टीम ने गाजीपुर फूल मंडी से बरामद आईईडी को टीम ने निष्क्रिय कर दिया है। आईईडी के सैंपल जुटा लिए गए हैं और टीम इसे बनाने में इस्तेमाल किए गए केमिकल कंपोनेंट की जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। एनएसजी के अधिकारियों ने बताया कि बरामद आईईडी का वजन लगभग तीन किलो था।

जानकारी के अनुसार, पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर फूल मंडी में एक लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया तो सबसे पहले सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बैग के आसपास के एरिया को खाली करा दिया। बम की कॉल सुबह 10.30 मिली थी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने बताया कि जांच के बाद बैग से आईईडी विस्फोटक निकला है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया है कि इस मामले दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### भारत-पाक सीमा पर भी मिला आईईडी

**पंजाब** के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास अटारी-बचीविंड रोड पर पड़े एक बैग में रखा गया एक आईईडी और कुछ भारतीय नोट शुक्रवार को मिले। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पंजाब पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने राज्य में विधानसभा चुनाव से ठीक एक महीने पहले मादक पदार्थ और विस्फोटकों के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर एक तलाशी अभियान शुरू किया और बैग बरामद किया। यह बरामदगी ऐसे समय हुई है जब राष्ट्रीय राजधानी के गाजीपुर फूल मण्डी में एक लावारिस बैग के अंदर आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट वाला एक आईईडी मिला। मौके पर मौजूद एसटीएफ के सहायक महानिरीक्षक रशपाल सिंह ने कहा, पांच किलोग्राम वजनी आईईडी, अटारी-बचीविंड रोड पर एक बैग में मिला। कुछ भारतीय नोट भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों और बम निरोधक दस्ते के सदस्यों को घटनास्थल पर बुलाया गया है और आगे की जांच जारी है।

प्रियंका गांधी के सचिव ने टिकट के बदले मांगी घूस

# 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' कैंपेन की पोस्टर गर्ल ने लगाया आरोप

**एजेंसी।** लखनऊ



### लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से टिकट की दावेदारी पेश कर रही थीं

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं कैंपेन पोस्टर की कतार में सबसे आगे खड़ी महिला टिकट की रेस में पीछे छूट गई। कांग्रेस के शक्ति विधान महिला घोषणा पत्र की पोस्टर गर्ल डॉ. प्रियंका मौर्या ने आरोप लगाया है कि घूस न दे पाने की वजह से लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा सीट से उनका टिकट काटकर रुद्र दमन सिंह को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि घूस की रकम किसी और ने नहीं बल्कि प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह ने मांगी थी।

यूपी कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता डॉ. प्रियंका मौर्या लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से टिकट की दावेदारी पेश कर रही थीं। प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं कैंपेन का भी वो अहम किरदार रहीं। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने शक्ति विधान टाइटल के साथ जो महिला घोषणा पत्र जारी किया, प्रियंका मौर्या उसकी पोस्टर गर्ल भी थीं। इसकी वजह से पूरी संभावना जताई जा रही थी कि उम्मीदवारों की सूची में उनका नाम सबसे ऊपर होगा।

गुरुवार को कांग्रेस ने 125 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें वादे के मुताबिक 40 फीसदी महिलाओं को शामिल किया गया है, जिस सीट से प्रियंका मौर्या चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी थीं, वहां से रुद्र दमन सिंह का नाम फाइनल कर दिया गया। सूची जारी होने के कुछ घंटे बाद ही डॉ. प्रियंका मौर्या ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके कांग्रेस पार्टी में टिकटों की सौदेबाजी का आरोप लगाया।

उन्होंने लिखा है कि प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह ने उनसे टिकट के एवज में रुपये के लिए किसी से फोन कराया था। रुपये न देने पर उनकी जगह किसी और के नाम की घोषणा कर दी। वहीं, इस मामले में पार्टी प्रवक्ता अशोक सिंह का कहना है कि टिकट न मिलने की वजह से झूठा आरोप लगाया जा रहा है। 18 नवंबर को लखनऊ में प्रियंका गांधी के निजी सचिव संदीप सिंह, कांग्रेस कमेटी के नेता शिव पांडेय समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। राज्य संपत्ति विभाग में ड्राइवर पद पर तैनात प्रशांत कुमार सिंह की तहरीर पर हुसैनगंज पुलिस ने तीनों पर मारपीट और धमकाने के आरोप में केस दर्ज किया था।

### सरकार ने मित्र पड़ोसी देशों को खतरे में डाला: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक खबर का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने चीन की आक्रामकता के खिलाफ अपनी अकर्मण्यता से मित्र पड़ोसी देशों को भी खतरे में डाल दिया है।

उन्होंने ट्वीट किया, मोदी सरकार ने पहले हमारी भूमि सौंप दी और अब चीन को पीछे धकेलने में अपनी अकर्मण्यता से हमारे निकट पड़ोसियों को खतरे में डाल दिया है। अगर आप अपने लिए नहीं खड़े होंगे तो फिर अपने मित्रों के लिए कैसे खड़े होंगे ? कांग्रेस ने जिस खबर का हवाला दिया उसमें दावा किया गया है कि चीन ने भूटान में अवैध तरीके से गांव बना लिए हैं।

### 1901 के बाद से 2021 पांचवां सबसे गर्म वर्ष

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2021 भारत में 1901 के बाद से पांचवां सबसे गर्म वर्ष था, जिसमें देश में औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया। विभाग ने कहा कि देश में वर्ष के दौरान बाढ़, चक्रवाती तूफान, भारी बारिश, भूस्खलन, बिजली गिरने जैसी मौसमी घटनाओं के कारण 1750 लोगों की मौत हुई है। मौसम विभाग के वार्षिक जलवायु वक्तव्य, 2021 में कहा गया है, 1901 से वर्ष 2021 देश में 2016, 2009, 2017 और 2010 के बाद पांचवां सबसे गर्म वर्ष था।

### दुनियाभर में एक करोड़ से अधिक लोगों ने सूर्य नमस्कार किया: सरकार

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को वैश्विक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भारत समेत दुनियाभर में एक करोड़ से अधिक लोगों ने कोविड-19 महामारी के दौरान सुरक्षित रहने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार किया।

मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में बताया गया कि देश-विदेश के एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने कोविड नियमों का पालन करते हुए अपने-अपने स्थानों पर सूर्य नमस्कार किया। भारत में कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई ने डिजिटल तरीके से की। इस दौरान सोनोवाल ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर सूर्य अपना पथ बदलकर उत्तरायण में प्रवेश करता है, जिसे भारतीय परंपरा में शुभ माना जाता है, इसलिए सूर्य की उपासना भारत में भक्ति-भावना से की जाती है।

### अस्पताल कैंपस से मिली खोपड़ियां व भ्रूण अस्थियां

**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले के अरवी इलाके में पुलिस ने एक प्राइवेट एबॉर्शन केंद्र का भंडाफोड़ कर अवैध रूप से गर्भपात कराए गए भ्रूणों के एक कब्रिस्तान का पता लगाया है। एक प्राइवेट हॉस्पिटल के कैंपस में बने एक पुराने बायोगैस प्लांट में 11 खोपड़ियां और 54 भ्रूण की हड्डियां बरामद हुई हैं।

पुलिस ने गुरुवार को हॉस्पिटल में रेड कर इसके डायरेक्टर और एक अन्य कर्मचारी को अरेस्ट किया है। सब-इंस्पेक्टर ज्योत्सना गिरी ने बताया कि हमने केस में हॉस्पिटल के डायरेक्टर रेखा कदम और उनकी एक सहयोगी 38 वर्षीय नर्स संगीत काले को अरेस्ट किया है। इसका खुलासा 13 वर्षीय लड़की के गर्भपात की जांच के दौरान हुआ जो पास के रहने वाले एक 17 वर्षीय लड़के के साथ कथित संबंध के बाद गर्भवती हो गई थी।

# गणतंत्र दिवस समारोह में नहीं जुटेगी भीड़, पीटी शो पर भी बैन

### दस साल से कम उम्र के बच्चे भी रहेंगे आयोजन से दूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने कोरोना के फैलाव के मद्देनजर निर्णय लिया है कि गणतंत्र दिवस समारोह 2022 के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को जिला पदाधिकारियों द्वारा उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय से गणतंत्र दिवस समारोह 2022 के आयोजन के संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिला उपायुक्तों तथा उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) को दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

जारी निर्देशानुसार कोरोना महामारी के फैलाव के मद्देनजर, गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विभिन्न कार्यक्रमों या गतिविधियों का आयोजन करते समय कुछ निवारक उपायों का पालन करना आवश्यक है जैसे सामाजिक दूरी बनाए रखना, मास्क पहनना, समुचित सेनेटाईजेशन रखना, उचित स्वच्छता, बड़ी सभाओं से बचना, कमजोर व्यक्तियों का बचाव करना, गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी कोरोना से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों और स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन करना आदि शामिल हैं। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि सभी कार्यक्रमों को इस तरह से आयोजित किया जाना चाहिए कि लोगों को बड़ी सभाओं से बचाया जा सके और प्रौद्योगिकी का उपयुक्त इस्तेमाल करके इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया जाए।

# बिहार में करंट लगने से तीन एसएसबी जवानों की मौत

**एजेंसी।** सुपौल

**बिहार** के सुपौल में शुक्रवार को करंट लगने से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 3 जवानों की मौत हो गई। 10 जवान बुरी तरह झुलस गए हैं।

सशस्त्र सीमा बल के 45वीं बटालियन के कैंपस से होकर गुजरी 11 हजार वोल्टेज की तार की चपेट में टेंट लगा रहे जवान आ गए, जिससे पूरे एसएसबी मुख्यालय में हड़कंप मच गया। घायलों को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। घटना में एक जवान की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। जबकि दो जवानों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मरने वालों में दो जवान और सभी घायल प्रशिक्षु हैं। घटना को लेकर कोई अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। वहीं 10 जवान बुरी तरह घायल हो गए। घायलों का इलाज फिलहाल वीरपुर के ललित नारायण अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। इनमें से 4 जवानों को दरभंगा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। सशस्त्र सीमा बल की ओर से जानकारी दी गई कि- ट्रेनी कैंप से होकर जो हाईटेंशन तार गुजरी है। उसे हटाने को लेकर कई बार बिजली विभाग को पत्र लिखा गया, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया। जिससे यह हादसा हुआ है। मृतकों की पहचान परशुराम सबर, महेंद्र चन्द्र कुमार, अनमोल पाटिल के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में नरसिंह चौहान, के.चन्द्रशेखर, पारितोष अधिकारी, मांडवी राजेन्द्र, मो. शमशाद, सुकुमार वर्मा, सोनेलाल यादव, आनंद किशोर, पालक सन्मुख, वीरेंद्र मगही शामिल हैं।

# बेहिसाब समर्थकों की भीड़ दिखाकर सपा में शामिल हुए स्वामी-सैनी

**एजेंसी।** लखनऊ

**भाजपा** छोड़ने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी सहित आठ विधायकों ने शुक्रवार को सपा का दामन थाम लिया। अखिलेश यादव ने मंच पर पहुंचकर सबको पार्टी की सदस्यता दिलाई।

अखिलेश ने कहा कि मैं स्वामी प्रसाद मौर्य को धन्यवाद दूंगा। वह जिस तरफ चल देते हैं, सरकार उनकी ही बन जाती है। इस बार कितने भी दिल्ली वाले आ जाएं, बाबा पास नहीं होने वाले हैं। इस बार हैंडल भी ठीक है और पहिए भी। पैडल चलाने वाले आ गए हैं। अब सपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। हालांकि रैली के थोड़ी देर बाद ही कोविड प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर चुनाव आयोग ने संज्ञान ले लिया। जांच के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम सपा दफ्तर पहुंची। गौतमपल्ली थाने में कोविड प्रोटोकाल के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### कोविड प्रोटोकाल के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज

इस मौके पर मौर्य ने फिर एक बार कहा कि अब भाजपा की सरकार का खात्मा करके भाजपा के शोषण से मुक्त कराना है। मैं अखिलेश के साथ भाजपा को नेस्तनाबूद कर दूंगा। अखिलेश नौजवान हैं। पढ़े-लिखे हैं। नई ऊर्जा है। मौर्य बोले, एक और बात कहूंगा कि जिसका साथ छोड़ता हूं, उसका अता-पता नहीं रहता। इसका उदाहरण हैं बहनजी। उनको घमंड हो गया था। बाबा भीमराव को भूल गईं। कांशीराम को भूल गईं।



परिवर्तन आंदोलन के नारे को बदल दिया। थैली वालों के पीछे खड़ी हो गईं। मैंने साथ छोड़ा तो क्या हश्र हुआ उनका।

मौर्य ने कहा कि भाजपा के बड़े-बड़े नेता जो कुंभकरण की तरह सो रहे थे, जिनको कभी विधायक और मंत्रियों से बात करने का वक्त नहीं मिलता था। हम लोगों के इस्तीफा देने के बाद उनकी नींद हराम हो गई है। आज सत्ता में पांच फीसदी लोग मलाई खा रहे हैं। अब 80 और 20 की लड़ाई नहीं, बल्कि 15 और 85 की लड़ाई होगी। 85 तो हमारा है और 15 में भी बंटवारा है।

अखिलेश ने कहा कि उन्होंने कहा था कि किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। कोई भी फसल और पैदावार सरकार ने खरीदी नहीं। अगर किसी को खाद मिल भी गई तो बोरी देखने के बाद उसमें पांच किलो की चोरी गई है। जिस कंपनी के पास पेट्रोल और डीजल की सप्लाई का काम है, वहीं की गलत नीतियों की वजह से 600 फीसदी तक मुनाफा कमा रहे हैं।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी और अंबेडकरवादी लोग मिलकर अगर साथ लड़ेंगे तो इस बार हम लोग 400 सीटें भी जीत सकते हैं। जनता बदलाव और परिवर्तन चाहती है। कितने भी दिल्ली वाले आ जाएं, बाबा पास नहीं होने वाले हैं।

### क्या आपकी नजर में दलित पिछड़ा वर्ग हिंदू नहीं है

**मौर्य** ने योगी से सवाल किया कि क्या 54 फीसदी वाले हिन्दू नहीं हैं क्या, तो इस पर उन्होंने साफ इशारा किया कि योगी सरकार में दलित और पिछड़ों का हक सामान्य वर्ग को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि योगी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर पाप कर रहे हैं और दुहाई हिंदू की देते हैं। क्या आपकी नजर में दलित, पिछड़ा वर्ग हिंदू नहीं है क्या। अगर आपकी नजर में सिर्फ पांच फीसदी लोग हिंदू हैं तो आपकी खटिया खड़ी होनी तय है। अखिलेश ने कहा कि वो 80 की बात करते हैं। मुझे लगता है कि समाजवादी गठबंधन के साथ 80 फीसदी लोग तो पहले से थे।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 15 जनवरी, 2022 | वोटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान
- अधिकतम 18.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 06.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- एनएच-तीन स्थित डीएवी शताब्दी कॉलेज में वेबिनार का आयोजन: दोपहर 12 बजे
- जिले में 60 प्लस और हेल्थ व फ्रंट लाईन वर्करों को बुस्टर डोज: सुबह 10 बजे
- जिले में 74 स्थानों पर जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे

### निवेश गुरु
**म्यूचुअल** फंड आपको अपने निवेश में डायवर्सिफिकेशन यानी विविधता लाने में मदद करते हैं। जब आप केवल एक-दो शेयर में निवेश करते हैं, तो बाजार के लुढ़कने पर आप बड़ा नुकसान उठा सकते हैं। हालांकि, आप विभिन्न एसेट क्लास में निवेश करके इस समस्या से बच सकते हैं। यदि आप शेयरों में निवेश कर रहे हैं और आपको डायवर्सिफिकेशन लाना है, तो आपको विभिन्न सेक्टरों से कम से कम 10 शेयरों का चयन करना होगा। यह एक लंबी, समय लेने वाली प्रक्रिया हो सकती है।

### यूटीलिटी न्यूज
#### कंबल पाकर खिले चेहरे
**फरीदाबाद।** पिछले कुछ दिनों से ठंड का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इससे बचाव को लेकर समाजसेवियों की तरफ से शिविर लगाकर गरीबों और असहाय लोगों को कंबल बांटे गए। शुक्रवार को नीलम बाटा चौक स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में विजय भारत रोड लाइंस प्राईवेट लिमिटेड की तरफ से कंबल वितरण किया गया। नगर में भीषण सर्दी की मार झेल रहे गरीब और असहाय वर्ग के लोग कंबल पाकर उनके चेहरे खिले हुए देखे गए। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विजय भारत रोड लाइंस प्राइवेट लिमिटेड के एमडी एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संत गोपाल गुप्ता ने 500 से अधिक गरीबों को कंबल वितरण किया। संत गोपाल गुप्ता ने कहा कि गरीबों की मदद करने से धन की कमी नहीं होती है, बल्कि बरकत होती है। इसके साथ ही ब्रिज गोपाल, गौरव गोपाल, सौरव गोपाल, वैभव गोपाल व यश गोपाल आदि ने विशेष योगदान दिया।

### क्विक न्यूज
#### जरूरतमंदों को बांटे कपड़े
**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ प्रेस क्लब द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कपड़े व मॉस्क वितरित किए। सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक जैन, महासचिव विजेंद्र फौजदार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र कौशिक, सुभाष शर्मा, योगेंद्र चौहान, दिनेश कुमार, अमित चौधरी, दीपक मुखी, जयप्रकाश भाटी, संजय शर्मा, प्रेम खान, जितेंद्र बेनीवाल, संदीप गोयल आदि सदस्यों ने संयुक्त रुप से सेक्टर 25 की झुग्गी झोपड़ियों और तिगांव रोड पर सेक्टर 2 में बसी मजदूर बस्तियों में जाकर बच्चों, महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों को सर्दी से बचाव के लिए सभी प्रकार के कपड़े वितरित किए और मॉस्क भी बांटे गए। क्लब के प्रधान अशोक जैन ने कहाकि सर्दी में जरूरतमंदों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है।

# मेयर ने पर्दाफाश किया था, फिर भी दबा रह गया टॉयलेट घोटाला

## यदि परतें खोली जाए तो अब तक का सबसे बड़ा होगा टॉयलेट घोटाला

राजेश दास। फरीदाबाद

**स्वच्छ** भारत अभियान के तहत जिले को खुले में शोच मुक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार करोड़ों अरबों रुपये पानी की तरह बहा चुकी है। जिसके तहत शहर भर में जगह-जगह पब्लिक टॉयलेट बनाए गए थे, लेकिन इनमें से करीब 90 प्रतिशत टॉयलेट रखरखाव के अभाव में कंडम हो चुके हैं।

शेष दस प्रतिशत टॉयलेट का बनने के बाद कभी ताला ही नहीं खुला, जिससे वे भी अब इस्तेमाल करने योग्य नहीं रह गए है, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम द्वारा इन टॉयलेटों के रख रखाव का लाखों रुपये भुगतान किया जा रहा है। करीब एक साल पहले निगम की मेयर सुमन बाला ने टॉयलेट घोटाले का जनता के सामने पर्दाफाश किया था। पोल खुलते देख मौके पर मौजूद एसडीओ ने मेयर के साथ ही दुर्व्यवहार कर दिया था। हालांकि बाद में इस एसडीओ को निलंबित तो कर दिया गया, लेकिन कुछ समय बाद ही जांच लंबित कर एसडीओ को फिर से बहाल कर दिया। करीब एक साल का समय गुजर जाने के बाद भी न तो एसडीओ के खिलाफ जांच पूरी हुई और न ही टॉयलेट घोटाले की गहनता के साथ जांच की गई। यदि इस मामले की गहनता के साथ जांच की जाए तो सबसे बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।


सेक्टर-24 की ग्रीनबेल्ट पर पब्लिक टॉयलेट का फाइल फोटो।


बाबा दीप सिंह चौक पर सीवर के पानी के बीच बना एक पब्लिक टॉयलेट।

### व्यर्थ हो गए करोड़ों रुपये
**स्वच्छता** सर्वे में रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों ने शहर की स्लम बस्तियों और सार्वजनिक स्थानों के आसपास शौचालयों का निर्माण करवा दिया था। शौचालय सिर्फ सर्वे करने वाली टीम को दिखाने के लिए बनाए गए थे। इसलिए इन शौचालयों के निर्माण में बेहद घाटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया गया था। जिसके कारण निर्माण के कुछ दिनों बाद ही यह शौचालय जर्जर होने शुरू हो गए थे। निगम ने इन शौचालयों पर पानी की टैंकियां तो रखवा दी थी। लेकिन इन टैंकियों में पानी भरने के लिए कनेक्शन देने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। ऐसे में इस्तेमाल करने वालों को पानी घर से लाना पड़ता था। इन शौचालयों में न तो सीवर के कनेक्शन दिये गए हैं और न ही निगम ने इनकी नियमित सफाई करवाने के लिए भी कोई नहीं व्यवस्था की है। जिससे शौचालय कुछ ही दिनों में बुरी तरह गंदे हो गए और लोगों ने इनका इस्तेमाल बंद कर दिया। नगर निगम द्वारा बनाए गए करीब 90 प्रतिशत से ज्यादा शौचालय कंडम हो चुके है। शेष शौचालयों में ताले लटके होने की वजह से अब यह इस्तेमाल करने योग्य नहीं रह गए।

### एक साल बाद भी कार्रवाई नहीं
**नगर** निगम के अधिकारियों पर आए दिन भ्रष्टाचार के आरोप तो लगते ही रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। इसलिए अधिकारी बेलगाम होते जा रहे हैं। ऐसे में अधिकारी जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार कर डालते हैं। करीब एक साल पहले मेयर सुमन बाला को शिकायत मिली थी कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाए गए टॉयलेटों में खामियां और रख रखाव के अभाव में लोगो को इनका कोई फायदा नहीं हो रहा है। जांच के लिए मेयर एनएच पांच के ब्लॉक में पहुंची तो उन्होंने देखा कि साढ़े सात लाख रुपये की लागत से बने टॉयलेट में पानी और सीवर का कनेक्शन तक नहीं था। साफ सफाई न होने से टॉयलेट की हालत बदतर हो चुकी थी। उन्होंने संबंधित एसडीओ सुरेंद्र खट्टर को मौके पर बुलाया तो एसडीओ उल्टा मेयर के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। एसडीओ का आरोप था कि मेयर कमियों को उजागर कर सरकार को बदनाम कर रही है। मेयर की शिकायत पर एसडीओ को निलंबित कर दिया। लेकिन बाद में बहाल कर दिया। लेकिन इस मामले में कार्रवाई नहीं हो पाई।

### कार्रवाई के अभाव में हुए बेलगाम
**आम** जनता द्वारा चुनकर भेजे जाने वाली मेयर शहर की प्रथम नागरिक मानी जाती है। नगर निगम के अधिकारी जब सरेआम प्रथम नागरिक से ही दुर्व्यवहार कर सकते हैं तो वे शहर के आम लोगों के साथ किस तरह का सलूक करते होंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। लेकिन हद तो तब हो जाती हैं जब प्रथम नागरिक के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो। दिखावे के लिए कुछ दिनों तक निलंबित रखने के बाद उसे फिर से ड्यूटी पर बहाल कर दिया जाता है। पिछले करीब एक साल से इस मामले की जांच लंबित पड़ी हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ मेयर ने शहर की आम जनता के सामने टॉयलेट घोटाले का भी पर्दाफाश किया था। लेकिन मामले को हुए करीब एक साल का समय गुजर जाने के बाद भी इस तरफ किसी ने ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। मेयर का कार्यकाल पूरा हो चुका हैं। इसके बाद टॉयलेट घोटाला और दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारी की जांच की फाइल भी दब कर रह जाएगी।


गौंछी ड्रेन के किनारे कंडम हालत में खड़ा पब्लिक टॉयलेट।

### निष्पक्ष जांच जरूरी

**समाजसेवी** गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि अधिकारियों के निजी स्वार्थ के कारण सरकार द्वारा टॉयलेट पर खर्च किए गए करोड़ों रुपये व्यर्थ हो गए हैं। शहर के कई बाजारों में सार्वजनिक शौचालय का काफी अभाव है। निगम द्वारा बनाए गए शौचालय अब इस्तेमाल करने योग्य नहीं रहे। ऐसे में लोगों को मजबूरी में खुले में लघुशंका अथवा शौच के लिए आज भी जाना पड़ता है। यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

# मकर संक्रांति: जूनियर रेडक्रॉस ने मनाया पर्व

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजकीय** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में मकर संक्रांति पर्व मनाया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि मकर संक्रांति को अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे पंजाब में माघी, हिमाचल प्रदेश में माघी साजी, जम्मू में माघी संग्रांद, हरियाणा में सकरत, मध्य भारत में सुकरत, तमिलनाडु में पोंगल, गुजरात के साथ उत्तर प्रदेश में उत्तरायण, ओडिशा में मकर संक्रांति, असम में माघ बिहू आदि नामों से संक्रांति को मनाते है। प्राचार्य मनचंदा और एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर ने कहा कि मकर संक्रांति खगोल से जुड़ा हुआ है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से निकल अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस विशेष दिन पर सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए स्वयं उनके घर में प्रवेश करते है। एक संक्रांति से दूसरी संक्रांति के बीच का समय ही सौर मास कहलाता है। सूर्य संक्रांति 12 होती हैं मकर संक्रांति अर्थात 14 जनवरी एक ऐसा दिन है जब पृथ्वी पर एक अच्छे और शुभ दिन का प्रारंभ होता है ऐसा इसलिए कि सूर्य दक्षिण की अपेक्षा अब उत्तर को गमन करने लग जाता है।

जब तक सूर्य पूर्व से दक्षिण की ओर गमन करता है तब तक उसकी किरणों का असर अच्छा नहीं माना जाता है। जब सूर्य पूर्व से उत्तर की ओर गमन करते लगते है तब सूर्य की किरणें सेहत ,सुख और शांति में वृद्धि करती हैं। 14 जनवरी के पश्चात से सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर जाता हुआ होता है। इसलिए उतरायण, सूर्य उत्तर की ओर भी कहते है।



मकर संक्रांति के अवसर पर एनएचतीन की छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग।

# छह विदेशियों को मिली भारतीय नागरिकता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिलाधीश** जितेंद्र यादव ने शुक्रवार को दोपहर बाद छह विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की। यह 06 विदेशी नागरिक अफगान से हरिओम, गुल्ला पियासे, दीवान लाल, सिलकम बाई, जगवंती और दर्शन कौर शामिल हैं। आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की पावर प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद के जिलाधीश भी शामिल हैं।

केंद्र सरकार ने नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्री कृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश ने प्रदान की है।

गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।


सेक्टर12 लघु सचिवालय में विदेशी नागरिकों भारतीय नागरिकता की शपथ दिलवाते डीसी जितेंद्र यादव।

# एसएसबी अस्पताल ने महिला को दिया नया जीवन

## हाई बीपी को लेकर अस्पताल में दाखिल हुई महिला

## एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग कर बचाई महिला की किडनियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हाई** बीपी की समस्या को लेकर एसएसबी अस्पताल में दाखिले हुई 46 वर्षीय महिला की एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिग कर दोनों किडनियों को बचाने में सफलता हासिल की है। दरअसल इस महिला को सिरदर्द की शिकायत को लेकर अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां जांच करने पर महिला का बीपी 220 और 110 चलता रहा।

हैरानी की बात यह है कि उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए चार दवाएं भी महिला को दी गई परंतु फिर भी उसका बीपी कंट्रोल में नहीं हुआ। जांच करने पर पता चला कि महिला की दोनों किडनी की धमनियां 90 प्रतिशत ब्लाकेज है, जिस पर एसएसबी हाई एव मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डा. सिद्धांत बंसल द्वारा उन्हें दोनों गुर्दे की एंजियोप्लास्टी स्टेंटिंग के लिए ले जाया गया। रोगी को बिना किसी परेशानी के सफलतापूर्वक दोनो गुर्दे की धमनियों को खोला गया। इस प्रक्रिया से न केवल उसकी दोनों किडनी को भविष्य में खराब होने से बचाया गया बल्कि उसका रक्तचाप भी नियंत्रण में आया।


डॉ. सिद्धात बंसल

अब चार बीपी की दवाएं जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं कर पा रही थी, बिना बीपी की दवा के उनका ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। डा. सिद्धांत बंसल ने कहा कि हाईबीपी के सभी रोगियों को स्थायी रूप से अपनी जांच करवानी चाहिए क्योंकि कुछ को स्थायी रूप से ठीक किया जा सकता है और उन्हें किसी दवा की आवश्यकता भी नहीं पड़ती।

# जिले के लिए बनेगी जल प्रबंधन योजना: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान सिचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधीक्षक अभियंता व अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारी राजीव कुमार बत्रा ने बताया कि योजना 25 दिसंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की थी। 8 डबल्यूएसपी बनाये गये थे एवं 23 पर कार्य किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य गिरते भूजल स्तर का ग्राम पंचायत स्तर पर स्थाई प्रबंधन करना हैं। अटल भूजल योजना केंद्र सरकार और विश्व बैंक द्वारा समर्थित एक सहभागी भूजल प्रबंधन योजना हैं। इस योजना में जिला के दो विकास खंड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ को चुना गया हैं। 71 ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना के अंतर्गत गिरते जलस्तर पर कार्य किया जाएगा और इस योजना के अंतर्गत सभी 71 ग्राम पंचायतों का दैनिक जल खपत और गांव के लिए जल सुरक्षा योजना बनाई जाएगी। डीसी जितेंद्र यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त आईएएस केशनी आनंद अरोड़ा की अध्यक्षता में हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की दो वार्षिक जल सरक्षण योजना बनाने में सहयोग करे जिसमें सभी पंचायतों को सामिल किया जाएगा । वह जिला कार्यान्वयन भागीदार टीम के सभी सदस्यों से समन्वय करें। सभी विभागों में ब्लाक और ग्राम स्तर पर कार्य कर रही समिति से जुड़ कर जल सुरक्षा योजना पर कार्य करें। अटल भूजल योजना के अंतर्गत फसल विविधिकरण पर कार्य किया जाएगा। जो गिरते भूजल स्तर को रोकने में एक महत्वपूर्ण बिदु का काम करेगा। बैठक में अमित कंबोज, कार्यकारी अभियंता, डीएचबीयूएन, फरीदाबाद, रमेश कुमार, डीएचओ, फरीदाबाद, डॉ. अमनजीत, वीएस, पशुपालन विभाग, फरीदाबाद, जगदीश गोयल, अधीक्षक जिला परिषद, एडीसी कार्यालय, मो. असलम, एसडीओ, पीएचईडी, फरीदाबाद, संगीता मल्होत्रा, टीए कार्यालय कृषि विभाग, फरीदाबाद, रविकांत यादव, एसडीओ मीकाडा फरीदाबाद, रमेश कु. मिश्रा, रेंज वन अधिकारी, कार्यालय डीएफडी, फरीदाबाद, हरिंदर सिंह, एसडीओ (पीआर), फरीदाबाद, जितेंद्र बेरवाल, एसडीओ, वाईडब्ल्यूएस सर्कल, आई एंड डब्ल्यूआरडी फरीदाबाद, आतिश एक्का, आईईसी विशेषज्ञ अटल भुजल योजना, प्रमोद कुशवाहा, भूजल विशेषज्ञ, अटल भुजल योजना आदि मौजूद रहे।


अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव।

### पायनियर पाठकों के लिए
यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



### नज़रिया
**दिनेश रघुवंशी, कवि**

वफा गुम हो गई हैं हर तरफबस नफ़रती मौसम
भरोसा खुद से ज़्यादा कर रहे हैं खादियों में हम
बढ़ेगा देश कैसे आगे इसकी फ़िक्र क्या हमको
सदा उलझे रहेंगे धर्म, भाषा, जातियों में हम

# तिनका-तिनका जेल रेडियो की सिग्नेचर ट्यून लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नीमका** जेल में है एक विशेष गायक उत्तर प्रदेश के 68 वर्षीय गजेंद्र। जिला जेल फरीदाबाद में पहुंचने से पहले वह ऑल इंडिया रेडियो इंदौर, मध्यप्रदेश में गायक हुआ करते थे। जेल में आते समय उन्होंने सोचा था कि यह उनके गायन कॅरियर का अंत होगा, लेकिन उन्हें जो मिला वह किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। आज उन्हें जेल के एक रेडियो सिंगर की पहचान मिली है।

यह पहचान फरीदाबाद जेल रेडियो के लिए उनके द्वारा लिखे और गाए गए सिग्नेचर ट्यून से मिली है। 45 सेकंड का यह गाना सार्वजनिक रेडियो प्रसारण दिवस के अवसर पर तिनका तिनका फाउंडेशन द्वारा तिनका तिनका जेल सुधार के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया था। ये पॉडकास्ट भारत में विशेष पॉडकास्ट हैं जो पूरी तरह से जेल सुधारों के लिए समर्पित हैं। इन्हें डॉ. वर्तिका नंदा एवं जय किशन छिल्लर जेल अधीक्षक फरीदाबाद द्वारा परिकल्पित, लिखित और आवाज दी गई है। गजेंद्र का सिग्नेचर ट्यून तिनका तिनका जेल रेडियो पॉडकास्ट के 33वें पॉडकास्ट में दिखाई दिया। बता दें कि हरियाणा में जेल रेडियो वर्तिका नंदा के दिमाग की उपज है। महानिदेशक कारागार हरियाणा मोहम्मद अकिल द्वारा भी जेल रेडियो को करोना के समय बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव कम करने के लिए बहुत ही अच्छा व उपयोगी माना है।

ये जेल रेडियो जेल सुधार के तिनका मॉडल पर आधारित है। फरीदाबाद जिला जेल का इतिहास: जिला जेल फरीदाबाद को भारत की आधुनिक जेलों में से एक माना जाता है। यह अपने चित्रों, मिट्टी के बर्तनों और कैदियों के अन्य कला और शिल्प कार्यों के लिए जाना जाता है जो हर साल सूरजकुंड मेले में प्रदर्शित होते हैं।

जेल रेडियो फरीदाबाद के बारे में: जिला जेल फरीदाबाद में जेल रेडियो का उद्घाटन 28 जनवरी, 2021 को कारा महानिदेशक के. सेल्वराज, जयकिशन छिल्लर, अधीक्षक और तिनका तिनका फाउंडेशन की संस्थापक वर्तिका नंदा द्वारा किया गया।


जयकिशन छिल्लर को जेल सुधारों की दिशा में उनके असाधारण कार्य के लिए अरविंद कुमार, महानिदेशक, कारागार, मध्य प्रदेश द्वारा वर्ष 2021 का तिनका तिनका इंडिया अवार्ड प्रदान किया गया था। तिनका तिनका इंडिया अवार्ड्स वर्तिका नंदा द्वारा गठित विशेष पुरस्कार है जो जेल के कैदियों और जेल प्रशासकों को सालाना दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों ने कला और रचनात्मकता के उत्सव के 7 साल पूरे कर लिए हैं।


नीमका जेल में तिनका-तिनका जेल रेडियो पर गाना गाते गजेंद्र यादव।


### मृतका की पहचान

दिनांक 30/4/2021 को थाना मुजेसर फरीदाबाद में मुकदमा नम्बर 747 दर्ज किया है। जिसमें मीनाक्षी ने बताया कि उसका पति पवन शर्मा पुत्र प्रभुदयाल शर्मा निवासी मकान नम्बर 149 सेक्टर-23 फरीदाबाद से दिनांक 28/4/2021 को बिना बताये अपने घर से चला गया, जोकि वापस नहीं आया है। उसका हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में मीनाक्षी लिखा है, कद 6 फुट उम्र 36 साल जिसने काले और सफेद रंग की जैकेट और नीले रंग की पैंट पहनी है। इसकी सूचना मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**एसएचओ थाना मुजेसर फरीदाबाद- 9582200131**
**थाना मुजेसर फरीदाबाद-0129-2232610**
**मु. सिपाही मौ. ईरशाद- 7982469966**

### मृतका की पहचान

सेक्टर-31 स्थित पुलिस थाने में मुकदमा नम्बर 6 दिनांक 05/1/2022 को शकिला खातुन पत्नी समीम अंसारी ने मामला दर्ज करवाया है। वह गांव बादाम थाना बडका जिला हजारी बाग झारखंड हाल किरायेदार मकान अजाने गोपाल दास गढ़ी मोहल्ला लैबर चौक सेक्टर-18 से है। उसका बेटा सलमान अंसारी दिनांक 02/1/2022 को फौजी ढ़ाबा 10 नम्बर भट्ठा से कही लापता हो गया। जिसका हुलिया: रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, दुबला पतला शरीर, दिमाग से मंदबुद्धि, कद लगभगढ 5 फीट, 6 इंच है। मुंह के सामने वाला एक दांत टुटा हुआ है। उसने हरे रंग की रगजीन की जैकेट, सफेद रंग की टीशर्ट, नीले रंग की जींस की पेंट व पैरों में काले रंग की प्लास्टिक चप्पल पहले हुए है। पता चलने पर सूचित करे।

**एसएचओ सेक्टर-31, फरीदाबाद 9582200122**
**पीपी सेक्टर-28 फरीदाबाद 9582200140**

### मृतका की पहचान

थाना सारन पुलिस ने दिनांक 24/10/2021 को मुकदमा नम्बर 382 दर्ज किया है। जिसमें पर्वतीया कालोनी मकान नम्बर 4697, गली नम्बर 167, नियर सरस्वती चौक, फरीदाबाद से चांद तारा उम्र 36 साल पत्नी फकरूद्दीन अंसारी अपने दो साथ के बेटे अयान के साथ लापता हो गई है। महिला चांद तारा का हुलिया-रंग सांवला, लंबा चेहरा, शरीर हष्ट पुष्ट और कद करीब 5 फुट है। उसने धीया कलर का सलवार सूट व पैरों में चप्पल पहनी हुई हैं तथा लड़के अयान का हुलिया: रंग सांवला, गोल चेहरा, शरीर मध्यम व कद 2 फुट है, व उसने नीले रंग के हाफ बाजू की टी शर्ट व कच्छी पहनी है। सुरंग मिलने पर सम्पर्क करे।

**पर्वतीया कालोनी चौकी: 0129241954**
**थाना सारन पुलिस: 0129247492**
**परिवार जन: 9971207229**

# बीके: पॉजिटिव के परिजन दे रहे कोरोना को बढ़ावा

कविता। फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में पॉजिटिव पाई जाने वाली महिला मरीजों के परिजन और अस्पताल प्रबंधन की तरफ से बरती जा रही लापरवाही के कारण कोरोना को फैलने का बढ़ावा दिया जा रहा है। अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव महिलाओं और अन्य मरीजों व तीमारदारों द्वारा एक ही शौचालय का इस्तेमाल किया जा रहा है।

ऐसे में यहां कोरोना को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। शहर में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन द्वारा एहतियात बरतने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है।

**ऐसे दे रहे बढ़ावा:** जिले के बीके सिविल अस्पताल में दाखिल दो महिलाओं की 12 जनवरी को कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई थी। जिस पर उन्हें अस्पताल के प्रथम तल पर मौजूद जच्चा-बच्चा वार्ड के कमरा नम्बर 104 कोरोना वार्ड में तब्दील कर दाखिल कर लिया गया था। यहां दो पॉजिटिव महिला मरीजों के साथ उनके परिजन भी उनकी देखभाल करने के लिए मौजूद थे। लेकिन मरीजों के साथ मौजूद परिजन न तो दस्तानों का इस्तेमाल कर रहे थे और न ही कोरोना गाइडलाइन का पालन कर रहे थे। इस दौरान परिजन कई बार बाहर आना जाना करते भी नजर आए।



बीके अस्पताल में भर्ती पॉजिटिव महिलाओं के तीमारदार वार्ड के भीतर घूमते हुए।

**एक ही शौचालय:** अस्पताल के प्रथम तल पर एक ही शौचालय बना हुआ है। जिसका इस्तेमाल जच्चा-बच्चा वार्ड में दाखिल महिलाएं, गर्भवती महिलाएं और बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चें व उनकी देखभाल करने वाले अभिभावकों समेत बच्चों की नर्सरी में भर्ती बच्चों की माताएं इस्तेमाल करती हैं। अब पॉजिटिव मरीज भी इसी शौचालयों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पॉजिटिव मरीजों के लिए अलग शौचालय का इंतजाम करने की जरूरत है।

**अभी एक मरीज दाखिल :** 13 जनवरी, बृहस्पतिवार को इस वार्ड में एक ही महिला भर्ती थी। लेकिन यहां उसके पास ही उसकी एक रिश्तेदार भी उसके साथ मौजूद थी। वह उसके पास बैठी थी। बातचीत के दौरान परिजन ने पॉजिटिव मरीज को मोबाइल भी उसे दे दिया। इसके बाद मरीज की परिजन बच्चों की नर्सरी की तरफ चली गई। ऐसे में महिला की रिश्तेदार यहां से वहां कोरोना को फैलने का काम कर रही थी।

**रोकने का किया प्रयास:** जिले में बढ़ते मामलों को देखते हुए पायनियर संवाददाता की तरफ से इस विषय में जब वहां तैनात कर्मचारियों को बताया तो उन्होंने पॉजिटिव महिला मरीज की रिश्तेदार को वार्ड से बाहर का रास्ता दिखाते हुए उसे सावधानी बरतने की सलाह दी।

# हॉलीडे पैकेज के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

### गिरफ्तार चार आरोपी विभिन्न राज्यों में 55 वारदातों को दे चुके हैं अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हॉलिडे** पैकेज देने के नाम पर बैंक प्रतिनिधि बनकर लोगो से ठगी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को साइबर अपराध थाना ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता मनोज कुमार निवासी जवाहर कॉलोनी से इसी तरह का झांसा देकर 98976 रुपये धोखाधड़ी से हड़प लिये। शिकायतकर्ता मनोज कुमार की शिकायत पर थाना साइबर अपराध ने मामला दर्ज किया था।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम:** आरोपी जस्ट डायल से डाटा खरीदकर बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को एक कस्टमाइस एप के जरिये कस्टमर केयर के नंबर से बैंक प्रतिनिधि बनकर बात करके हॉलीडे पैकेज का झांसा देते थे। कार्डधारक आरोपियों को बैंक की कॉल समझ कर अपनी निजी जानकारी जैसे कि कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर और एक्सपाइरी डेट की जानकारी साझा कर देते। आरोपी उक्त क्रैडिट कार्ड की राशि को अपने बैंक अकाउंट में ट्रान्सफर करते थे।



ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ साइबर क्राइम फरीदाबाद की पुलिस टीम।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने बढ़ते हुए साइबर अपराध के बारे में संज्ञान लेते हुए आरोपियों को पकडने के आदेश दिये थे। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नितीश अग्रवाल के निर्देश पर एसीपी क्राइम सुरेंदर श्योराण की देखरेख में निरीक्षक बसंत कुमार प्रबंधक थाना साइबर अपराध के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक प्रवीन, सहायक उप निरीक्षक दीपक, श्योराज, मुख्य सिपाही भूपेंदर, मुख्य सिपाही अंजू, सिपाही आजाद, अमित, अंशुल कुमार की एक टीम का गठन किया गया। साइबर टीम ने अपने सुत्र व तकनीक का प्रयोग करते हुए उत्तमनगर दिल्ली, कायमगंज फरूखाबाद, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। जिसमें उत्तम सिंह निवासी मोहन गार्डन, उत्तम नगर दिल्ली, तुषार निवासी मोती नगर दिल्ली, मोहम्मद मुबीन अली निवासी अलीगंज, उत्तर प्रदेश और ताज अहमद निवासी कायमगंज, उत्तर प्रदेश शामिल है। पुलिस पूछताछ व जांच के दौरान आरोपियों से पता चला कि वे चार फर्जी बैंक खाते में पिछले छह माह में करीब 65 लाख रुपये का लेन देन कर चुके हैं। आरोपियों द्वारा दिल्ली, एनसीआर में 17, उत्तर प्रदेश में 15, तेलंगान में नौ, महाराष्ट्र में तीन, पश्चिम बंगाल में दो गुजरात, असम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में एक एक और हरियाणा में पांच बारदातों को अंजाम दिया है।

सभी आरोपियों से बरामद मोबाईल से डिटेल प्राप्त करने पर अन्य राज्यों में 55 वारदातों का किया जाना पाया गया है। हरियाणा के पांच मुकदमों में फरीदाबाद का एक, जीन्द व सिरसा का एक एक व करनाल के दो मुकदमें शामिल है। अन्य राज्यों में इन मामलों से सम्बंधित पुलिस थानों को साइबर थाना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वारदात में प्रयोग किए गए 35 हजार रुपये, पीओएस मशीन, फर्जी कागजात बनने में प्रयुक्त एक कांप्यूटर, प्रिंटर, 17 मोवाइल फोन व 18 फर्जी सिम बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# अधिवक्ता परिषद ने मनाया मकर संक्रांति उत्सव




**फरीदाबाद।** अधिवक्ता परिषद जिला फरीदाबाद इकाई द्वारा मकर संक्रांति उत्सव लॉयर चैंबर बिल्डिंग में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के अध्यक्ष केपी तेवतिया विशिष्ट अतिथि जिला बार के महासचिव संदीप पाराशर एवं उपाध्यक्ष दीपू रावत थे

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण विभाग के विभाग प्रमुख एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर संचालक एवं वशिष्ठ अधिवक्ता गोपाल दत्त शर्मा थे। गोपाल दत्त शर्मा ने कहा कि भारत देश की संस्कृति एवं लोक परंपराएं विश्व की अनुपम कृति हैं लोक आस्था एवं लोक विश्वासों ने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांध रखा है मकर सक्रांति भगवान सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण मैं प्रवेश के कारण प्रकाशवृत्ति के प्रतीक एवं समरसता का संदेश देने वाले संक्रमण उत्सव का नाम है।

इस त्योहार लोक आस्था एवं कृषक संस्कृति को समर्पित है। यह त्योहार समाज में आपसी सोह्रदय एवं बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देता है इस कार्यक्रम उसे राष्ट्रवादी कवि सौरव मुद्गल एवं लोक रागनी गायक नंदन कौशिक की रागनियां एवं काव्य पाठ ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के रोहित अरोड़ा, कृपाराम, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोरोना: नए 1106 पॉजिटिव और 255 मरीज हुए नेगेटिव

### अस्पताल में 148 मरीज हैं भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को जिले में 1106 नए संक्रमित मरीज सामने आए है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 7571 पर पहुंच गया है। जिसमें अस्पताल में 148 मरीज भर्ती है। इनमें ऑक्सीजन पर 19 मरीज है। वहीं आईसीयू में 28 मरीजों को रखा गया है और वैंटीलेटर पर 5 मरीजों को रखा गया है। इसके अलावा 7471 मरीज होम आईसोलेशन में है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 255 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिले में पिछले 24 घंटे के भीतर 4353 मरीजों ने जांच करवाई। जिसमें सरकारी में 3861 और निजी अस्पतालों की 1427 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।



कोरोना की जांच करवाते लोग।

### 1106 पॉजिटिव

**जिले** में 1106 पॉजिटिव में सेक्टर-77 से 9, तिगांव से 6, अनंगपुर से 1, सेक्टर-49 से 37, इंदिरा कालोनी से 2, डबुआ कालोनी से 34, सेक्टर-82 से 22, सेक्टर-81 से 9, सेक्टर-84 से 13, सेक्टर-88 से 40, सेक्टर-86 से 44, सेक्टर-78, 76, कालोनी, एनएच-5 से 4-4 मरीज है। सेक्टर-21 से 56, सेक्टर-11 से 9, सेक्टर-10 से 8, सेक्टर-14 से 18, सेक्टर-15 से 36, सेक्टर-13 से 17, सेक्टर-9 से 13, सेक्टर-तीन से 8, सेक्टर-22 से 11, सेक्टर-12, सेक्टर-29 से 14, सेक्टर-7 से 9, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 32, ग्रीन वैली से 5 और अन्य एरियों से 592 मरीज शामिल है।

## जांच में निर्दोष होने पर भी नहीं मिला न्याय

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में कार्यरत शारीरिक शिक्षा विषय के सहायक प्रोफेसर विमल प्रकाश गौतम को पिछले डेढ़ साल से इसी महाविद्यालय में कार्यरत दो लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसके लिए वह उच्चतर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों सहित पुलिस को अनेकों बार गुहार लगा चुके हैं। मगर स्थिति जस के तस बनी हुई है।

विमल प्रकाश ने बताया कि 2021 में एक असोसिएट प्रोफेसर को महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य का चार्ज दिया गया था। जिसके चलते उन्होंने अनेक बार उन्हें प्रताड़ित करने के उद्देश्य से पत्राचार किया और अपनी से झूठी शिकायत करवा कर विमल प्रकाश का तबादला नवम्बर, 2021 में कुरुक्षेत्र करवा दिया था। संबंधित शिकायत पर अम्ल करते हुए दिसम्बर, 2021 में महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा निष्पक्ष जांच करवाई गई, जिसमें विमल प्रकाश को निर्दोष पाया और इनके तबादले की शिफारिश की गई। वर्तमान प्राचार्य डॉ. मोहिंदर कुमार गुप्ता ने भी कई शिकायतें इन दोनों के विरुद्ध विभाग को भेजी हैं।

# होम आइसोलेशन में डॉक्टर की सलाह पर लें दवा मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में शुक्रवार को कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 1106 नए संक्रमित आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 7571 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेश्शन में 7423 मरीज हैं। इन होम आईसोलेशन वाले मरीजों के लिए क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी है। जिसमें उनका का कहना है कि होम आइसोलेशन में मरीज बिना चिकित्सक की सलाह के कोई भी दवा न लें। कोरोना संक्रमित लोगों को होम आइसोलेशन में तीन वर्गों में बांटा गया है।

पहली श्रेणी में बिना लक्षण वाले लोग हैं। दूसरी श्रेणी में हल्के लक्षणों के साथ हाई रिस्क मरीज हैं। हल्के लक्षण वाले हाई रिस्क मरीजों को आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के लिए कहा जाता है। अगर उनमें केवल हल्के ही लक्षण हैं लेकिन हाई रिस्क



डॉ. अनुराग अग्रवाल।

( बुजुर्ग लोग, हृदय, हाई बीपी, शुगर, कमजोर फेफड़ों, किडनी, कैंसर, एचआईवी के मरीज) श्रेणी में आते हैं तो उन्हें होम आइसोलेशन में दवाइयां भी दी जाती हैं। खासकर हल्के लक्षण के साथ हाई रिस्क मरीज जिन्हें कोविड से ज्यादा खतरा हो सकता है, उन्हें एंटीवायरल दवा मोलनुपिराविर दी जा रही है। बिना लक्षण वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की दवाई की सलाह नहीं दी जाती है। तीसरी श्रेणी, जिन लोगों में लक्षण हैं लेकिन हाई रिस्क मरीज नहीं हैं, उन्हें लक्षण के आधार पर ही दवाइयां दी जाती हैं जैसे बुखार के लिए क्रोसिन या कैलपोल और ताकत की गोलियां (विटामिन सी, विटामिन बी 12, विटामिन ई, विटामिन डी) दी जाती हैं।

## 757 लीज सपत्तियां नीति के दायरे में

**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम कि वितीय स्थिति को सृदृढ़ करने की कड़ी में एक नया कदम उठाया। निगम के कांफ्रेस हाल में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना छह जनवरी के द्वारा एक निति अधिसूचित की थी।

जिसके द्वारा स्थानीय निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में 20 वर्षो की अवधि से अधिक पट्टे/किराये पर उन भूमियों को जिसका कब्जा निकाय के पास न होकर अभी तक ऐसे व्यक्तियों के पास ही है, को निहित शर्तो पर बिक्री करने के लिये कार्यवाही करने बारे आदेश दिए गए थे। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 1757 लीज़ की सपतिया कथित नीति के दायरे में आती है। निगमायुक्त ने आगे बताया कि नीति के अन्तर्गत योग्य व्यक्तियों द्वारा निर्धारित अवधि से 3 महीने के भीतर यानि के 31.10.2021 तक नगर निगम में ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक था जिसके बारे निगम् स्तर व्यापाक प्रचार किया गया।

# महापुरुषों के स्मारकों और पार्कों में चलाया सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने हाल ही में हुई बैठक में बागवानी विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों को निगम क्षेत्र में स्थित सभी पार्कों एवं स्मारकों जो कि स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में रखे गए हैं। उनकी साफ-सफाई एवं सौन्दयीकरण करवाने के साथ-साथ विभिन्न बागवानी कार्य जैसे कि घास की कटाई, पेड़ों की छंटाई एवं फूल पौधों की गुड़ाई आदि को विशेष रूप से करवाने के निर्देश दिए थे।

इस उद्देश्य के लिए नगर निगम क्षेत्र में स्थित 30 स्थलों को चिन्हित किया गया तथा इसके लिए अलग-अलग टीमों का भी गठन किया गया। इसके अन्तर्गत आज निगमायुक्त आयुक्त यशपाल यादव ने कई उद्यानों एवं ऐतिहासिक स्थलों का स्वयं निरीक्षण किया जिनमें विशेषकार सेक्टर 17 एवं 19 के उद्यानों, श्री लाल बहादुर शास्त्री चौक पर स्थित श्री रणवीर सिंह हुड्डा उद्यान, हरी मंदिर उद्यान एवं राजीव गांधी उद्यान का दौरा किया एवं सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने श्री लाल बहादुर शास्त्री और श्री रणवीर सिंह हुड्डा जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



सेक्टर-17 स्थित रणवीर सिंह हुड्डा पार्क का निरीक्षण करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

निगमायुक्त ने कुछ उद्यानों का रख रखाव ठीक नहीं पाए जाने पर कार्यकारी अभियंता एवं अन्य अधिकारियों को इसे ठीक करने का निर्देश दिया और अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

गीता मंदिर मार्ग के साथ लगे हुए ट्यूबवेल में अनधिकृत बैठे हुए व्यक्तियों को बाहर निकालने के निर्देश भी जारी किये गये तथा इसके साथ में बह रही सीवर के बारे मे सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता को स्पष्टीकरण देने के बारे में आदेश किए गए। वहीं निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सेक्टर 16 के अंदर भवन मालिक द्वारा ग्रीन बेल्ट को नुक़सान पहुँचाने एवं मलवा फैलाने की वजह से उसका चालान भी करवाया गया और अवैध निर्माण को जांचने के निर्देश भी दिए गए।

ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाने एवं सरकारी सम्पत्ति का अनाधिकृत उपयोग करने के लिए भी उसके खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। निगमायुक्त ने भारत विकास परिषद के द्वारा सेक्टर 17 में प्लास्टिक के उपयोग से बनाए गए एक छोटे से उद्यान का निरीक्षण किया।

## मंदिरों में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से लोग परेशान

**फरीदाबाद।** नहरपार वार्ड नंबर 23 और 24 के लोग इस समय मंदिरों में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से परेशान है पिछले 5 महीने में तकरीबन 15 से 20 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। जहां पर चोरों ने या तो मंदिर का घंटा खोल लिया या फिर दानपेटी तोड़कर पैसे ले गए या फिर मूर्तियां चोरी हुई इनमें से कुछ घटनाओं के बारे में पुलिस को सूचित तो किया गया जबकि कुछ घटनाएं पुलिस के संज्ञान में नहीं आई।

हालांकि पुलिस को खबर करने के बाद भी अभी तक चोरों का कोई पता नहीं चला है। ऐसा ही एक वाकया 13 जनवरी 2022 की रात को सूर्य विहार पार्ट 2 शनि देव मंदिर नियर दीक्षा पब्लिक स्कूल में हुआ। रात को तकरीबन 11:15 बजे चोर मंदिर के मुख्य दरवाजे से कूदकर मंदिर में प्रवेश किया। मंदिर की दान पेटी को तोड़कर उसने सारे पैसे निकाले वापस आया और मंदिर के मुख्य दरवाजे से ना जाकर बगल में लगी दीवार को फांद कर भाग गया।

# जरुरतमंदों को कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य: सिंगला



ओल्ड फरीदाबाद स्थित पथवारी मंदिर में गरीबों को कंबल वितरित करते कांग्रेसी नेता लखन सिंगला।

**फरीदाबाद।** हर वर्ष की भांति इस बार भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ओल्ड फरीदाबाद स्थित पथवारी मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सिंगला, चंद्रप्रकाश सिंगला और टीटू मंगला के संयोजन में भव्य कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद रोहित सिंगला और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नितिन सिंगला मौजूद रहे। कार्यक्रम में 500 से ज्यादा गरीब व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने कहा कि कडक्ड़ाती ठंड में गरीबों व जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित करना पुण्य का कार्य होता है और हिन्दू संस्कृति में मकर संक्रांति जैसे पावन पर ऐसे ने कार्य करने से मनुष्य को आत्मिक शांति का अनुभव होता है।

उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में साधन सम्पन्न लोगों को जरूरतमंदों व गरीबों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी गरीब व जरूरतमंदों का कुशलक्षेम जाना और उन्हें प्रसाद भी वितरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मण सभा ने फल और कपड़े वितरित किए



मकर संक्रांति पर फल वितरित करते ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा।

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-16ए लेबर चौक पर मकर-संक्रांति के उपलक्ष में फल कपड़े जरुरतमंदों को वितरित किए। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ये सनातन धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन सूर्य नारायण दक्षिण से उत्तर में प्रवेश करते हैं छह महीने दक्षिण व छह महीने उत्तर में रहते हैं। उत्तरायण शुभ मुहूर्त माना जाता है। आज के दिन जो भी कार्य होते हैं वह शुभ माने जाते हैं व जो रूठे हुए हो। उन्हें मनाया जाता है हम भी ये पर्व गंगा स्नान के उपरांत मनाते थे, परन्तु कोरोना की वजह से सामान्य रूप से मनाया है। इस अवसर पर कर्ण पाराशर इंजिनियर, रंजन शर्मा, आशीष शर्मा, रामजीलाल, चन्द्रशेखर शर्मा, रोहित शर्मा, समीर शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान : सीजेएम चौबे

**फरीदाबाद।** सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में पैनल अधिवक्ताओं ने डोर टू डोर जागरूकता अभियान की गति को करते हुए लोगों को नालसा, हालसा और डालसा की विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डालसा के अधिवक्ताओं ने जागरुकता अभियान के दौरान सेक्टर- 40 में लोगों को कोविड -19 वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के लिए उचित सावधानी बरतने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि इसके अलावा मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक जागरूकता अभियान को मूल अधिकार के बारे में व्हाट्सएप जागरूकता पर वर्चुअल तरीके से जोड़ा गया था। इन गतिविधियों के माध्यम से 395 लोग लाभान्वित हुए। जहां पर पैनल अधिवक्ता अर्चना गोयल, रविंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, भागीरथ शर्मा, पीएनबी नरेंद्र शामिल रहे।



सेक्टर 40 में लोगो को कोरोना के प्रति जागरूक करते डालसा के पदाधिकारी।

### जिले में 11120 को लगाया जा चुका कोरोना रोधी टीका

**फरीदाबाद।** जिले में 11120 नागरिकों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें बुस्टर डोज जिले में हेल्थ केयर वर्कर्स में 469 ने लगवाई। वहीं फ्रंट लाईन वर्कर्स में 25 ने बुस्टर डोज लगवाई। इसके अलावा 60 प्लस आयुवर्ग में बुस्टर डोज 646 ने लगवाई। वहीं 15 प्लस आयुवर्ग के बच्चों में 2123 ने कोरोना से बचाव के लिए प्रथम डोज लगवाई। इसके अलावा 18 प्लस आयुवर्ग में 5692 लोगों ने डोज लगवाई। इसके अलावा 45 प्लस आयुवर्ग में 2165 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया।



कोरोना का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

### वायु प्रदूषण से निपटने को ई-वाहनों पर सरकार दे रही जोर

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे यशवीर डागर ने आज जवाहर कालोनी में टीवीएस बाइक शोरूम का रिबन काटकर विधिवित रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर शोरूम के चेयरमैन डा. महेंद्र डेयरी वाले ने उनका यहां पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता यशवीर डागर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार ने 15 साल पुराने पेट्रोल व 10 साल पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है वहीं इलेक्ट्रोनिक वाहनों की खेप भी बाजार में उतारी है। उन्होंने कहा कि केद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की सोच है कि देश में बिजली से चलने वाले वाहनों को ज्यादा से ज्यादा सडकों पर उतारा जाए, जिससे कि वायु प्रदूषण में कमी आए और इन वाहनों पर खपत भी कम ही रहेगी। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से वार्ड नंबर एक के युवा भाजपा नेता मुकेश डागर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश बिष्ट, प्रवीन शर्मा, सुरेंद्र तेवतिया, सत्यभान शर्मा, लोकेंद्र बिष्ट सहित अनेकों मौजिज लोग मौजूद थे।



जवाहर कालोनी में बाइक के शोरूम का रिबन काट कर शुभारंभ करते यशवीर डागर।

### युवा सप्ताह के दौरान प्रतिभागिता दिवस का आयोजन

**फरीदाबाद।** युवा सप्ताह के तीसरे दिन प्रतिभागिता दिवस का आयोजन खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से संजय कॉलोनी में स्थित बीएमडी कॉन्वेंट स्कूल में करवाया गया। कार्यक्रम जज्बा फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं कोविड-19 था। कार्यक्रम के दौरान उचित सामाजिक दूरी, मास्क आदि कोरोना से बचाव के नियमों का पालन किया गया। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की सुनीता ने बताया कि जिला स्तर पर फरीदाबाद में युवा दिवस/युवा सप्ताह का आयोजन विभिन्न संस्थाओं एवं युवा क्लबों के माध्यम से किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवनादर्श से प्रेरित करना है। आज प्रतिभागिता दिवस स्कूल के बच्चो के साथ मानने का उद्देश्य युवाओं में प्रतिभागिता से संबंधित है। इस अवसर पर जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट, जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा, गौरव, जय एवं बीएमडी कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या शैली शर्मा तथा अध्यापिकाएं शमां, मीनाक्षी एवं पूजा जी मौजूद रहे।



### बच्चों को वर्दी और जर्सी बांटकर मनाई मकर संक्रांति

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति बाल शिक्षा सेल के सौजन्य से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सरकारी स्कूल सेक्टर 10 के 51 बच्चों को वर्दी, जर्सी, टाई, बेल्ट, गजक मूंगफली बिस्कुट के पैकेट प्रदान किए गए। समिति के सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन पर आयोजित इस कार्यक्रम में इस स्कूल के 15 से 18 साल के बच्चों को वैक्सीन भी लगाई गई। महिला मंडल की चेयरमैन उषाकिरण शर्मा के मार्गदर्शन में बाल शिक्षा सेल की संयोजक सीमा मंगला, संरक्षक राज राठी, भारत विकास परिषद संस्कार शाखा की सचिव विनीता गुप्ता व आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने की मुहिम शुरू

### प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के आग्रह पर ओपी धनखड़ ने जूट के बैग लांच कर की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** में सुधार की दिशा में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से एक बार फिर से अभियान शुरू किया गया है। कपड़े के थैले वितरित करके लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिए जागरुक किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के आग्रह पर कोविड प्रोटोकॉल के बीच इस अभियान की विधिवत शुरुआत शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने की।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने कपड़े का थैला प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को सौंपते हुए इस अभियान का श्रीगणेश किया। थैले पर जागरुकता के स्लोगन-हम सबके लिए है जरूरी-सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी..। आओ नई अलख जगाएं-गुरुग्राम को स्वच्छ बनाएं..। हम सबने ठाना है-गुरुग्राम को सफाई में देश के टॉप-10 शहरों में लाना है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि देश को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार व्यापक पैमाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग पर्यावरण बचाने की दिशा में अपने गठन से ही लगातार काम कर रहा है। संगठन ने पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश में काम किया है। कपड़े के थैलों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के प्रति जागरुकता का अभियान काबिले तारीफ है।


सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करके कपड़े के थैले अपनाने के अभियान की शुरुआत करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, साथ में नवीन गोयल।

#### हमारे जीवन के लिए घातक है यह प्लास्टिक

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि विभाग का यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह प्लास्टिक हमारे जीवन के लिए घातक है। सिंगल यूज प्लास्टिक में ऐसा केमिकल पाया जाता है, जो ना सिर्फ इंसानों, बल्कि पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने बताया कि पॉलीथीन तो 400 साल तक नष्ट नहीं होती।

## जनता को हर सुविधा उपलब्ध कराना ही प्राथमिकता: सुधीर सिंगला


गुरुग्राम के पटेल नगर में लोगों से मुलाकात करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को पटेल नगर गली नंबर-3 में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए। पटेल नगर गली नंबर-3 में बिजली संबंधी समस्या लोगों ने बताई।

उन्हें अवगत कराया गया कि यहां पर बिजली की तारें काफी नीचे हैं, जिस कारण यहां लोगों में भय रहता है। खतरा रहता है। इसलिए तारों को ऊंचा करवाया जाए। साथ ही यहां एक नया खंभा भी लगाया जाए। विधायक सुधीर सिंगला ने तुरंत ही बिजली विभाग के एक्सईएन को इस समस्या से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द समाधान के आदेश दिए। इसके अलावा अन्य लोगों द्वारा रखी गई समस्याओं को भी उन्होंने सुना और निराकरण किया।

इस अवसर पर विनायक शर्मा, दीपक सिंगला, मनीष पार्षद, सुनील यादव, अमित गोयल, आरपी सिंह, कपिल अग्रवाल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि वे क्षेत्र में लोगों से मुलाकात के लिए आए हैं। इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका समाधान किया है। उन्होंने कहा कि जनता को सुविधा देना ही उनकी प्राथमिकता है। दोपहर तक उन्होंने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। इनमें सेक्टर-56 की तरफ पानी की समस्या थी।

## मार्डन कांवेंट स्कूल में लोहड़ी व मकर संक्रांति की रही धूम

**सोहना।** सोहना खंड के नयागांव मारूति कुंज के श्याम कुंज स्थित मार्डन कान्वेट स्कूल प्रांगण में लोहड़ी उत्सव व मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में वर्चुअल तरीके से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के निर्देशक अमित तुंदवाल के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रेम कुंज के अध्यक्ष श्योचंद मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रेम कुंज के अध्यक्ष श्योचंद तथा युवा समाजसेवी अमित तुंदवाल ने उपस्थितों को लोहड़ी व मकरसंक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि ये दोनों ही त्योहार हर्ष, उमंग व सदभाव के प्रतीक हैं। लोहड़ी शब्द लोहिणी से बना है, जिसका तात्पर्य वर्षा होना व फसलों का फूटना है। उन्होंने देहाती भाषा में प्रचलित एक लोक पंक्ति को गुनगुनाते हुए कहा कि अगर लोहड़ी के समय वर्षा ना हो तो कृषि को नुकसान होता है। मनुष्य की जिंदगी में तीज-त्योहार, हर्ष और उमंग का वातावरण बनाते है। लोहड़ी पर देर रात तक ढोलक की आवाज ढोल के फड़कते ताल, गिददों, भगड़ों की धमक और गीतों की आवाज देर रात तक सुनाई देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मकर संक्रांति पर ठाकुर रतिराम फाउंडेशन ने बांटे कम्बल


गुरुग्राम के गांव वजीरपुर में कंबल वितरित करते ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** ठाकुर रतिराम फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर वजीरपुर गांव में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। यहां 450 लोगों को कम्बल दिए गए। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व पर गरीबों की सेवा करने के उद्देश्य से ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के निदेशक राजेश चौहान ने बताया कि फाउंडेशन समय-समय पर असहाय लोगों की जरूरत पर काम करता रहता है। इसी कड़ी में कम्बल वितरण किया गया। समाज के ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी हर तरह से मदद करना ही इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है। भविष्य में भी समाजसेवा का यह कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों, जरूरतमंदों की सेवा में संस्थाओं को सदैव आगे रहना चाहिए। सर्दी के मौसम में वंचित लोगों की सहायता करनी चाहिए। गर्म वस्त्र आदि देकर उन्हें सम्मानित करके सर्दी से बचाने की दिशा में काम करें। इस अवसर पर वजीरपुर गांव के सरपंच प्रदीप, प्रमोद चौहान, मनोज शर्मा, हर्ष चौहान एवं कंवर सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने लोहड़ी व प्रियंका का जन्मदिन मनाया: लोहिया

**सोहना।** यहां पर कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी बढ़ेरा के जन्मदिवस को युवा शक्ति दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सोहना विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन लोहिया मौजूद रहे। कांग्रेस नेता सचिन लोहिया ने उपस्थितों को लोहड़ी व मकरसंक्रांति पर्व के साथ-साथ गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई दी और कहा कि आज देश दोबारा से कांग्रेस की तरफ निहार रहा है। भाजपा की सरकार जुमले वाली सरकार बनकर रह गई है। भाजपा ने चुनावों में जो वादे किए थे, उन वादों के विपरीत जनविरोधी नीतियां बनाई जा रही है। जिससे आज आमजन त्राहि-त्राहि कर रहा है। छत्तीस बिरादरी के लोग परेशान हैं। कांग्रेस नेता सचिन लोहिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया और कहा कि 56 इंच चौड़ा सीना होने का दावा करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार में सरहद पर जितने जवान शहीद हुए हैं, उतने कांग्रेस राज में 40 वर्षों में भी नहीं हुए थे। उन्होंने भाजपा सरकार को डींग का पिटारा और जुमले वाली सरकार बताकर खिल्ली उड़ाते हुए कहा कि देश को सही मायने में कांग्रेस पार्टी ही चलाने में पूरी तरह सक्षम है। कांग्रेस के नेताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए शहादत दी है।

### एसडीएम ने बूस्टर डोज लगवाकर अभियान की शुरुआत की



**सोहना।** नागरिक अस्पताल के तत्वावधान में एसडीएम और तहसील परिसर में बूस्टर डोज लगान के लिए कैंप लगाएं गए। शुक्रवार को एसडीएम ने स्वयं को बूस्टर डोज लगाकर अभियान की शुरुआत की। शुक्रवार को फ्रंट लाइन कर्मचारी और अधिकारियों को लगने वाली कोरोना की बूस्टर डोज अभियान में एसडीएम व तहसील कार्यालय में कैंप लगाएं गए। जहां पर एसडीएम व तहसील कार्यालय में तैनात कर्मचारी और अधिकारियों ने बूस्टर डोज लगवाई। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने स्वयं सबसे पहले बूस्टर डोज का टीका लगवाते हुए अभियान की शुरुआत की। उसके बाद यहा पर तैनात कर्मचारियों ने बूस्टर डोज का टीका लगवाया। तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार लच्छीराम का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण बूस्टर का टीका दो से तीन दिन के लिए टाल दिया। तहसील कार्यालय में अन्य कर्मचारी समेत अधिवक्ता, अजनवीस आदि ने टीका लगवाया। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि टीका नियमित रुप से अभियान चलाकर लगाएं जा रहे है। बूस्टर डोज से पहले पहली और दूसरी डोज के टीका लगवाना हर नागरिक को जरुरी है। कोरोना की बीमारी को हराने के लिए सबसे बड़ी उपाय यही है। टीका न लगवाने वालों को भविष्य में सरकार के आदेशानुसार लाभार्थ वाली योजनाओं से दूर होना पड़ सकता है। वर्तमान समय में सरकार के आदेशानुसार सर्वजनिक स्थानों पर जाना, बस या रेल में यात्रा करने पर भी पाबंदियां लगती जा रही है।

### बिना अतिक्रमण हटाए बैरंग वापस लौटा दस्ता

**सोहना।** अतिक्रमण हटाने वाले मसले पर मार्किटकमेटी प्रशासन और स्थानीय व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी आमने-सामने हो गए। इस मौके पर अतिक्रमण हटाने को लेकर अतिक्रमण हटाओ दस्ते के प्रभारी और स्थानीय व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी में जमकर कहासुनी हुई। जिसके चंद देर बाद ही फोन खटकने शुरू हो गए और अतिक्रमण हटाओ दस्ता बिना अतिक्रमण हटाए वापस बैरंग लौट गया। व्यापारी नेता ने आरोप लगाया कि अधिकारी अतिक्रमण हटाने के नाम पर आम जनमानस के बीच सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। पहले ही व्यापारी तबका कोरोना की तीसरी लहर और मंदे की मार से जूझ रहा है तो मार्केकमेटी प्रशासन हाथरेहड़ी, पटरी, ठेली वालों को हटाकर उनके पेट पर लात मारने का काम कर रहा है।

## साइबर कैफे, पीजी में रुकने वालों का रिकॉर्ड हो दुरुस्त

**गुरुग्राम।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर गुरुग्राम के जिलाधीश एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग ने जिला में साइबर कैफे संचालकों, पीजी, गेस्ट हाउसेज, होटलों, हाउस ऑनरर्स और अन्य कार्यालयों को अपने यहां आने वाले किराएदारों, नौकरों, विजिटरों व मेहमानों का रिकॉर्ड उनके आईडी प्रूफ के साथ रखने के आदेश दिए हैं।

दंड प्रक्रिया अधिनियम की धारा 144 के तहत किए गये निषेधाज्ञा के ये आदेश जिला गुरुग्राम में 20 जनवरी से लेकर 26 जनवरी 2022 तक प्रभावी रहेंगे। इन आदेशों में जिला में सार्वजनिक स्थानों पर लाइसेंसी हथियार धारकों को हथियार लेकर चलने पर भी पाबंदी लगायी गयी है। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## किसान सम्मान योजना: आज पंजीकरण की अंतिम तिथि

### मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना के तहत दिए जाएंगे पुरस्कार

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत प्रगतिशील किसानों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट पर स्वयं का पंजीकरण कराना होगा, जिसकी शनिवार को अंतिम तिथि है।

डीसी डॉ. यश गर्ग ने बताया कि कृषि फसलों की उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के साथ-साथ पानी की बचत, फसल अवशेष प्रबंधन, जैविक खेती, एकीकृत कृषि प्रणालियों व टिकाऊ कृषि जैसी नवीनतम तकनीकी को अपनाने वाले किसानों को इस योजना के तहत पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रगतिशील किसान मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना के तहत पुरस्कार प्राप्त करने के लिए 15 जनवरी, 2022 तक कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जिला स्तर पर मिलेगा चार किसानों को सम्मान


**उन्होंने** बताया कि प्रगतिशील किसानों को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रुप में पांच लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में दो किसानों को तीन-तीन लाख रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के लिए पांच किसानों को एक-एक लाख रुपये नकद प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिला स्तर पर भी किसानों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय श्रेणी में सभी 22 जिलों से चार-चार किसानों को पुरस्कार दिया जाएगा।

## राजेश गुलिया बने पर्यावरण विभाग के प्रदेश सह-संयोजक

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष से मंत्रणा करके पार्टी में सक्रिय युवा नेता राजेश गुलिया को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा का सह-संयोजक नियुक्त किया है।

प्रदेश सह-संयोजक बने राजेश गुलिया ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, विभाग प्रमुख नवीन गोयल, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ समेत प्रदेश के शीर्ष नेताओं का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे सदा खरे उतरेंगे। पार्टी की मजबूती के साथ पर्यावरण में सुधार की दिशा में निरंतर काम करेंगे। प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के मार्गदर्शन में वे गुरुग्राम समेत प्रदेश में विभाग के कार्यों को पूरी तनमयता के साथ करेंगे।

## कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार, रेंगते हुए चले वाहन


सोहना की सड़कों पर शुक्रवार को कोहरे के कारण धीरे चलते वाहन।

**सोहना।** शुक्रवार को छाए कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दी। गुरुवार की देर रात से शुरु हुआ कोहरा शुक्रवार की सुबह 11 बजे तक रहा। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियां हुईं।

इस वर्ष की सर्दी के मौसम में गुरुवार की देर रात से कोहरे ने अपना रूप दिखाना शुरु कर दिया। कोहरे ने सड़कों पर फर्राटें भरने वाले वाहनों की गति को ब्रेक लगा दी। वाहन चालकों को कोहरे में काफी परेशानियां हुई। रात भर वाहन सड़कों पर रेंग-रेंग कर चलते रहे। कोहरे का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्र में रहा। जहां पर दो कदम सामने का रास्ता तक नजर नहीं आ रहा था। ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर किसानों को अपने खेत से घर व घर से खेतों पर वाहन लेकर जाते तथा आने में परेशानियां हुई।

### सर्दी की ठिठरन रही कम

**कोहरा** पड़ने से शुक्रवार को सर्दी की ठिठरन कम रही। पिछले तीन दिन से हाड़कंपा देने वाली सर्दी पड़ने से लोगों को खांसी, जुखाम व बुखार होने से बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

## चारा दान देकर मनाया संक्रांति पर्व


गुरुग्राम के पालम विहार स्थित कामधेनु गोशाला में चारा व अन्य सामान भेंट करते पंजाबी बिरादरी महासंगठन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** मकर संक्रांति पर्व हमारी संस्कृति एवं परम्पराओं से जुड़ा है। इस दिन दान-दक्षिणा भी देने की प्रथा है। इसी प्रथा को निभाते हुए पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने 18 मंदिरों में देसी घी निर्मित खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

अपनी पंजाबी संस्कृति एवं सभ्यता और भाईचारे का सन्देश भेजा और पंजाबियत को बरकरार रखने के लिए युवा वर्ग को एकता का सन्देश दिया। खिचड़ी वितरण का कार्यभार अनिल कुमार ने संभाला। इस कार्यक्रम में ब्रिज खन्ना ने आर्थिक सहयोग किया। शहर के प्रसिद्ध मंदिरों के अलावा पालम विहार स्थित कामधेनु गौशाला में जाकर पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में वहां चारा, गुड़ और रोजमर्रा में दी जाने वाली गायों की खाने की एक लाख रुपये की सामग्री दान दी। इस अवसर पर बिजनेसमैन ओम कथूरिया, प्रसिद्ध आर्य समाजी कन्हैया लाल आर्य, केन्द्रीय सनातन धर्म सभा के प्रधान सुरेन्द्र खुल्लर, संगठन के महा मंत्री रामलाल ग्रोवर, सीबी मनचंदा, यदुवंश चुग, एम कुमार, विजय बाटला, सुभाष डुडेजा, रामकिशन गांधी, विकास आर्य, धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, राजकुमार कथूरिया आदि उपस्थित रहे।

## बिना मास्क चालान काटने का अभियान कछुआ गति से रेंग रहा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** नगर परिषद और पुलिस का मास्क न लगाने वालों के खिलाफ चालान काटने का अभियान धीमी गति से चल रहा है। एक दिन में मात्र 10 से 15 चालान काटे जा रहे हैं। जबकि शहर के बाजारों में उमड़ रही भीड़ में 40 से 50 फीसदी ग्राहक व दुकानदार मास्क का उपयोग नहीं कर रहे है।

शहरी क्षेत्र में कोरोना की तीसरी लहर ओमीक्रोन का प्रकोप भले ही कम असरदार है, लेकिन कोरोना नियमों की 50 फीसदी लोग ही पालना कर रहे है। शहर में मास्क न लगाने वालों के चालान पुलिस और नगर परिषद सयुक्त रुप से चला रही है।


बिना मास्क वालों के चालान काटते सोहना के नगर परिषद के कर्मचारी।

लेकिन यह अभियान धीमी गति से चल रहा है। क्योकि एक दिन में 10 से 15 चालान ही काटकर खानापूर्ति की जा रही है।

**बाजार में उमड़ रही है भीड़** : सुबह 4 बजे शुरु होने वाली सब्जी मंडी से लेकर सायं 6 बजे तक शहर के बाजारों में लोगों की भीड़ पूर्व की भांति उमड़ रही है। शहर में भीड़ के होते हुए जाम लगने का माहौल आज भी नहीं बदला है। इस भीड़ में 40 से 50 फीसदी लोग मास्क का उपयोग नहीं कर रहे है। जिसमें दुकानदार भी मास्क न लगाने वालों में शामिल है।

> “ **मास्क** न लगाने वालों को जागरुक किया जा रहा है। चालान काटने से ज्यादा आम लोगों को कोरोना नियमों के प्रति जागरुक करना जरूरी है। धीरे-धीरे चालान काटने की संख्या में भी बढ़ोत्तरी की जाएगी।
> **उमेश कुमार**
> **( सिटी थाना प्रभारी )**

## कोरोना की तीसरी लहर पड़ रही परीक्षाओं पर भारी

**सोहना।** नया वर्ष शुरू होते ही कोरोना के मामलों में भी तेजी से रफ्तार देखी जा रही है।

इस दौरान स्कूलों की पढ़ाई और परीक्षाओं पर सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। इतना ही नही वर्ष-2020 और वर्ष-2021 की फाइनल परीक्षाओं के साथ-साथ बोर्ड परीक्षाओं पर भी कोरोना का जबरदस्त प्रभाव पड़ा। देखा जाए तो हर वर्ष हरियाणा बोर्ड समेत सीबीएसई और आईसीएएसई बोर्ड में मिलेनियम सिटी के दसवीं व 12वीं कक्षा के करीब-करीब 40 हजार विद्यार्थी परीक्षाएं देते हैं, लेकिन पिछले दो वर्षों से अलग-अलग शिक्षा बोर्ड की तरफ से ली जाने वाली 10वीं-12वीं की परीक्षाएं भी नहीं हो पाई हैं।

## आलिया भट्ट है ‘मेड ऑफ प्राइड’

### ब्लेंडर्स प्राइड ने एक नई आकर्षक कैंपेन फिल्म में पेश किया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ब्लेंडर्स** प्राइड एक आकर्षक कैंपेन फिल्म मेड ऑफ प्राइड के साथ आलिया भट्ट का नए ब्रांड फेस के रूप में स्वागत करता है।

यह कैंपेन फिल्म आलिया के कभी न थकने और कभी हार न मानने वाले रवैये और खुद का एक अलग व्यक्तित्व बनाने के प्राइड को प्रदर्शित करती है। वह चकाचौंध करने वाली रोशनी की चुभन का मुकाबला करती हैं, वह चुनौतियों का प्रतीक हैं और सफलता की राह में लगातार आलोचना का सामना करते हुई आगे बढ़ती हैं और सफलता हासिल करती हैं। अपने मजबूत इरादे और लगातार कुछ नया करने की धुन वाली यह एक्टर वास्तव में ब्रांड की फिलॉसफी को पेश करती है, जो इस बोल्ड एवं सशक्त कैंपेन के साथ एक नया मोड़ ले रही है। अपनी कैटेगरी में अग्रणी ब्लेंडर्स प्राइड, प्राइड को लेकर इस नए और दमदार के साथ एक बार फिर एक बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। ब्रांड एक ऐसी नई आवाज के साथ एक नए सफर की शुरुआत कर रहा है, जो वायब्रेंट, एस्परेशनल और आधुनिक है। ब्लैक एंड व्हाइट इमेजरी से आकर्षक रंग में बदलाव ब्रांड के लिए एक नया कदम है, लेकिन इसके बाद भी यह अपनी प्रीमियम छवि को बरकरार रखता है। फिल्म की कहानी के जरिये, आलिया दर्शकों से कहती हैं कि, वाच आउट! आई एम हेयर तो स्ले, हिट मी विथ योर ब्राइटेस्ट लाइट। आई विल स्टेयर बैक। आई एम मेड ऑफ प्राइड। यह 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैंपेन टीवी, डिजिटल, प्रिंट और ओओएच में दिखाई देगा।



इस घोषणा के बारे में बताते हुए, पर्नोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, आलिया भट्ट की आज की युवा आइकन और हमारे फिल्म उद्योग में सबसे प्रतिभाशाली सितारों में से एक बनने की कहानी उन्हें ब्लेंडर्स प्राइड के हमारे नए ब्रांड एंबेसडर के लिए निस्संदेह सबसे अच्छा विकल्प बनाती है। हमारा नया कैंपेन आलिया के दमदार और मजबूत व्यक्तित्व को पेश करते हुए अपना एक खास मुकाम बनाने के गौरव का जश्न मनाता है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कहा, मैं ब्लेंडर्स प्राइड का फेस बनकर रोमांचित हूं और इस प्रभावशाली फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं जो मेड ऑफ प्राइड की कहानी को खूबसूरती से पेश करती है।

अभियान पर अपनी बात रखते हुए, लोव लिंटास के चीफ क्रिएटिव आफिसर प्रतीक भारद्वाज कहते हैं, कि कैंपेन प्राइड और सक्सेस के बीच संबंधों को फिर से परिभाषित करता है। ब्लेंडर्स प्राइड के लिए, ट्रू प्राइड सिर्फ सफलता का परिणाम नहीं है। इसके बजाय, सफलता को संभालने के लिए यह एक शर्त है।

## राजपथ पर हरियाणवी खिलाड़ियों का इस साल दिखेगा जलवा

### दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी हरियाणवी खिलाड़ियों की झांकी

### ठीक पांच साल बाद शामिल हो रही है हरियाणा की झांकी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**दुनियाभर** में अपनी पहलवानी व अन्य खेलों के माध्यम से डंका बजा चुका हरियाणा इस बार नई दिल्ली में राजपथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में अपना जलवा दिखाएगा। ओलम्पिक में पदक विजेता हरियाणवीं खिलाड़ी गणतंत्र दिवस पर झांकी में शामिल होंगे। यानी राजपथ से हरियाणा एक बार फिर से अपनी खेल प्रतिभाओं को प्रदर्शित करेगा।

हरियाणा की ओर से गणतंत्र दिवस परेड के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार हरियाणा की थीम खेल पर ही रखी गई है। खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जिस तरह से देश की शान बढ़ाई है, दुनियाभर में हमारे खिलाड़ी दमदार भूमिका में सामने आए हैं। टोक्यो ओलम्पिक खेलों में जब पदकों के लिए भारत तरस रहा था तो हरियाणा के खिलाड़ियों ने ही पदकों की तालिका को आगे बढ़ाया।


वर्ष 2015 में गणतंत्र परेड में शामिल गुरुग्राम के सुल्तान बर्ड सेंचुरी की झांकी।

यहां तक कि भाला फेंक में खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीतकर दुनिया के सामने दिखा दिया कि हम सिर्फ पहलवानी ही मजबूत नहीं हैं, बल्कि बाकी खेलों में भी मजबूत हो रहे हैं। ओलम्पिक में पदक विजेता नीरज चोपड़ा के अलावा बजरंग पूनिया, रवि दहिया समेत अन्य खिलाड़ी गणतंत्र दिवस परेड पर प्रदेश की झांकी में सवार होकर दुनिया को दिखाएंगे कि हम किसी से कम नहीं। हरियाणा के खिलाड़ियों के राजपथ पर प्रदर्शन से देश के अन्य खिलाड़ी भी प्रेरित हों, यह प्रदेश और देश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

**खेतों से शुरू हो जाती है पहलवानी** : हरियाणा के खेतों से लेकर नामी पहलवानों द्वारा संचालित किए जा रहे अखाड़ों में 10 साल से लेकर युवा पहलवानी करते नजर आते हैं। जब से अंतरराष्ट्रीय खेलों में हमारे पहलवानों ने मेडल लाने शुरू किए हैं, तब से तो कुश्ती का क्रेज बच्चों, युवाओं में काफी बढ़ गया है। देसां मैं देस हरियाणा जित दूध दही का खाणा की कहावत वाला हरियाणा पहलवानों की खान बन चुका है। पहलवान सिर्फ कुश्ती ही नहीं, बॉक्सिंग व अन्य खेलों में भी अपनी प्रतिभा दुनिया को दिखा रहे हैं। खेल चाहे राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) हों, एशियन हों या फिर ओलम्पिक, हर चैम्पियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ी मेडल जीतकर आते हैं।


वर्ष 2017 में गणतंत्र परेड में शामिल हरियाणा की बेटी बचाओ बेटी पढाओ थीम की झांकी।

**श्रेष्ठ खिलाड़ी होंगे झांकी में सवार** : हरियाणा की झांकी में मेडल विजेता खिलाड़ी तो खड़े होकर जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे, वहीं पहलवान कुश्ती लड़ते नजर आएंगे। दौलताबाद स्थित पवनपुत्र अखाड़े के कोच राजेश ने बताया कि यहां से दो पहलवानों के नाम व कागजात भेजे गए हैं। फिर वे झांकी में कुश्ती करके दिखाएंगे।

**वर्ष 2015 में सुल्तान बर्ड सेंचुरी की थी झांकी:** राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड में वर्ष 2015 में 66वें गणतंत्र दिवस समारोह में भी प्रकृति को प्रदर्शित करती हरियाणा की झांकी ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया था। गुरुग्राम के गांव सुल्तानपुर के पास बर्ड सेंचुरी राष्ट्रीय उद्यान की थीम पर यह झांकी थी। विशालकाय पेड़ों पर पक्षियों के झुंड नजर आए थे। देशी-विदेशी पक्षियों की शरणस्थली सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी में हर साल विदेशी पक्षियों का आना लगा रहता है।

Good Morning!

# मेवात पायनियर पलवल

5

हरियाणा, शनिवार, 15 जनवरी, 2022 • नूंह • नगीना • फिरोजपुर-झिरका • तावडू • पिनगवां • पुन्हाना • पृथला • होडल • हसनपुर • हथीन ई-पेपर www.pioneerhindi.com

# लूट की नीयत से कैंटर वाहन के टायरों पर की फायरिंग

### चालक-परिचालक बोले, रिपीटर नाका चौकी में गए तो वहां भी मारपीट हुई

### कहा, फायरिंग करने वाले लोग पुलिस जवानों के अलावा गोरक्षा दल के सदस्य भी संभव

**रिजवान कासिम। मेवात**



रिपीटर नाका चौकी पर क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी आयशर कैंटर गाड़ी।

**आयशर** कैंटर गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने लूट की नीयत से फायर कर सभी टायरों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। जान बचाकर जब गाड़ी के चालक व परिचालक रिपीटर नाका चौकी में गए तो वहां भी उनके साथ मारपीट की गई। नूंह पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर इस संबंध में मामला दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ताओं को शक है की लूट की नीयत से उनकी गाड़ी के टायरों पर फायरिंग करने वाले लोग पुलिस जवानों के अलावा गोरक्षा दल के सदस्य भी हो सकते हैं, लेकिन अभी यह जांच का मामला है। जांच के बाद ही दूध का दूध और पानी का पानी हो पाएगा, लेकिन सर्दी व धुंध बढ़ने के साथ ही वाहन लूट की घटनाओं में इजाफा शुरू हो गया है। देखने वाली बात यह है कि पीड़ित पक्ष आरोप लगा रहा है कि रिपीटर नाका चौकी पर भी उनके साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट की, जबकि जांच अधिकारी का मानना है कि रिपोर्टर नाका पुलिस चौकी की वजह से ही चालक व परिचालक लूट की घटना से बच गए।

जानकारी के मुताबिक बावल की तरफ से आयशर कैंटर गाड़ी नूंह जिले के टपकन गांव आ रही थी। रास्ते में आयशर कैंटर गाडी का अन्य गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने पीछा किया। आरोप है कि न केवल उन्होंने लोहे के कांटेदार वस्तु को उनकी गाड़ी के टायरों के नीचे पटकने की कोशिश की बल्कि फायरिंग कर उनके टायरों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे तकरीबन दो लाख रुपये का नुकसान उनको हुआ है। गनीमत रही कि अरावली पर्वत की ऊंचाई पर भी चालक का नियंत्रण बना रहा, वर्ना गहरी खाई में आयशर कैंटर गाड़ी गिर सकती थी और जानमाल का भारी नुकसान हो सकता था। पीड़ित पक्ष के मुताबिक कैंटर गाड़ी में पेंट का सामान भरा हुआ है, जिसे लेकर वह देर रात तकरीबन दो-तीन बजे अपने गांव टपकन जा रहे थे। उसी दौरान उनके साथ यह हादसा हुआ।

नूंह पुलिस ने पत्रकारों को बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि लूट की नीयत से इस तरह की घटना हुई है। पुलिस ने नाके के अलावा पेट्रोलिंग तथा 112 इआरवी गाड़ी की व्यवस्था आमजन की सुरक्षा के लिए रात्रि के समय लगाई हुई है। कुल मिलाकर पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और तहकीकात में जुट गई है।

# हथियार के बल पर पांच लाख 50 हजार रुपये लूटे

### तावडू बिलासपुर रोड पर लूट होने से लोगों में दहशत

**तावडू।** तावडू-बिलासपुर रोड पर तमंचा के बल पर एक व्यक्ति से 5 लाख 50 हजार रुपये लूटने वे उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक नामजद सहित चार अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पीड़ित नरेंद्र कुमार निवासी गांव पातली तहसील फर्रूखनगर जिला गुरुग्राम ने बताया कि उसने अपने दोस्त धर्मेन्द्र निवासी गांव डिंगरहेडी थाना तावडू से करीब तीन महीने पहले ब्याज पर छह लाख रुपये उधार लिए थे। जिन्हें लौटाने के लिए गत 13 जनवरी को मोटरसाइकिल पर सवार होकर पीड़ित गांव डिंगरहेडी जा रहा था, जब वे तावडू-बिलासपुर रोड पर गांव कलवाडी के निकट पहुंचा तो एक बोलेरो गाड़ी उसके पास आकर ठहरी। उसमें सवार अज्ञात लोग उतर कर उसके पास आए और बोले, गुरुग्राम डीआरओ कार्यालय में डीसी रेट पर लगे कर्मचारी कर्मवीर के खिलाफ सीएम विंडो में जो शिकायत आपने दी हुई है, उसे वापस ले लो, अन्यथा तुझे अंजाम भुगतना पड़ेगा। पीड़ित ने बताया कि जब तक वे कुछ समझ पाते बदमाशों ने उसके उपर तमंचा तान दिया और बदमाशों ने उससे पहनी हुई लेदर की कोटी की चैन खोलने के लिए बोला, जैसे ही उसने कोटी की चैन खोली, तो हथियार के बल पर उसके 5 लाख 50 हजार रुपये लूटकर बदमाश फरार हो गए।

घटना की सूचना उसने 112 नंबर पर पुलिस को दी, सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश भाग निकले। पीड़ित नरेन्द्र कुमार का आरोप है कि आरोपी कर्मबीर ने उसे मरवाने की नीयत से यह साजिश रची है। जिसकी वजह से पीड़ित व उसका परिवार डरा व सहमा है। पुलिस से पीड़ित ने अपनी जान माल की सुरक्षा करने की गुहार भी लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चोरी के 24 घंटे में ही पकड़ा आरोपी बाइक चोर



**पुन्हाना।** सिटी चौकी पुलिस ने बाइक चोरी होने के 24 घंटे बाद ही बाइक चोर को बाइक सहित पकड़ने में कामयाबी पाई है। पुलिस ने बाइक चोर के कब्जे से दो अन्य चोरी शुदा बाइक भी बरामद की हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुनहाना सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बीती 13 जनवरी को पुन्हाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव फलेंडी निवासी चूहा उर्फ गोकुल पुत्र आसीन चोरी की बाइक सहित घूम रहा है। सूचना पाकर पुलिस ने तुरंत नाकेबंदी कर चूहा उर्फ गोकल को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने दो अन्य चोरी की वारदातों को भी कबूला। जिसके बाद आरोपी की निशानदेही पर दो अन्य चोरी की बाइक भी बरामद की गई जोकि नूह व दिल्ली से चोरी की गई थी। सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया गया है।

### अवैध निर्माण के आरोप में दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कला राजस्व क्षेत्र में अवैध निर्माण करने के आरोप में जिला नगर योजनाकार अधिकारी की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने एक मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अगली कार्रवाई करने में जुटी हुई है। नूंह जिला योजनाकार अधिकारी के मुताबिक खोरी कला निवासी, राम सिंह और धर्मबीर ने खोरीकलां के राजस्व क्षेत्र में बगैर एनओसी लेकर कृषि योग्य भूमि पर अवैध रूप से निर्माण किया। वहीं उन्होंने कृषि योग्य भूमि को व्यवसायिक प्रयोग में लेकर विभाग और सरकार को गुमराह करने के साथ नियम कायदों का जमकर उल्लंघन किया। इन भू माफियाओं को विभाग द्वारा कई बार नोटिस देकर अवगत कराया लेकिन यह विभाग के नोटिस को नजरअंदाज करते रहे। नगर योजनाकार अधिकारी के मुताबिक दोनों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई। नूंह पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तावडू सदर थाना पुलिस ने लंबी जांच के बाद इन दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गत बुधवार को भी इसी तरह के एक मामले में एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अमीषा रही तृतीय स्थान पर

**होडल।** कन्या महाविद्यालय खरखोदा में 12 को नेशनल यूथ डे के उपलक्ष में स्टेट लेवल ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई महाविद्यालयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। राजकीय महाविद्यालय होडल की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अमीषा ने ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार ओझा ने बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अमीषा का उत्साह बढ़ाया और ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि अमीषा ने महाविद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है।

### गोवंश सहित वाहन और चालक पकड़ा

**तावडू।** उपमंडल के धुलावट टोल प्लाजा सीलखो से गो रक्षा दल ने तस्करी के आरोप में दो गोवंश सहित एक वाहन व चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। सदर थाना पुलिस मुकदमा दर्ज जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तावडू गो रक्षा दल ने गुप्तचर द्वारा मिली सूचना के मुताबिक उपमंडल के धुलावट टोल प्लाजा से दो गोवंश से भरे एक वाहन और उसके चालक को पकड़ लिया। गो रक्षा दल सदस्यों के मुताबिक वाहन में भरे दोनों गायों को चालक तस्करी कर राजस्थान के सारे कला ले जाने वाला था। पकड़े गए वाहन चालक ने पूछताछ में अपनी पहचान मजनेश उर्फ सोनू निवासी निवासी तिलपट्ट थाना पल्ला फरीदाबाद बताई। सदर थाना पुलिस ने बरामद गोवंश को गोशाला भेज कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### रिलायंस पेट्रोल पंप ने फ्यूल फॉर यू सुविधा की शुरुआत

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 919 पर गांव शिकारपुर के नजदीक स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप द्वारा फ्यूल फॉर यू सुविधा की शुरुआत की गई है। सुविधा के मुताबिक घर बैठे ऑनलाइन आर्डर करने पर आपको डीजल ईंधन उपलब्ध होगा। दावा है कि इस सुविधा से समय की बचत के साथ मार्केट रेट पर ही डीजल उपलब्ध होगा। पेट्रोल पंप के मालिक रामपाल यादव ने बताया कि शुक्रवार को फ्यूल पंप पर स्टेट ऑपरेशन मैनेजर हेम पांडे के द्वारा फ्यूल फॉर यू सुविधा का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि इस सुविधा से क्षेत्र के किसानों और उद्योगों को लाभ मिलेगा। क्षेत्र में बड़े किसान जिनके पास डीजल से चलने वाली बड़ी-बड़ी मशीन है डीजल खत्म होने पर उन्हें पेट्रोल पंप पर लाने के बजाय ऑनलाइन ऑर्डर बुक करने पर बताए गए स्थान पर ही मार्केट रेट पर डीजल उपलब्ध हो सकेगा। इससे उनका समय भी बचेगा। इसी प्रकार क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और वेयरहाउस में जनरेटर सहित आदि प्रकार की बड़ी मशीनें होती हैं, जिनके लिए डीजल की जरूरत होती है। कंपनी कर्मचारी इनको संचालित करने के लिए ड्रम भर कर डीजल ले जाते हैं, फ्यूल फॉर यू सुविधा के मुताबिक कंपनी द्वारा उन्हें सीधे उनके उद्योग और वेयरहाउस में मार्केट रेट पर ही डीजल उपलब्ध कराया जाएगा। तावडू उपमंडल के बिलासपुर रोड पर बड़ी संख्या में विभिन्न विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों के बड़े-बड़े वेयर्स वेयरहाउस हैं तो क्षेत्र में किसानों के पास अलग-अलग प्रकार की मशीनरी भी हैं, जिन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में दिक्कत भी रहती है। कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञों के मुताबिक सुविधा का लाभ लेने के लिए अपने मोबाइल या कंप्यूटर से घर बैठे ही रेल फ्यूल लॉग इन कर आप डीजल की डिलीवरी का ऑर्डर बुक कर सकते हैं।

**पायनियर क्लासीफाइड**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511637/2/02 पर रिक्त स्थान है। किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे राजेश मलिक परमिला देवी ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन संख्या 060297722 किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदकों के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदकों के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

**आवेदक**
**राजेश मलिक पुत्र करतार सिंह-परमिला देवी**
**पत्नी राजेश मलिक**
**निवासी तावडू, जिला नूंह**

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

# होडल: श्रीमद्भागवत कथा में मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

**कैलाश मंगला। होडल**



मकर संक्रांति पर गायों की पूजा करती देवी चित्रलेखा।

**करमन** बॉर्डर स्थित देवी चित्रलेखाजी के सानिध्य में बीमार पशुओं के लिए नि:शुल्क संचालित गो सेवा धाम हॉस्पिटल में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा एवं श्रीराधा चरितामृत कथा के द्वितीया दिवस के मध्य में मकर संक्रांति का त्योहार शुक्रवार को बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।

इस अवसर पर गोमाताओं को गुड तिल के लड्डू, मीठा दलिया, गरम गरम औटि, हरा चारा, ताजी सब्जियां खिलाकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। गौसेवा धाम में बाहर से आए भक्तों ने गोमाता को गरम कम्बल ओढ़ाए, साथ ही यहां कार्य कर रहे सेवकों को भी मिठाई, तिल के लड्डू, मूंगफली आदि वितरित कर इस त्योंहार की बधाई दी।यहां चल रही कथा में देवी चित्रलेखा ने श्रीराधा रानी के चरित्र का वर्णन किया और साथ ही मकर संक्रांति के पावन त्योहार के बारे में बताते हुए कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार, सूर्य के उत्तरायन होने पर मनाया जाता है। भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में मकर संक्रांति के पर्व को अलग-अलग तरह से मनाया जाता है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्रांति पर बेहद महत्व है।

# 112 पुलिस सेवा शुरू होने के बाद थानों में कम हुआ शिकायतों का बोझ

### ईआरवी गाड़ी महज 10-12 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचने से अपराध घटे

**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**



पत्रकारों के साथ बातचीत करते सुरेंद्र सिंह एवं सुधीर तनेजा डीएसपी।

**हरियाणा** पुलिस ने जब से आमजन को राहत देने के लिए 112 ईआरवी गाड़ी की सुविधा दी है, तब से थानों में छोटी- मोटी शिकायतों का बोझ कम हुआ है। इतना ही नहीं छोटे झगड़ों से बड़े झगड़ों को होते हुए भी, अब कम देखा जा रहा है क्योंकि महज 10-12 मिनट में ईआरवी गाड़ी घटनास्थल पर पहुंच जाती है।

जिससे ना केवल झूठी शिकायतों का तत्काल निपटारा हो जाता है बल्कि झगड़े बड़ा नहीं हो पाते। नूंह जिले कि 112 इआरवी गाड़ी को बेहतर सेवा देने के लिए राज्य स्तर पर इनाम मिल चुका है, तो जिले के नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह डीएसपी तावडू को भी प्रदेश स्तर पर इसी सेवा की वजह से सम्मान मिला है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुरेंद्र सिंह डीएसपी तावडू ने कहा कि सरकार ने सैकड़ों गाड़ियां सड़कों पर उतारी हैं, उन्होंने कहा कि मेवात जिले में 20 ईआरवी गाड़ियां मिली हैं। हर थाने को दो-दो गाड़ियां दी गई हैं। 10-12 मिनट में यह गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच जाती है।

# उपमंडल के गणमान्य लोग पीस कमेटी बनाएं: डीएसपी

### शांति व्यवस्था के लिए डीएसपी ने ली गणमान्य लोगों की बैठक

**सहादत खान। फिरोजपुर झिरका**



**क्षेत्र** में शांति बनाए रखने व अपराध पर काबू पाने के लिए फिरोजपुर झिरका के डीएसपी सतीश कुमार वत्स ने उपमंडल के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर पीस कमेटी बनाने अपील की।

इस दौरान बैठक में लोगों से उनके सुझाव साझा किए। डीएसपी सतीश कुमार वत्स ने बताया कि क्षेत्र में अमन शांति बनाए रखने के मकसद से उच्च अधिकारियों के आदेश पर थाना स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है। पीस कमेटी का काम इलाके में सभी समुदायों के बीच आपसी भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करना है। अगर कभी भी क्षेत्र में कोई ऐसी घटना होगी या जिससे शांति भंग होने का खतरा हो तो ऐसे में यह कमेटी प्रशासन, पुलिस और लोगों के बीच आपसी तालमेल से शांति बनाने में सहयोग करेगी।

# दो गाड़ियों से बरामद किया एक क्विंटल 37 किग्रा गांजा

### पुलिस ने पकड़े युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया

**कैलाश मंगला। होडल**



गाड़ियों में से बरामद किए गए गांजे को तोलते पुलिस कर्मी।

**होडल** व पलवल सीआईए पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट नाका लगाकर दो वाहनों से एक क्विंटल से अधिक नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। घटना की सूचना मिलते ही होडल डीएसपी सज्जन सिंह भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर ड्यटी मजिस्ट्रेट के रूप में नायाब तहसीलदार प्रेम प्रकाश मौजूद रहे। पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ तीन युवकों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

होडल सीआइए प्रभारी जंगशेर ने जानकारी में बताया कि पलवल सीआइए पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पलवल जिले में नशीला पदार्थ (गांजा) की तस्करी करने वाले छत्तीसगढ से गाड़ियों में भारी मात्रा में गांजा लेकर हरियाणा सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। करमन बॉर्डर पर नाका लगाकर वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी।

जैसे ही गांजा से भरी गाडियां पुलिस नाके पर पहुंची वैसे ही पुलिस ने दोनों सिफ्ट व बुलेरो गाड़ी को चेकिंग के लिए रोक लिया। दोनों गाडियों की चेकिंग की तो पुलिस ने दोनों गाड़ियों में से एक क्विंटल 37 किलो 940 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने इस नशीले पदार्थ के साथ गांव विघावली पलवल निवासी हरवंश, गांव धतीर निवासी उमेद व गांव कलसाडा निवासी ज्ञान सिंह को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में होडल के नायब तहसीलदार प्रेम प्रकाश को भी मौके पर बुला लिया।

# पंजाबियों ने धूमधाम से मनाई लोहड़ी

**पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका**



लकड़ियों के ढेर में अग्नि देते पंजाबी समाज के लोग।

**हर** वर्ष की भांति गत वर्ष भी 13 जनवरी को लोहड़ी के पर्व के उपलक्ष्य पर धूमधाम के साथ लोहड़ी का त्योहार मनाया। आपको बताते चलें कि लोहड़ी का यह पर्व समस्त हिंदुस्तान में मनाया जाता है, हालांकि पंजाब प्रांत में ज्यादा प्रचलित है।

इसी कड़ी में गढ़ अंदर में स्थित रघुनाथ मंदिर के परिसर में पंजाबी समाज के लोग एकत्रित हुए और लकड़ियों का ढेर लगाया गया। तत्पश्चात नगर पूर्व चेयरमैन अर्जुन देव चावल ने लोहड़ी माता की जयघोष के साथ लकड़ियों में अग्नि दी और पुजारी मुरारी लाल शर्मा ने सभी लोगों का तिलक किया। इसी क्रम में पंजाबी समाज की महिलाओं ने मूंगफली, रेवड़ी, गजक, तिल, मक्के की खील के साथ लोहड़ी माता की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि सभी लोगों के घर में सुख समृद्धि का वास हो और सुख शांति बनी रहे।इस अवसर पर सभी लोग डीजे व ढोल नगाड़े की धुन पर थिरकते नजर आए और लोहड़ी पर्व के उपलक्ष पर लोगों ने घरों में तैयार किए गए स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया तथा लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं रामलीला कमेटी के प्रधान राजकुमार चुटानी ने बताया कि भारत त्योहारों का ही देश माना जाता है। उन्हीं त्योहारों में से एक लोहड़ी का त्यौहार है।

जिसे पूरे भारतवर्ष में इस पर्व को पारंपरिक तौर पर फसल की कटाई और नई फसल के बुआई से जुड़ा हुआ है। लोहड़ी की अग्नि में रवि की फसल के तौर पर तिल, रेवड़ी, मूंगफली, गुड़ आदि चीजें अर्पित की जाती हैं। मान्यताओं के अनुसार, इस तरह सूर्य देव व अग्नि देव के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है कि उनकी कृपा से फसल अच्छी होती है और आनी वाली फसल में कोई समस्या न हो। साथ ही यह त्योहार परिवार में आने वाले नए मेहमान जैसे नई बहू, बच्चा या फिर हर साल होने वाली फसल के स्वागत के लिए मनाया जाता है।

इस मौके पर पूर्व पार्षद संजय बत्रा, यश चावला, लक्की चावला, भव्य गाबा, जतिन बुसरी, यशपाल भटेजा, बाबा लोकनाथ, मुकेश मनचंदा, विजय गाबा रोहित काफी संख्या में पंजाबी समाज के महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# रोजगार विभाग ने 28 को आयोजित किया ऑनलाइन जॉब फेयर

**नूंह।** रोजगार कार्यालय नूंह द्वारा 28 जनवरी को ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन जॉब फेयर इवेंट को रोजगार विभाग के एचआरईएंडडॉटगोवडॉटइन पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है।

रोजगार मेले के बारे में जानकारी देते हुए जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेले का आयोजन वर्चुअल तरीके से ऑनलाइन किया जा रहा है ताकि प्रार्थी रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि वर्चुअली आयोजित होने वाले रोजगार मेले में भाग लेने के लिए प्रार्थी 21 जनवरी तक रोजगार विभाग के पोर्टल एचआरईएंडडॉटगोवडॉटइन पर अपनी लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार विभाग में पंजीकृत सभी नियोजक 24 जनवरी तक अपनी लॉग इन आईडी से आवश्यकता अनुसार रिक्तियां अपलोड करते हुए इस जॉब फेयर में भाग ले सकते हैं।

# अधिवक्ता के खिलाफ मामला दर्ज, आक्रोश



कोर्ट परिसर में हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता।

**पायनियर समाचार सेवा। होडल**

**गांव** खिरबी निवासी अधिवक्ता व उसके पिता के खिलाफ गांव के सफाई कर्मचारी की शिकायत पर होडल थाना पुलिस द्वारा 28 दिसंबर 2021 को दर्ज किए गए मारपीट व छेडछाड के मामले का विरोध जताते हुए शुक्रवार को अधिवक्ता कामकाज ठप कर हड़ताल पर रहे।

होडल बार एसोसिएशन के साथ-साथ हथीन व पलवल बार एसोसिएशन के अधिक्ता भी उनके समर्थन में हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने यहां पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर मामले को रदद कराने की मांग की है। अधिवक्ताओं की हडताल के कारण कोर्ट परिसर में होने वाले कार्य पूरी तरह से प्रभावित रहे। होडल थाना पुलिस ने 28 दिसंबर को गांव खिरबी निवासी सफाई कर्मचारी रतन की शिकायत पर गांव के पूर्व सरपंच पति महेंद्र व उसके बेटे अधिवक्ता जीतराम के खिलाफ मारपीट, छेडछाड व जाति सूचक शब्द कहने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। अधिवक्ता व उसके पिता के खिलाफ दर्ज हुआ मामला जब होडल बार एसोसिएशन के समक्ष पहुंचा तो अधिवक्ता ने इस मामले की विरोध किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# मौर्य का इस्तीफा

## सपा को वरीयता

**राजनीति** का खेल एक शक्तिशाली पिछड़े वर्ग के नेता को उत्तर प्रदेश में 2022 में गेमचेंजर साबित कर सकता है। इस समय अपने द्वारा उठाए दो कदमों के कारण स्वामी प्रसाद मौर्य सुर्खियों में हैं। पहला, उन्होंने भाजपा तोड़ दी तथा दूसरा उन्होंने 14 जनवरी को सपा में शामिल होने का वादा किया है। इस घटनाक्रम के बारे में केवल एक सवाल पूछा जा सकता है। इसका संबंध इस बात से नहीं है कि भाजपा इस झटके से उबरने के लिए क्या करेगी। सवाल यह है कि क्या उत्तर प्रदेश की राजनीति पिछड़े वर्गों की एक चुनावी एकजुटता तथा उस पार्टी से मुकाबला स्वीकार करने के लिए तैयार है जो जातीय पहचानें धुंधली करने के लिए धार्मिक विचारधारा का प्रयोग करती है। कम से कम कागजी तौर पर मौर्य की कार्रवाई में अनेक ओबीसी जातियों को यादव प्रभुत्व वाली समाजवादी पार्टी से जोड़ने की क्षमता है। वे मजबूत समर्थन आधार वाले नेता हैं। मौर्य, कुशवाहा समाज के कुछ हिस्से, यादव, लोध व कुर्मी संख्याबल के विचार से महत्वपूर्ण ओबीसी समुदाय हैं। उनका भाजपा से इस्तीफा सभी ओबीसी जातियों में ऐसे समय एक संदेश देता है जब दो बड़े प्रतिद्वंद्वी भाजपा और सपा छोटे ओबीसी समुदायों के साथ एक गठबंधन बनाने में व्यस्त हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी की क्षमता पर ध्यान केन्द्रित रहेगा कि वह यादवों और गैर-यादव ओबीसी के बीच कारगर गठबंधन बनाने में कहां तक सफल होती है। सपा नेता अखिलेश यादव अपना समर्थन आधार यादवों और मुसलमानों से आगे ले जाना चाहते हैं। लेकिन केवल इच्छा ही उस समय तक काफी नहीं होगी जब तक वे गैर-यादव समुदायों को पार्टी के सर्वोच्च पदानुक्रम में स्थान देने को तैयार न हो जाएं।



हालांकि, अब समग्र सामाजिक गठबंधन बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं बचा है, पर यदि ऐसा होता है तो यह मंडल युग के बाद पहली बार होगा कि सभी पिछड़ी जातियां एक समान मंच पर साथ आएंगी। आने वाले चुनावों का अर्थ नए गठबंधन सहयोगियों के बीच वोटों का पूर्ण हस्तांतरण होगा, लेकिन जमीनी स्तर पर व्याप्त व्यापक मतभेदों के कारण ऐसा होना आसान नहीं है। इन मतभेदों से निपटने पर ही निर्भर होगा कि वे कितना मजबूत भाजपा-विरोधी आधार तैयार करने में सफल होते हैं। मौर्य के तस्वीर में आने से पहले अखिलेश गठबंधन सहयोगियों के बीच सुपरिचित व परंपरागत गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे थे। वे कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी की कीमत पर आगे बढ़ते दिख रहे थे। उन्होंने सफलता के लिए मुसलमानों को समर्थन के संकेत दिए थे ताकि उनके वोट न बंटने पाएं। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल के एक हिस्से, ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव समाज पार्टी, महान दल और जनवादी पार्टी-सोशलिस्ट से समझौते किए थे। अखिलेश अपने गठबंधन को शरद पवार की रांकापा तथा ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ जोड़ कर एक राष्ट्रीय स्वरूप देना चाहते हैं। दोनों को एक-एक सीट दी जा सकती है। लेकिन वास्तव में 2014 के बाद वे पहली बार मौर्य के कारण सीधे भाजपा को नुकसान पहुंचा कर लाभ उठा सकते हैं। शायद इसी कारण मौर्य और पार्टी छोड़ने वाले दो भाजपा विधायकों ने अखिलेश के सामाजिक न्याय विमर्श को साझा करते हुए भाजपा पर उसके धार्मिक ध्रुवीकरण के बजाय 'दलितों, पिछड़ों, किसानों, बेरोजगार नौजवानों तथा छोटे व मझोले व्यापारियों' की अनदेखी का आरोप लगाया है।

# स्वामी विवेकानंद की असाधारण बुद्धिमत्ता

**नैतिक, आदर्शात्मक व मानवीय मूल्यों में क्षरण से मुकाबला करने के लिए चरित्र निर्माण तथा मूल्य समाहित करने की प्रक्रिया पुन: सीखनी जरूरी है।**



**जेएस राजपूत**
(लेखक शिक्षा व सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)



केवल स्वामी विवेकानंद के नाम का उल्लेख करने भर से युवा और वृद्धों में समान रूप से ऊर्जा का संचार हो जाता है। इस ग्रह पर अपने केवल चार दशकों के जीवन में उन्होंने वैश्विक मंच पर 'सच्चे भारत' की तस्वीर पेश की। संभवत: उन्होंने ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से 'भारतीयता' को भी परिभाषित किया। उन्होंने अतीत को समझा, वर्तमान का विश्लेषण किया तथा भविष्य के लिए उचित रणनीति निर्धारित की। विचारों की शक्ति और कल्पना करने की क्षमता ने हर खोजी युवा के मन में उनके दर्शन का आधार तैयार कर दिया। उनके दर्शन का महत्व इसी बात में है कि उन्होंने सबको प्रेरित किया जिसमें शिक्षक तथा सीखने वाले दोनों थे। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति मूलत: वही सीखता है जिसे वह मूलत: स्वयं 'खोजता या उद्घाटित करता' है। ऐसा तब होता है जब कोई व्यक्ति अपनी आत्मा पर पड़े आवरण को हटाता है। उन्होंने यह कह कर सबकी आत्मा में ऊर्जा भर दी कि शिक्षा, सीखने और वंचितों को आगे बढ़ाने के मूलाधारों को एक आधारभूत शिक्षा सिद्धान्त पर जोर देना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'शिक्षा व्यक्ति में पहले से मौजूद उत्कृष्टता को अभिव्यक्ति देने का माध्यम है।' कोई सीखने वाला कभी भी उनके द्वारा अभिव्यक्त ज्ञान के स्रोत को इनकार कर सकता है। उन्होंने कहा था, 'दुनिया ने अब तक सारा ज्ञान मस्तिष्क से प्राप्त किया है जो हमारे मन में सारे ब्रह्मांड का पुस्तकालय है। सेब के जमीन पर गिरने ने न्यूटन को एक संकेत दिया था जिसके बाद उन्होंने स्वयं अपने मस्तिष्क का अध्ययन किया। उन्होंने अपने मन में पहले से उपस्थित सभी विचारों का पुन: संयोजन किया। इस प्रकार न्यूटन ने एक नया विचार खोजा जो गुरुत्वाकर्षण नियम के रूप में हमारे सामने आया।'

वास्तविक शिक्षाशास्त्र की कोई आफलाइन या आनलाइन या हाइब्रिड प्रक्रिया इस लक्ष्य को उस समय तक नहीं प्राप्त कर सकती है जब तक प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने भीतर उपस्थित खजाने को निकालने पर अनिवार्य रूप से जोर न दिया जाए। कोई भी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में देख सकता है कि स्वामी विवेकानन्द के स्वर्णिम विचार और दृष्टिकोण कैसे छात्रों में अपने प्रति आत्मविश्वास भर देते हैं और वे अपने बारे में ज्यादा खोज करने के लिए प्रेरित होते हैं। स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षकों और छात्रों, दोनों से उम्मीद की थी कि वे ज्ञान की सच्ची खोज में पवित्रता को स्थान देंगे तथा उन गुणों को बढ़ावा देंगे जो दृढ़ता के साथ अपने भीतर उपस्थित ज्ञान को खोज कर उसे उत्कृष्टता प्रदान करने में सहायक हो सकें। इसी प्रकार शिक्षक को यह अवश्य जानना चाहिए कि 'अब तक वास्तव में किसी ने किसी को कुछ सिखाया नहीं है, बल्कि सभी लोगों ने स्वयं सीखा है। बाहरी शिक्षक केवल एक संकेत देता है जो आंतरिक शिक्षक को चीजों को समझने में सहायक सिद्ध होता है। इसके बाद चीजें हमें ज्यादा स्पष्ट हो जाती हैं, हमारी समझने और विचार करने की क्षमता बढ़ती है तथा हम अपनी आत्माओं को बेहतर समझने में सफल होते हैं।' इस संबंध में इक्कीसवीं शताब्दी में शिक्षा को स्वरूप देने वाली यूनेस्को की 1996 की रिपोर्ट का संदर्भ दिया जा सकता है। डेलोर्स कमीशन रिपोर्ट के नाम से लोकप्रिय इस रिपोर्ट में स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन को उसके शीर्षक-'अपने भीतर का खजाना खोजें' में ही देखा जा सकता है। खोजों और उद्यमिता पर लगातार जोर देने वाले इस समय में आलोचनात्मक सोच तथा विश्लेषणात्मक कौशल को शिक्षा संस्थानों में केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब शिक्षक और छात्र अपनी शिक्षाशास्त्रीय रणनीतियों का स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए आंतरिक आयामों के अनुसार पुन: उन्मुखीकरण करें। स्वामी विवेकानन्द ने बार-बार जोर दिया था कि केवल सूचनायें प्राप्त करना ही शिक्षा नहीं है। उनके अनुसार, असली शिक्षा 'जीवन का निर्माण करने वाली, मनुष्य का निर्माण करने वाली, चरित्र का निर्माण करने वाली तथा विचारों का समन्वय होती है।'

> **स्वामी विवेकानन्द के स्वर्णिम विचार और दृष्टिकोण कैसे छात्रों में अपने प्रति आत्मविश्वास भर देते हैं और वे अपने बारे में ज्यादा खोज करने के लिए प्रेरित होते हैं। स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षकों और छात्रों, दोनों से उम्मीद की थी कि वे ज्ञान की सच्ची खोज में पवित्रता को स्थान देंगे तथा उन गुणों को बढ़ावा देंगे जो दृढ़ता के साथ अपने भीतर उपस्थित ज्ञान को खोज कर उसे उत्कृष्टता प्रदान करने में सहायक हो सकें।**

शिक्षा चरित्र का निर्माण करती है, मस्तिष्क की शक्ति बढ़ाती है, बुद्धि का विस्तार करती है तथा किसी को भी अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए तैयार करती है। इसकी सभी जगह समान रूप से स्वीकार्यता है और केवल इसे सच्ची भावना से क्रियान्वित करने का मुद्दा बचता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 सीखने वालों में समग्र विकास को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहती है, 'नीति का दृष्टिकोण सीखने वालों में अपने भारतीय होने के प्रति गहरे गौरव को समाहित करना है। ऐसा न केवल विचार में, बल्कि भावना, बुद्धि व कार्यों में भी होना चाहिए। इसके साथ ही ऐसे ज्ञान, कौशल, मूल्यों व अनुशासनों का विकास होना चाहिए जो मानवाधिकारों, टिकाऊ विकास तथा जीवन व वैश्विक बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता को बढ़ावा दें। इस प्रकार हम वास्तव में सच्चे विश्व नागरिक तैयार कर सकेंगे।' वर्तमान समय में जारी नैतिक, आदर्शात्मक व मानवीय मूल्यों में क्षरण से मुकाबला करने के लिए चरित्र निर्माण तथा मूल्य समाहित करने की प्रक्रिया पुन: सीखनी जरूरी है। इसका पुन: उन्मुखीकरण चरित्र निर्माण, मूल्यों को समाहित करने तथा उसे आंतरिक रूप से ग्रहण करने पर होना चाहिए। केवल ऐसा करने से ही बहु-प्रतीक्षित वैश्विक शांति और सद्भावना का विकास होगा, हिंसा में कमी आएगी तथा युद्धों में बहुत ज्यादा निवेश करने से मुक्ति मिलेगी। शिक्षा व्यवस्थाओं को यह अवश्य समझना चाहिए कि आज मानवता के समक्ष आने वाले अधिकांश सरोकारों, जैसे जलवायु परिवर्तन व जैविक संसाधनों में कमी को स्वयं मनुष्यों ने ही पैदा किया है। इसे केवल ऐसे पुरुषों व महिलाओं द्वारा रोका जा सकता है जिनमें क्षमता, प्रतिबद्धता तथा चरित्र को मानवता से जोड़ा गया हो तथा मानव-निर्मित सारी सीमाओं को उनके द्वारा तोड़ा गया हो। भारत को इस दिशा में नेतृत्व करने का महान अवसर प्राप्त हुआ है। उसके पास अनुभव, ज्ञान, विवेक और कौशल है जिससे वह आगे बढ़ सकता है। इतिहास तथा ऐतिहासिक शक्तियों के बारे में स्वामी विवेकानंद की अपनी समझदारी इतनी गहरी थी कि उन्होंने पूर्वानुमान लगाया था, 'भारत अभूतपूर्व परिस्थितियों से 50 साल के भीतर मुक्त हो जाएगा।' इसके साथ ही उन्होंने रूस में होने वाली पहली सर्वहारा क्रांति का सटीक पूर्वानुमान किया था। भारत के बारे में उनका पूर्वानुमान था कि यह 'एक दिन समृद्धि और शक्ति की महान ऊंचाइयों तक पहुंचेगा जो अतीत में उसके द्वारा प्राप्त उपलब्धियों से बहुत अधिक होंगी।' ऐसा लगता है कि स्वामी विवेकानंद का यह पूर्वानुमान भी सही सिद्ध होगा।

उन्होंने धर्मों पर विश्व संसद के अंतिम सत्र में महत्वपूर्ण संकेत करते हुए कहा था, 'बीज जमीन में बो दिया गया है तथा उसे मिट्टी, हवा और पानी उपलब्ध करा दिया गया है। क्या बीच मिट्टी, हवा या पानी में बदल जाएगा? नहीं, यह एक पौधा बनेगा।' स्वामी विवेकानन्द ने आगे कहा था, 'यही बात धर्म के बारे में कही जा सकती है। ईसाइयों को हिंदू या बौद्ध बनने की आवश्यकता नहीं है, न ही एक हिंदू या बौद्ध को ईसाई बनने की जरूरत है। हम में से प्रत्येक को दूसरों की भावना अपने भीतर समाहित करते हुए भी अपने व्यक्तित्व को बनाए रखना होगा।' यह सभी धर्मों और मानवता का वैश्विक लक्ष्य होना चाहिए।

# कजाखस्तान में चोरों के बीच टकराव



**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

कजाखस्तान में हाल की घटनाओं के बारे में दो प्रश्न। पहला, क्या पिछले हफ्ते देश के सबसे बड़े शहर अलमाटी में 20,000 डाकुओं और शासन की पुलिस के बीच कत्लखाने की लड़ाई वास्तव में चोरों के बीच का झगड़ा था? और दूसरा, रूसी सैनिक क्यों शामिल हुए?

पिछले महीने एक विशेष चैथम हाउस की रिपोर्ट में पाया गया कि नूरसुल्तान नज़रबायेव के परिवार और सहयोगियों, सोवियत कजाकिस्तान के कम्युनिस्ट शासक और तत्कालीन स्वतंत्र कजाकिस्तान के राष्ट्रपति ने 35 वर्षों के लिए, लंदन और दक्षिणी इंग्लैंड में केवल चार वर्षों में 1998 में। 720 मिलियन में 34 संपत्तियां खरीदीं- 2002। कजाकिस्तान में हर कोई जानता है कि उन पर चोरों का शासन है। जो रूसी अच्छा कर रहे थे वे आजादी के बाद रुके और बाकी चले गए। कज़ाख जो अच्छा कर रहे हैं, उन्हें कार्यालय में चोरों से भी कोई आपत्ति नहीं है - लेकिन अधिकांश कज़ाख बहुत अच्छा नहीं कर रहे हैं।

वे सभी गंदगी गरीब नहीं हैं - इस बार का विरोध शुरू में कारों के लिए ईंधन की कीमत में दोगुने होने के बारे में था - लेकिन केपीएमजी की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 162 लोगों के पास देश की आधी संपत्ति है। ऐसी बात किसी को पसंद नहीं आती। इसलिए, 2 जनवरी को शुरू हुआ शांतिपूर्ण विरोध तेजी से देश के हर कोने में फैल गया - और फिर अल्माटी में चीजें पागल हो गईं। बुधवार, 5 जनवरी को, प्रदर्शनकारियों के लिए अज्ञात लोगों के सुव्यवस्थित समूह भीड़ में शामिल हो गए और आधिकारिक भवनों पर हमला करना शुरू कर दिया। उतनी ही अजीब बात यह है कि उसी बुधवार को पुलिस ने अलमाटी में प्रमुख इमारतों को असुरक्षित छोड़ दिया। राष्ट्रपति का महल जला दिया गया, हवाई अड्डे पर कब्जा कर लिया गया, लोग मारे गए - लेकिन क्या वे सही लोग थे?

राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट टोकायव ने इसके बारे में आश्वस्त किया। विदेश में शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मांग की जा रही है, उन्होंने टेलीविजन पर कहा क्या मूर्खता है! आप अपराधियों के साथ किस तरह की बातचीत कर सकते हैं? हम स्थानीय और विदेशी दोनों तरह के सशस्त्र और अच्छी तरह से तैयार डाकुओं से निपट रहे हैं, जिन्हें नष्ट कर दिया जाना चाहिए। हमें उन्हें मारना चाहिए। तोकायेव अपने वचन के समान ही अच्छा था। शूटिंग शुक्रवार तक खत्म हो गई थी, और पुलिस और सैनिकों ने निश्चित रूप से बहुत से लोगों को मार डाला था। 9 जनवरी को उन्होंने घोषणा की कि 164 मारे गए और 8,000 से अधिक गिरफ्तार किए गए, जिनमें विदेशी नागरिकों की एक बड़ी संख्या भी शामिल है। लेकिन स्क्रिप्ट में कुछ ढीले सिरे थे। उसी बुधवार को जब हिंसा शुरू हुई, राष्ट्रपति टोकायव ने सेवानिवृत्त राष्ट्रपति नज़रबायेव को राज्य परिषद के प्रमुख के रूप में उनकी शेष नौकरी से बर्खास्त कर दिया। नज़रबायेव ने तीन साल पहले अपनी उम्र (वह 81 वर्ष) के कारण राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन सभी ने माना कि वह वास्तव में अभी भी प्रभारी थे, और अभी भी अपनी बेटी दरिगा को नौकरी के लिए तैयार कर रहे थे। (प्रदर्शनकारियों ने चिल्लाया 'बूढ़े आदमी, जाओ!')



फिर अचानक टोकायव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मदद मांगी - और नज़रबायेव पूरी तरह से सरकार से बाहर हो गए। 2,000 रूसी सैनिक एक दिन में उड़ान भरते हैं। वे किसी भी नागरिक को गोली नहीं मारते हैं, लेकिन एक बार जब वे जमीन पर होते हैं तो टोकायव देश के पूर्व खुफिया प्रमुख करीम मासीमोव को देशद्रोह के संदेह में गिरफ्तार करने का आदेश देते हैं। मासिमोव नज़रबायेव के सबसे करीबी सलाहकार थे। क्या रूसियों के आने से पहले टोकायव ने उसे गिरफ्तार करने की हिम्मत की होगी?

मैं बिंदुओं में शामिल होने में मदद नहीं कर सकता, और यह मेरे लिए तख्तापलट जैसा लगता है। शायद एक असफल तख्तापलट का प्रयास जिसमें नज़रबायेवा के लोग एक अति-शक्तिशाली तोकयेव से सत्ता वापस लेने की कोशिश कर रहे थे, जो वास्तविक मालिक बनना चाहता था, न कि केवल दरिगा नज़रबायेवा के लिए एक स्थान-धारक। या हो सकता है कि टोकायव ने खुद बूढ़े आदमी और उसकी महत्वाकांक्षी बेटी को दरकिनार करने का कदम उठाया हो। टोकायव ने सोमवार को खुद को स्वीकार किया कि विरोध वास्तव में तख्तापलट का प्रयास था, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके पीछे कौन था। मेरा अनुमान है कि वह था। कि उन्होंने वास्तव में विरोध शुरू नहीं किया था, लेकिन उन्होंने उनमें एक अवसर देखा था। उसे बूढ़े आदमी के खिलाफ जाने के लिए रूसी समर्थन की आवश्यकता थी, और उसे रूसियों को आमंत्रित करने के लिए एक बहाने की आवश्यकता थी, इसलिए उसने विरोध को हिंसक बनाने और उस बहाने को बनाने के लिए अपने ठगों को भेजा। या हो सकता है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ हो, और यह अमीर और शक्तिशाली लोगों को कुचलने की एक और सांसारिक कहानी है। मुझे एक वर्ष में एक साजिश सिद्धांत की अनुमति है, और मैं इसे जल्दी प्राप्त कर रहा हूं।

किसी भी तरह, मुझे पता है कि रूस का मकसद क्या था। ज्यादातर लोग भूल जाते हैं कि सोवियत संघ सिर्फ एक और यूरोपीय औपनिवेशिक साम्राज्य था। अंतर केवल इतना था कि यह एक भूमि साम्राज्य था, और यह कि इसने एक के बाद एक पीढ़ी को समाप्त कर दिया। पुतिन उस साम्राज्य में पले-बढ़े, वह अभी भी इसके निधन पर शोक मनाते हैं, और वह वहां रूस के प्रमुख प्रभाव को बहाल करने के लिए कोई भी मौका लेंगे। यहां कोई सुसंगत रणनीति नहीं है। पुतिन सख्त हैं और वह दुष्ट हो सकते हैं, लेकिन वह वास्तव में एक रोमांटिक हैं, न कि विश्व विजेता।

## आप की बात

### यूपी में भाजपा को झटके

**पांच** राज्यों में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। सियासी गलियारों में हलचल हो चुकी है। लेकिन सबसे बड़ी उठापटक उत्तर प्रदेश के बीजेपी खेमें में देखने को मिल रही है। जहाँ लगातार भाजपा के बड़े नेता, मंत्री, विधायक, दूसरे दलों का दामन थाम रहे हैं। पिछले एक महीनों के अंदर भारतीय जनता पार्टी के 17 से अधिक नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इसमें स्वामी प्रसाद मौर्य और दारा सिंह चौहान जैसे बड़े नेता शामिल हैं। यह सिलसिला थमा नहीं है। ऐसी संभावना है कि अभी आगे भी ऐसी टूट फूट देखने को मिल सकती है। ये अफरा तफरी बता रही है कि बीजेपी में सब कुछ ठीक नहीं है। कहीं ये संकेत एक बड़े बदलाव की तरफ इशारा तो नहीं कर रहे हैं। वैसे तो चुनाव के वक्त सभी दलों में ऐसे बदलाव देखने को मिलते। अभी हाल ही में समाजवादी पार्टी से सिरसागंज के विधायक हरिओम यादव एवं पूर्व विधायक धर्मपाल यादव , तथा कांग्रेस विधायक नरेश सैनी बीजेपी में शामिल हुए हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी से बड़े चेहरों का अलग होने से सूबे की अनेक सीटों का समीकरण गड़बड़ा सकता है। भाजपा तो कह रही है की टिकट कटने के डर से विधायकों का पलायन हो रहा है।

- **शिवेंद्र यादव,** मेल से

### आदर्श ग्राम

**गांवो** के विकास के लिये सरकार लगातार योजनाये बनाकर लागू कर रही है। लेकिन उनका अपेक्षित कार्यान्वयन नही हो पा रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालते ही वर्ष 2014 में सांसद आदर्श ग्राम योजना शुरू किया था।जिसमे हर सांसद को 5वर्षके कार्यकाल में तीन गाँवो को गोद लेकर उनका विकास कर लोगो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना था।लेकिन सांसदों ने इसमें अपेक्षित रुचि नही दिखाई। आजादी के 75वे अमृत महोत्सव वर्ष में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2025 तक देश भर के सभी अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवो में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुचाने का कार्य किया जाएगा।ऐसे गाँव आदर्श ग्राम बन जायेंगे जहां लोगो की हर जरूरत की सुविधाये और केंद्र सरकार की योजनाओ का अमल जमीन पर दिखाई देगा।सरकार सभी राज्यो के आदर्श ग्रामो की घोषणा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान घोषित करने की योजना बना रही है।केंद्र और राज्य सरकारों को ग्रामीण क्षेत्रों का विकास न होने के सबसे बड़े कारण की ओर विचार करना चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### सराहनीय कदम

**मैं** तो चकित हूं। झारखण्ड के राज्यपाल श्री रमेश बैश ने डीजीपी नीरज सिन्हा को तलब किया। उन्हें सख्त आदेश दिए की सिमडेगा में, इसी महीने के शुरू में, 25 वर्षीय युवक संजू प्रधान को भीड़ द्वारा पीट पीट के मार दिए जाने पर सख्त कदम उठाये। जो पुलिसकर्मी तमाशबीन बने थे, उन्हें तत्काल प्रभाव से ससपेंड करे। वाह पहली बार, सिर्फ झारखण्ड में ही नहीं बल्कि देश के किसी भी हिस्से में हो रहा है। जब राज्यपाल का दिल पसीज गया। काश इसी तरह का करवाई पूर्व की बीजेपी की सरकार भी करती। झारखंड में वर्ष 2016 और 2020 के बीच आदिवासी, ईसाई और मुस्लिम समुदायों के 29 व्यक्तियों को या तो गोहत्या, गोमांस की बिक्री और खपत और धार्मिक घृणा के संदेह में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर मार डाला गया था ।मगर उस समय कानून खुलेतौर पर अपराधियों के पक्ष में खड़ा दिख रहा था। आरोपियों का फूल माला के साथ स्वागत किया जा रहा था। मेरा हेमंत सोरेन सरकार से निवेदन है की उन तमाम मामलों को फिर से जांच करवाए।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**जो** सरकार प्रधानमंत्री के विरुद्ध साजिश कर सकती है वह कुछ भी कर सकती है।

- **बिक्रम सिंह मजीठिया**
शिरोमणि अकाली दल नेता



**हमारा** मानना है कि भारत-चीन सीमा पर बीजिंग का बर्ताव अस्थिरता पैदा होने का कारण बन सकता है।

- **जेन साकी**
व्हाइट हाउस प्रेस सचिव



**उत्तर** प्रदेश में हम समाजवादी पार्टी व अन्य छोटे दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

- **शरद पवार**
राकांपा प्रमुख"

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 15 जनवरी, 2022


# जन समस्याएं गंभीरता से लेते तुरंत निवारण करें अधिकारी: खेल मंत्री

## जन दरबार में खेल मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

### मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

**हरियाणा** के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें। जनता की सुनवाई सबसे पहले और बिना किसी रुकावट के होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय है।

खेल मंत्री अपने निवास स्थान गांव टिकरी में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान मौके पर सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने नगरपालिका सचिव अंकुश पराशर को निर्देश दिए कि कस्बे में साफ सफाई की व्यवस्था के लिए नगर पालिका उचित प्रबंध करें। यदि सफाई कर्मियों की संख्या कम है तो इसकी वैकल्पिक व्यवस्था कैसे की जा सकती है। उन सब विषयों पर रिपोर्ट तैयार करके उन से चर्चा करें। मंत्री ने कहा कि वे सभी विभागों से उनके निर्माण कार्यों, साफ-सफाई के कार्यों एवं अन्य कार्य जिन की वीडियोग्राफी हो सकती है। उनकी रिपोर्ट फोटो और वीडियो के माध्यम से लिया करेंगे। इसके अलावा उन्होंने पीडब्ल्यूडी के एसडीओ सुरेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि गांवों में लिंक रोड पर ब्रेकर आदि बनाने की डिमांड को संज्ञान में लेकर उस पर कार्रवाई करें और जिन गांवों की सड़कों में गड्ढे हैं।


लोगों की समस्याएं सुनते खेल मंत्री संदीप सिंह।

### मकान गिरने पर तीन परिवारों को की एक एक लाख की मदद

**खेल मंत्री** ने गांव झांसा का दौरा करके वहां बरसात के दौरान मकानों को हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान गांव की महिला अमन रानी, चमेली देवी व शांति ने बताया कि उन तीनों के मकान जर्जर होने के कारण बरसात में छत गिरने का डर है और एक दो मकानों की छत तो गिर भी चुकी है। जिसके बाद खेल मंत्री ने तीनों महिलाओं को एक एक लाख रुपये की मदद मकान की मरम्मत के लिए देने की घोषणा भी की।

### बार एसोसिएशन को विकास कार्यों के लिए देंगे 11 लाख रुपये

**खेल मंत्री** ने बार एसोसिएशन का दौरा करके वकीलों से मुलाकात की। बार रूम में पहुंचने पर प्रधान सुनील बंसल, सचिव अशोक बंसल व एडवोकेट एसडी मुरार एवं समस्त वकीलों ने खेल मंत्री का अभिनंदन किया।

वकीलों को संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि वकालत का पेशा लोगों को न्याय दिलाने वाला एक पवित्र कार्य है। कोर्ट को जाने वाले सभी दरवाजे वकीलों के सामने से होकर गुजरते हैं। ऐसे में उनका प्रयास होना चाहिए कि जरूरतमंद लोगों की मदद करते हुए सभी की न्याय पाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि तरक्की के लिए अतिरिक्त प्रयास बहुत जरूरी हैं। वकीलों को न्याय के प्रहरी बनने के साथ-साथ समाज के विकास में भी बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। उन्होंने बार को 11 लाख रुपये की अनुदान राशि अपने निजी कोटे से देने की घोषणा भी की।



# असहाय की मदद करना सबसे बड़ा धर्म: एसडीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भिवानी** के एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि गरीब व असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। साधन संपन्न लोगों को जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने जन्मदिन व पूर्वजों की याद में असहायों की सेवा जरूर करनी चाहिए।

एसडीएम कुमार मकर संक्रांति के अवसर पर श्रीकृष्ण प्रणामी जनकल्याण ट्रस्ट आश्रम में अपना संदेश दे रहे थे। इस दौरान एसडीएम ने यहां गायों को चारा खिलाया। उन्होंने यहां दीन-दुखियों व बेसहारा लोगों के बनाए गए अपना घर आश्रम में रह रहे लोगों से बात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने यहां पर महिला आश्रम में भी

### गायों को खिलाया चारा और अपना घर में दीन-दुखियों से की बात

व्यवस्थाओं को देखा और यहां शरण लेने वाली महिलाओं से बात की तथा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने इस दौरान कहा कि इंसान को कोई न कोई मजबूरी ही किसी आश्रम की शरण लेने पर मजबूर करती है, लेकिन हमें गरीब और जरूरतमंदों की मदद अवश्य करनी चाहिए, यही सबसे बड़ा धर्म है। इस दौरान आश्रम के अनुयायियों ने एसडीएम को जानकारी देते हुए बताया कि प्रणामी आश्रम में करीब तीन साल अपना घर आश्रम भी चल रहा है, जिसमें 100 लोग रह रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मकर संक्रांति पर भंडारे का आयोजन किया


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए राहगीर।

**कैथल।** श्रीमेंहदीपुर बालाजी दर्शन सेवा समिति कैथल ने मकर संक्रांति के उपलक्ष में पुराने बस अड्डे के पास शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें राहगीरों ने कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के प्रधान संदीप गर्ग ने बताया कि संस्था की तरफ से प्रतिमाह बस मेहंदीपुर बालाजी, खाटू श्याम व सालासर धाम के लिए जाती है। इसके साथ ही संस्था समय-समय पर धार्मिक आयोजन भी करती रहती है। इस अवसर पर संदीप गर्ग, हैप्पी गर्ग, वेद मित्तल, विजय गर्ग, संजय कुमार, राकेश गुप्ता, राजेश किठानिंया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन में क्रेच का उद्घाटन


पुलिस लाइन में क्रेच का उद्घाटन करती पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला।

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने बताया कि महिला पुलिसकर्मियों को अपने बच्चों की परवरिश में बहुत मुश्किल होती है। उन्हें निश्चिंत भाव से काम करने के लिए बेहतर माहौल देने की कोशिश की जा रही है। वैसे प्रदेश सरकार की यह योजना पुरानी है, लेकिन कईं महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों को देखते हुए इसकी स्थापना की गई है। क्रेच में करीब 12 बच्चों के एक साथ रहने की सुविधा होगी। इसमें 3 से 10 साल तक के बच्चों को रखा जाएगा। बच्चों का एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़ा, खाने का सामान स्वजनों को देना होगा। बच्चों की देखरेख के लिए महिला निरीक्षक प्रकाश कौर के देखरेख में एक आया को भी लगाया गया है। बच्चों की संख्या के हिसाब से इसे बढ़ाया भी जा सकता है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि महिला पुलिसकर्मी अब बच्चों की चिंता किये बगैर अपनी ड्यूटी कर सकती है।

### पीएनडीटी एडवाईजरी कमेटी की बैठक में रखे तीन मामले



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में पीएनडीटी जिला टास्क फोर्स एडवाईजरी कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डाक्टर रघुबीर शांडिल्य ने की। बैठक में तीन प्रस्ताव रखे, जिस पर विस्तार से चर्चा की गई। सिविल सर्जन ने कहा कि जिला में कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। लिंग जांच की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाती है। बैठक में स्थानीय भिवानी हर्ट क्लीनिक रोहतक गेट, में ईको कार्डियोग्राफी सेंटर खोलने, शर्मा नर्सिंग होम तोशाम का पंजीकरण और श्रीजी मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम ईशरवाल में निरीक्षण से संबंधित मामला रख गया। सभी मामलों के हर पहलू पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में कन्या भ्रूण हत्या की पूर्णरूप से रोकथाम के लिए पूरी सख्ती बरती जा रही है। इसके महिला एवं बाल विकास विभाग की वर्कर व आशा वर्कर के माध्यम से निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लिंग जांच की सूचना मिलने पर बिना किसी विलंब के छापामार कार्रवाई की जाती है।

### जागरुकता शिविर का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरूक्षेत्र के सचिव एवं सीजऐम दुष्यंत चौधरी ने कहा कि डीएलएसए द्वारा मानसिक रुप से दिव्यांग स्कीम-2015 पर जागरूकता फैलने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में पैनल के अधिवक्ता मुकेश कुमार मलिक ने रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि कामगार सुविधा केंद्र जैसा कि सामजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 में बताया गया है किसी भी राज्य द्वारा नहीं बनाये गए है। नियोक्ता या ठेकेदार पर किसी भी योजना के अंतर्गत कामगारों का पंजीकरण कराने की जिम्मेदारी अधिरोपित नहीं है। यह योजना नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 कही जाएगी।

# मकर संक्रांति को किए जाने वाले मंगल कार्य होते हैं विशेष फलदायी: मुनि पीयूष

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**उपप्रवर्तक** पीयूष मुनि महाराज ने मकर संक्रांति के उपलक्ष में आयोजित धर्मसभा में कहा कि इस दिन किए जाने वाले दान,पूजन, देव-गुरु सेवा तथा मंगल कार्य विशेष फलदायी होते हैं।

इस दिन सूर्य के उत्तरायण होने से छह महीनों का देव दिन प्रारंभ होता है। वग्रहों में सूर्य सर्वाधिक प्रभावशाली ग्रह है जिसके इर्द-गिर्द सभी ग्रह घूमते हैं। सूर्य प्रकाश पुंज है और धरती को जीवन प्रदान करता है। इस दिन सूर्य अपनी नौवीं धनु राशि से दसवीं मकर राशि में प्रवेश करता है। मुनि ने श्रीआत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में एकत्रित श्रद्धालुओं को बतलाया है कि जितने समय में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है, उस अवधि को सौर वर्ष कहते हैं। धरती का गोलाई में सूर्य के चारों ओर घूमना क्रांति चक्र कहलाता है और इस परिधि को बारह भागों में बांटकर बारह राशियां बनाई गई हैं। पृथ्वी का एक राशि से दूसरी मकर संक्रांति से दिन बढ़ने और रातें घटने लगती हैं, शीत ऋतु का प्रभाव कम होने लगता है।



### गुलजारी लाल नन्दा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भारतरत्न श्री गुलजारी लाल नन्दा नीतिशास्त्र दर्शनशास्त्र केन्द्र में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत श्रीगुलजारी लाल नन्दाजी की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को प्रात: वैदिक यज्ञ, पुष्पांजलि एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित होंगे। केन्द्र के निदेशक डॉ. ललित गौड़ ने बताया कि यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि वैदिक यज्ञ के पश्चात 10 बजे नन्दा जी की समाधि सदाचार स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

# हिंदू शास्त्रों में मकर संक्रांति को पुण्यदायी पर्व माना गया: जैन

## कृष्ण साधना केंद्र मुरथल में हुए कार्यक्रम में भाग लेते हुए राजीव जैन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने मकर संक्रांति पर्व कहा कि यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर परिवर्तन का प्रतीक है और इस दिन स्वर्ग के द्वार खुलते हैं। कृष्ण साधना केंद्र मुरथल, शनि मंदिर पुरखास रोड, अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए राजीव जैन ने कहा कि हिंदू शास्त्रों में मकर सक्रांति को पुण्यदायी पर्व माना जाता है। इसलिए श्रद्धालु विभिन्न तीर्थों पर जाकर पवित्र स्नान करने के बाद दान इत्यादि करके पुण्य कमाते हैं।

उन्होंने सूर्य देव भगवान से समाज की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कोरोना महामारी को समाप्त करने की भी प्रार्थना की। राजीव जैन ने कहा कि देश के सभी हिस्सों में खिचड़ी, पोंगल, पतंगोउत्सव, तिरुवल, भोगाली, शिशुर संक्रांति, माघी अलग-अलग नाम से मनाये जाने के बावजूद यह पर्व ईर्ष्या को छोड़कर भाईचारा, प्यार प्रेम की भावना को मजबूत करने का संदेश देता हैं।


शनि मंदिर में मत्था टेक कर आशीर्वाद लेते भाजपा नेता राजीव जैन।

# वालीबाल प्रतियोगिता में गांव अटवान की टीम आई प्रथम

## गांव हरिपुर में खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**नेहरू** युवा केंद्र कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले यूथ ग्रुप हरिपुर व युवा एवम खेल विकास मंडल उदारसी के सहयोग से गांव हरिपुर में खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच संचालन युवा मंडल इस्माईलाबाद के अध्यक्ष सुरेश सैनी व कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र की लेखा एवम कार्यक्रम पर्यवेक्षक द्वारा की गई।

उन्होंने मुख्यतिथि सुकराम पाल पार्षद व विभिन्न गांव से आई हुई सभी टीमों का स्वागत किया और सभी युवाओं को खेलो के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वॉलीवॉल प्रतियोगिता, दौड़ व लोंग जम्प प्रतियोगिता करवाई गई। वालीवाल प्रतियोगिता में गांव अटवान की टीम प्रथम व गांव हरिपुर की टीम द्वितीय रही। इस अवसर पर लॉन्ग जम्प प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें प्रथम सचिन, द्वितीय परमिंदर सिंह व तृतीय कमल सैनी रहे। इस अवसर पर 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के युवा एवं युवतियों ने भाग लिया। महात्मा ज्योतिबा फुले यूथ ग्रुप हरिपुर के अध्यक्ष प्रिंस सैनी व युवा एवं खेल विकास मंडल उदारसी की कोषाध्यक्ष विजेता सैनी ने सभी आए हुए अतिथिगण व युवाओं का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत व धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मनप्रीत कौर आदि का योगदान रहा।


अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### 148 व्यक्तियों की कोविड रिपोर्ट आई पॉजिटिव

**कुरुक्षेत्र।** जिला में शुक्रवार को 148 व्यक्तियों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और 65 मरीजों को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है। कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 537 मरीज एक्टिव है। अभी तक लिए गए 643043 में से 617884 सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है।

इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 96.12 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट घटकर 3.72 पर पहुंच गया है। इस प्रकार अब जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 537 है। कुरुक्षेत्र में अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरटी पीसीआर और रैपिड एंटीजन के कुल 1257 सैम्पल लिए गए है, जिनमें आरटी पीसीआर के 1092 व रैपिड एंटीजन के 165 सैंपल शामिल है। अब तक 23051 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है और अब तक 22156 मरीज ठीक होकर घर जा चुके है। अब तक कोरोना पॉजिटिव 358 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुई आनलाइन कार्यशाला

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**उदयन** केयर आईटी सेंटर व उदयन शालिनी फेलोशिप कार्यक्रम के द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला की गई। जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुषमा शर्मा रही। उन्होंने विद्यार्थियों व शालिनीयों को संबोधित करते हुए बताया कि 12 जनवरी को हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। युवा दिवस 12 जनवरी को मनाने की खास वजह है क्योंकि इस दिन स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था।

प्रोफेसर सुषमा शर्माजी ने बताया कि इस दिन को खास इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं पर समर्पित होता है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के लिए हमेशा से प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। प्रोफेसर सुषमा शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर भी

### ऑनलाइन कार्यशाला की मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुषमा शर्मा रहीं

चर्चा की और बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनका असली नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। स्वामी जी के पिता कलकत्ता हाईकोर्ट में एक वकील थे। मात्र 25 वर्ष की आयु में साधु बन गए थे। उदयन शालिनी कोर कमेटी के सदस्य दीपक ने भी स्वामी विवेकानंद के योगदान पर चर्चा की। इस कार्यशाला में लगभग 70 शालिनियों व विद्यार्थियों ने भागीदारी की। विद्यार्थियों व शालिनियों ने अपनी कविताएं व विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला में आईटी ट्रेनर गीतांजलि व उदयन शालिनी असिस्टेंट कोआर्डिनेटर निशा ने भी भागीदारी की।

### डॉ. हुकम सिंह एमएमयू विश्वविद्यालय की वित्तीय कमेटी के सदस्य नामित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय, सादोपुर, अम्बाला की वित्तीय कमेटी का दोबारा से सदस्य नामित किया गया है। कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने एमएमयू में वित्तीय कमेटी का फिर से सदस्य बनने पर डॉ. हुकम सिंह को बधाई दी है। लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि कुवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह को दो वर्ष के लिए एमएम विवि सादोपुर, अम्बाला की वित्तीय कमेटी का सदस्य नामित किया गया है।




# 150 करोड़ से स्मार्ट सिटी के नागरिकों को मिलेगा फ्लाई ओवर: डीसी

## उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ ने फ्लाई ओवर प्रोजेक्ट को लेकर बताया

### टेक्निकल व फाइनेंशियल बिड के बाद नामी कंपनी से कराएंगे फ्लाई ओवर का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**स्मार्ट** सिटी में ट्रैफिक कंजेशन (यातायात भीड़ का जमाव) कैसे खत्म हो, इसे लेकर करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड काफी दिनों से प्रयासरत है। अब फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण से इसका ठोस उपाए होने जा रहा है।

विदित रहे कि ट्रैफिक का कंजेशन मुख्यत: शहर के महर्षि वाल्मीकि चौक से रेलवे रोड और चौक से पुरानी सब्जी मंडी रोड पर रहता है। इसी प्रकार महर्षि वाल्मीकि चौक से पुराने बस अड्डे और अम्बेडकर चौक तक भी ट्रैफिक कंजेशन और जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका कारण वाहनों की तेज रफ्तारी, शीघ्रता में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ देखा गया है, इससे हालात और भी जटिल हो जाते है और सड़क पर एक अजीब सी स्थिति बन जाती है।

शुक्रवार को उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय के सभागार में फ्लाई ओवर प्रोजेक्ट को लेकर तैयार आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रॉपोजल) यानी टेंडर डॉक्यूमेंट के सभी बिन्दुओं पर, केएससीएल के अधिकारी व पीएमसी टीम के एक्सपर्ट के साथ काफी देर तक चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट करीब 150 करोड़ रुपये का है, आज चर्चा के बाद इसे फाइनल कर दिया है और अगले सप्ताह ही इसका टेंडर लगाने जा रहे हैं। इसके बाद टेक्निकल व फाइनेंशियल बिड होंगी और किसी नामी कंपनी से फ्लाई ओवर का निर्माण करवाया जाएगा।




### कहां से कहां तक होगा फ्लाई ओवर

उन्होंने बताया कि फ्लाई ओवर के दो भाग है। एक भाग में ये रेलवे रोड़ स्थित खालसा कॉलेज चौक से प्रारम्भ होकर महर्षि वाल्मीकि चौक-पुरानी सब्जी मंडी रोड़-मुगल कैनाल से होते हरियाणा नर्सिंग होम तक बनेगा। इसकी लम्बाई करीब पौने 3 किलो मीटर(2. 771 के.एम) होगी। इसी प्रकार दूसरे भाग में उपरगामी पुल महर्षि वाल्मीकि चौक से प्रारम्भ होकर पुराना बस अड्डा-कर्ण पार्क से होकर अंबेडकर चौक पर समाप्त होगा। यह करीब एक किलो मीटर (0.938 के.एम) लंबा होगा। महर्षि वाल्मीकि चौक टी प्वाईट रहेगा। फ्लाई ओवर के दोनों सेक्शन में कुल 95 पिलर बनाए जाएंगे। इनकी उंचाई स्टैण्र्ड के हिसाब से होगी। यह दो लेन का होगा। पुल के नीचे दोनों ओर की सड़कों को उपलब्ध स्पेस अनुसार चौड़ा कर नया स्वरूप दिया जाएगा।

**फरवरी अंत या मार्च से प्रारंभ होगा फ्लाई ओवर का काम**

फ्लाई ओवर का काम फरवरी अंत या मार्च के प्रारंभ में शुरू हो सकता है। उससे पहले यूएचबीवीएन से सड़क के बीचों बीच खड़े बिजली के खंभे और लाइटें शिफ्ट करवाईं जाएगी। शहर के व्यस्त मार्गों पर चलने वाले वाहनों को सुविधा मिलेगी, जगह-जगह जाम नहीं लगेंगे। शहर के नागरिकों को फ्लाई ओवर की बड़ी सौगात मिलेगी।

# गुरुकुल शिक्षा हमें बनाती है संस्कारवान: मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने सम्राट मिहिर भोज गुरुकुल विद्यापीठ को दी एक करोड़ रुपये की ग्रांट

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, हर समस्या का हल संस्कारों से**



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरुकुल प्राचीन पद्धति है, जहां अपनी शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी गुरु को दक्षिणा देते हैं। गुरुकुलों में आज भी श्रद्धा का भाव कायम है। गुरुकुल शिक्षा के साथ सारा समाज व संसार जुड़ा है, जो हमें संस्कारवान बनाती है। हर समस्या का हल संस्कारों से है।

मुख्यमंत्री ने लोगों का आह्वान किया कि गलत कार्यों को रोकने के लिए भाईचारा कायम रखें तथा देश व समाज की रक्षा करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यमुनानगर के जगाधरी में सम्राट मिहिर भोज गुरूकुल विद्यापीठ के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल व सांसद रतन लाल कटारिया भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने पहले प्रदेश की जनता को मकर संक्रांति, बिहू और पोंगल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजा मिहिर भोज ने देश की संस्कृति की रक्षा के लिए महान कार्य किए। उनके नाम पर संस्कार युक्त शिक्षण संस्थाओं को खोलना एक विशेष महत्वपूर्ण कार्य है। यह संस्थाएं युवाओं को संस्कार बनाती है।

मुख्यमंत्री ने गुरुकुल शिक्षण संस्थान को एक करोड़ रुपये की मैचिंग ग्रांट, 51 लाख रुपये की सरकारी सहायता तथा अपने ऐच्छिक कोष से 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महापुरुष सभी के साझे होते हैं। इस गुरुकुल में सभी धर्मों, जातियों व वर्गों के विद्यार्थी पढ़ाई करेंगे। इसमें कक्षा 6 से 12वीं तक की पढ़ाई होगी और यह गुरुकुल लड़कों के लिए होगा। प्राचीन शिक्षा पद्धति के अलावा यहां पर शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी सीबीएसई पैटर्न की तर्ज पर पढ़ाई कर सकेंगे। इस दौरान शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने गुरुकुल को 31 लाख रुपये, सांसद रतन लाल कटारिया ने 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### ब्रिगेडियर के आश्रितों को मिलेगी 50 लाख की सहायता: मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि तमिलनाडु हेलिकॉप्टर क्रैश हादसे में जान गंवाने वाले हरियाणा के ब्रिगेडियर लखविंदर सिंह लिड्डर के परिवार को 50 लाख रुपये की सहायता राशि देने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके साथ-साथ ब्रिगेडियर के परिवार से किसी एक आश्रित को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। ब्रिगेडियर लखविंदर का निधन उनके परिवार और प्रदेश के लिए अपूर्णीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक और अर्ध सैनिक बल की एक्सग्रेसिया पॉलिसी के तहत शहीद होने वाले सैनिक परिवार के आश्रितों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ सरकारी नौकरी दिए जाने का प्रावधान है। इस नीति के तहत हैलिकॉप्टर क्रैश हादसे में जान गंवाने वाले ब्रिगेडियर लखविंदर सिंह की मौत को अस्थाई लड़ाई दुर्घटना मानते हुए विशेष आर्थिक सहायता व नौकरी देने की घोषणा की गई है।



हवन में आहुति डालते विधायक सुभाष सुधा व अन्य।

## मानव कल्याण के लिए हवन यज्ञ में डाली आहुति

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन तिल का दान करने से शनि दोष से मुक्ति मिलती है। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन तांबे के लोटे से सूर्य भगवान को अर्घ्य देने से पद और सम्मान में वृद्धि होती है। शारीरिक और आध्यात्मिक शक्तियों का विकास होता है। भगवान सूर्य का आशीर्वाद मिलता है। उत्तरायण से दिन बड़ा और रात्रि छोटी होनी शुरु हो जाती है। इस दिन से खरमास खत्म हो जाता है।

विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार को कुरुक्षेत्र बार एसोसिएशन द्वारा कोर्ट कांपलेक्स में आयोजित हवन यज्ञ में आहुति डालने के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा, जिला बार एसोसिऐशन के प्रधान राजेंद्र जुनेजा सहित बार के अन्य सदस्यों व अधिवक्ताओं ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर मानव कल्याण की कामना की।

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन को स्नान, दान और ध्यान के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन तिल के दान का अधिक महत्व है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य छह माह दक्षिणायन में रहने के बाद उत्तरायण में हो जाते है। मकर संक्रांति के दिन ग्रहों के राजा सूर्य धनु राशि को छोड़कर अपने पुत्र शनि की राशि में आते है। सूर्य और शनि का संबंध मकर संक्रांति के पर्व से होने के कारण यह काफी महत्वपूर्ण पर्व होता है।

## मुंह पर लगाकर रखें मास्क : दहिया

**कैथल।** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए हिदायतों की पालना करना जरूरी है। आमजन को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। जब भी किसी जरूरी काम से बाहर जाना पड़े तो मुंह पर मास्क जरूर लगाएं।

हाथों को बार-बार धोते रहें या फिर सैनेटाईजर का उपयोग करें। सभी वैक्सीनेशन लें, जिन्होंने पहली डोज ले ली है, वह निर्धारित समय पर दूसरी डोज लें। यह हम सबके हित में है। कोरोना अलग-अलग रूपों में सामने आ रहा है, इसलिए लोग बे-परवाह न बने, क्योंकि लापरवाही का सीधा सा अर्थ अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना है। कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से फैल रहा है। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा पहले ही आदेश जारी किए जा चुके हैं कि, अगर कोई व्यक्ति कोविड रोधी टीके नहीं लगवाता है तो उसे सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। प्रत्येक नागरिक कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाने के साथ-साथ इम्यूनिटी को मजबूत करें।

## बकाया ब्याज माफी को महिलाओं के लिए आई ओटीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**हरियाणा** सरकार ने महिलाओं के लिए महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना शुरू की है, जिसके तहत महिला लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में 1 जून 2022 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। यह योजना उन महिला ऋणियों को कवर करेगी। जिनका ब्याज 31 मार्च 2019 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। योजना 31 मार्च 2019 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि ऋण लेने वालों को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी। यदि ऋणी द्वारा बकाया मूल राशि को एकमुश्त या किश्तों में छह महीने के भीतर चुका दिया जाता है तो वह लाभार्थी महिला ब्याज की 100 फीसदी छूट के लिए पात्र होगी। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया की छूट का लाभ ऋणी को बकाया मूलधन की अंतिम किश्त के भुगतान के समय राशि दिया जाएगा। ब्याज में छूट केवल उन्हीं कर्जदारों को दी जाएगी जो 6 माह के भीतर पूरी बकाया मूल का भुगतान कर देंगे। योजना के लाभार्थी कम से कम एक वर्ष के अन्तराल के बाद ही भविष्य में एक और ऋण अग्रिम कर सकते है।

उन्होंने बताया कि सरकार की योजना 6 महीने तक मान्य होगी और किसी भी आधार पर या किसी न्यायालय के मामले या मध्यस्थता के बहाने योजना की मान्यता अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया की, हरियाणा महिला विकास निगम की ऋणी लाभार्थीयों को लाभ देने की इस प्रकिया में राज्य सरकार को आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी लेकिन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने यह फैसला लिया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने धरनास्थल पर मनाई मकर संक्रांति

### एक सैनिक की बेटी ने कविता से किया सरकारों पर कटाक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**आंगनवाड़ी** कार्यकर्ता सहायिकाओं की हड़ताल 8 दिसंबर से लगातार लघु सचिवालय परिसर में जारी रही शनिवार को ज्यादा कोहरा व ठंडे होने के कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूर जोश के साथ धरना स्थल पर पहुंची। धरना स्थल पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मकर संक्रांति का पर्व रेवड़ी, मूंगफली बांटकर मनाया।



धरनास्थल पर हडताली कार्यकर्ताओं को रेवड़ी बांटतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व गीत प्रस्तुत करती महिला।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि उनकी जायज मांगों जो 2018 में हरियाणा के मुख्यमंत्री से हुए समझौते के तहत श्रमिक का दर्जा देना, अर्ध कुशल और कुशल श्रमिक के आधार पर वेतन तय करना, अन्य कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता देना और प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा कार्यकर्ता को 15 सौ व सहायिका को 750 रुपये देना, पोषण ट्रैकर एप को लागू ना करना आदि को तुरंत स्वीकार करे। उन्होंने कहा कि बच्चों की देखरेख और पौष्टिकता की दृष्टि से समग्र बाल विकास परियोजना की बहुत बड़ी भूमिका है, परंतु सरकार इसका भी निजीकरण करने पर आमदा है। इसके खिलाफ निश्चित रूप से लड़ाई लड़ने की जरूरत है। हरियाणा की खट्टर सरकार हठधर्मिता पर अड़ी है और फूट डालकर आंदोलन को दबाने के रास्ते पर चल रही है। इस दौरान एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पूर्व सैनिक की बेटी ने एक कविता के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार पर कटाक्ष किया।

## भाजपा सरकार ने 1983 परिवारों के मुंह से छीना निबाला: जांगड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भाजपा** सरकार की किसान, मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों के चलते अब देश व प्रदेश का बेड़ा गर्क हो चुका है। भाजपा शासनकाल में लोग खून के आंसू रोने को मजबूर हो रही है। भाजपा सरकार की कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों ने प्रदेश के 1983 परिवारों के मुंह से निबाला छीनने का काम किया है। यह आरोप स्थानीय लघु सचिवालय के समक्ष धरने पर जारी बर्खास्त पीटीआई के धरने को संबोधित करते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दिलबाग जांगड़ा ने लगाया।

इस दौरान बर्खास्त पीटीआई ने कहा कि यमुनानगर में उनका प्रदेश स्तरीय धरना जारी है। इस बार वे आर-पार की लड़ाई के मूढ़ में है तथा इस बार भी उनकी बहाली नहीं हुई तो प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने की रूपरेखा बनाई जाएगी, जिसमें प्रदेश भर के सभी कर्मचारी, सामाजिक एवं किसान संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। बहाली की मांग को लेकर स्थानीय लघु सचिवालय के समक्ष जारी बर्खास्त पीटीआई का धरना आज शुक्रवार को 578वें दिन भी जारी रहा।

**बर्खास्त पीटीआई का धरना आज को 578वें दिन भी जारी रहा**

धरने को संबोधित करते हुए दिलबाग जांगड़ा ने कहा कि देश व प्रदेश में रोजगार की ब्यार बहाने का दावा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार देना तो दूर पिछले 10 वर्षों से रोजगार कर अपना घर चला रहे लोगों को भी बेरोजगार बनाकर अपना दोगली नीति जनता के सामने पेश की है। इसके बावजूद भी अपनी बहाली की मांग की।

## जिले में 91 स्थानों पर आज लगेगी कोरोना वैक्सीन

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि लोगों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेड्यूल जारी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान के तहत जिले के अंतिम व्यक्ति तक को कोरोना की वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जिले में 15 जनवरी को 91 स्थानों पर कोरोना वैक्सीनेशन की पहली तथा दूसरी डोज लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मोहन नगर यूपीएचसी, रैड क्रॉस सोसाएटी सेक्टर 13, भद्रकाली मंदिर झांसा रोड, न्यू बस स्टैंड कुरुक्षेत्र, दर्रा खेडा धर्मशाला, तुलसी दास स्कूल थानेसर बस्ती, कृष्णा नगर गामडी यूपीएचसी के साथ-साथ पॉली क्लीनिक में कोविशिल्ड की डोज लगाई जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना की वैक्सीन लगवा कर कोरोना की इस संक्रमण की कडी को तोड़ें।

## 242 नशा तस्कर और 106 हत्यारोपी भेजे जेल

### करनाल पुलिस ने तोड़ी नशा तस्करों की कमर

**विभिन्न अपराधों में संलिप्त 68 गैंगों को जेल भेजा**

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**पुलिस** ने पिछले साल कोरोना संक्रमण के दौरान तमाम गंभीर चुनौतियों से जुझते हुए जिले में न केवल अपराध पर नकेल कसी, साथ ही सामाजिक कार्यों में पूरी भागीदारी दिखाई। पुलिस के आकड़े खुद-ब-खुद उपलब्धियों की गवाही दे रहे हैं।

जिले में वर्ष 2021 में जहां नशा तस्करों ने नशा का जाल तेजी से बिछाने का प्रयास किया, उसी तेजी से पुलिस ने नशा तस्करों की कमर तोड़ दी। जिले में पुलिस ने जहां 242 नशा तस्करों के साथ 106 हत्यारों को जेल का रास्ता दिखाया। दूसरी ओर पुलिस ने पांच लाख के इनामी बदमाश को पकड़ने में सफलता पाई, वहीं विभिन्न अपराधों में संलिप्त 68 गैंग को सलाखों के पीछे भेज दिया।



एसपी गंगा राम पूनिया।

पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया के नेतृत्व में कार्य करते हुये जिला पुलिस द्वारा वर्ष 2021 के दौरान विभिन्न उपलब्धियां हासिल की गई। वहीं पुलिस द्वारा द्वारा लापता हुए 120 अव्यस्क लड़के व लड़कियों को खोजकर उनके माता-पिता या संरक्षकों के हवाले किया गया। वहीं 868 वयस्क व बुजुर्गों को खोजकर उनके परिवार वालों या संरक्षकों के हवाले किया गया।

**85 किलोग्राम से अधिक पकड़ी चरस, अफीम, स्मैक**

पुलिस ने 242 आरोपियों को गिरफतार किया जाकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत 198 मुकदमें दर्ज कर कार्यवाही अमल में लाई गई। आरोपियों के कब्जे से 73.275 किलोर्ग्राम अफीम, 3.609 ग्राम चरस, 678.465 किलोग्राम चूरापोस्त, अफीम के पौधे 7.575 किलोग्राम, 0.832 ग्राम स्मैक, 142.377 किलोग्राम गांजा, 13,234 नशे के कैप्सूल व 10,353 गोलियां जिनका वजन 52.070 किलोग्राम, बरामद की गई। वहीं पुलिस द्वारा 1290 आरोपी आबकारी अधिनियम के तहत गिर तार किये गये। आरोपियान के कब्जे से 15,823 किलोग्राम लाहन, 30,401 बोतल कच्ची शराब, अवैध देषी व अग्रेंजी शराब बरामद की गई। आरोपियों के कब्जे से 17 शराब बनाती भट्टीयों को काबू किया गया।

## अस्पतालों की निगरानी के लिए दो नोडल अधिकारी किए नियुक्त: स्वास्थ्य मंत्री

### एक अधिकारी सरकारी तो दूसरा निजी अस्पतालों की निगरानी करेगा: अनिल विज

**कहा, हरियाणा में टेलीमेडिसिन को प्रभावशाली बनाया**


**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले के लिए दो नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा जिसमें से एक अधिकारी हर जिले के सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं की निगरानी करेगा और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

इसी प्रकार, दूसरा नोडल अधिकारी संबंधित जिले के निजी अस्पतालों की निगरानी करेगा और वहां पर मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हरियाणा में टेलीमेडिसिन को प्रभावशाली बनाया जाएगा और इसके लिए 1075 पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

विज आज यहां स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिसमें वर्तमान में कोरोना संक्रमण के हालातों पर भी चर्चा व विचार विमर्श किया गया।

जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए



**1500 किट का ऑर्डर दिया: विज**

विज ने कहा कि जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए एचएमसीएल को 1500 किट का ऑर्डर दे दिया गया है और यह 1500 किट तीन चरण में राज्य सरकार को मुहैया करवाई जाएंगी। बैठक के दौरान बताया गया कि जिनोम सीक्वेंसिंग की एक किट से 96 सैंपल किए जा सकते हैं।

**मुख्यालय स्तर पर तैयार होगी होम आइसोलेशन किट**

**विज** ने कहा कि होम आइसोलेशन की किट को मुख्यालय स्तर पर तैयार किया जाएगा। इन किट को जल्द ही जिलों में भिजवाया जाएगा ताकि होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों को यह किट समयबद्ध निर्धारित तरीके से उपलब्ध करवाई जा सके। इसी प्रकार, विज ने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के पास अभी संबंधित सभी पर्याप्त दवाइयां व इंफ्रास्ट्रक्चर है।

**15 से 18 साल के बीच के बच्चे जल्द डोज लगवाएं**

**स्वास्थ्य** मंत्री ने बैठक के दौरान 15 से 18 साल के बीच के बच्चों के सभी अभिभावकों और बच्चों से आग्रह करते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द अपनी कोविड डोज लगवाएं अन्यथा जब स्कूल खुलेंगे तो डोज ना लगवाने वाले बच्चे को स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसलिए वह ऐसे सभी अभिभावकों और बच्चों से अनुरोध करते हैं कि वह जल्द से जल्द अपनी कोविड की वैक्सीन लगवा लें।

**जल्द ही राज्य में एक सर्वे/मैपिंग होगी:** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर तथा उपकरण के अलावा अन्य सुविधाओं हेतु जल्द ही राज्य में एक सर्वे/ मैपिंग करवाई जाएगी।

**टेलीमेडिसिन को बनेगी प्रभावशाली**

**विज** ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों की प्रतिदिन निगरानी की जानी चाहिए और उन्हें टेलीमेडिसिन के माध्यम से जानकारी मुहैया करवाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में टेलीमेडिसिन को प्रभावशाली बनाया जाएगा और इसके लिए 1075 पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गरीब बच्चों को लगाई कोरोना वैक्सीन



बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित करते हुए रौनकें संस्था के पदाधिकारी।

**कैथल।** देश में कोविड के केस बढ़ते जा रहे हैं और ऐसी परिस्थिति में स्कूल के छात्रों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। इसी को मद्दे नजर रखते हुए केईआरटी की सहभागिता के साथ रौनकें चैरिटेबल संस्था ने 10 जनवरी को लिटिल फ्लावर विसिटेशन कॉवेंट स्कूल कैथल में वेक्सीनशन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कैंप में विद्यालय के कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों को कोरोना से बचाने के लिए वैक्सीन की पहली खुराक लगाई गई। जिसके पश्चात उन्हें जलपान मुहैया कराया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं अध्यापिकाओं का रौनकें चैरिटेबल संस्था को पूरा सहयोग मिला तथा छात्रों ने भी इस कैंप में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और कोविड के खिलाफ देश की एक जुट लड़ाई में अपना-अपना योगदान दिया। वैक्सीनशन कैंप के बाद संस्था ने पास की एक बस्ती में डोनेशन ड्राइव आयोजित की। जिसमें झुग्गी झोपडी के बच्चों को भिन्न प्रकार के खाद्य उत्पाद प्रदान किए गए एवं उन्हें अच्छी सेहत और शिक्षा के लाभों के बारे में अवगत किया गया। अंत में उन बच्चों को व्हील ऑफ फैन्टसी नामक मुहिम के अंतर्गत उनकी सपनों की गाड़ी में सैर कराई गयी। इस सबसे वे बेहद खुश थे और संस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

### सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** मकर संक्रांति पर आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के रुप में 75 लाख सूर्य नमस्कार में भारी मात्रा में लोगों ने हिस्सा लिया। आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, पतंजलि योग समिति एवं अन्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विभाग एवं परिवार के लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग करे। जिला कुरुक्षेत्र में आयुष विभाग की सभी जीएडी, जीएचडी, सीएचसी, पीएचसी के अधिकारियों द्वारा कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए 75 लाख सूर्य नमस्कार के बारे में सामान्य जन को एवं विद्यालयों के शिक्षकों-विद्यार्थियों को जागरुक किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश जाटियान के मार्गदर्शन में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हम सभी के लिए एक स्वास्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 75 लाख सूर्य नमस्कार को उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा हैं। अपने-अपने घर पर एवं अपने आस-पास किसी खुले स्थान पर आनलाइन सूर्य नमस्कार करने के लिए प्रत्येक प्रतियोगी को अपना चित्र योग आयोग हरियाणा की वेबसाईट 75सूर्यनमस्कार.कॉम पर अपलोड किया जा रहा है।

### सरकार की आंगनबाड़ी एकता तोड़ने का प्रयास विफल

**भिवानी।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स सीटू से संबधित यूनियन ने भिवानी में 38वें दिन हडताल में हिस्सा लिया। धरने की अध्यक्षता रमन तथा सचांलन बबली मिताथल ने किया। प्रमुख रूप से रिटायर्ड कर्मचारी नेता रतन जिन्दल व किसान नेता निर्मल नाथूवाश व सचिव राज बाला शर्मा ने संबोधित किया। संगठन नेताओं ने कहा कि राज्य में 8 दिसंबर से तालमेल कमेटी के आह्वान पर हजारों वर्कर्स एवं हेल्पर्स हड़ताल पर हैं। हजारों हजार वर्कर एवं हैल्परों ने जेल में जाने के लिए अपने आपको पेश किया। लोहड़ी पर्व पर भी सैकड़ों ने हड़ताल करके 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री हरियाणा ने जो घोषणा की है, उनसे वर्कर व हैल्पर्स किसी भी तरह से खुश नहीं है। इसलिए तालमेल कमेटी के आह्वान पर हड़ताल को जारी रखते हुए सेन्टरों पर चिपकाए गये नोटिसों की हर गांव में प्रतियां जलाने का कार्यक्रम बनाया। सरकार द्वारा अपनी जेबी यूनियन(बीएमएस) बनवा कर व पुराने रजिस्टर्ड नम्बर देकर भटकाव में आई नेता द्वारा तरह-तरह के बयान जारी करवाए जा रहे हैं। ताकि हड़ताल को कमजोर किया जा सके। लेकिन वे इसमें सफल नहीं होंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों के ताले तुडवा कर नाजायज तरीके से केन्द्रों के फोटो ले रहे हैं। प्ले स्कूलों के बहाने बरगलाया जा रहा है, जिसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। अधिकारी घर घर जा कर डरा धमका रही हैं। जिसकी यूनियन नेताओ ने निंदा की। सरकार ने महिलाओं को मकर सक्रान्ति त्योहार भी धरने पर मनाने के लिए मजबूर किया है।

### कोविड के लक्षण दिखने पर स्वयं को करें क्वारंटीन

**सोनीपत।** एसडीएम शशि वसुंधरा ने कहा है कि कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत सभी जिलावासी सरकार द्वारा जारी हिदायतों का स्वेच्छा से पालन करें। कोविड के लक्षण दिखने पर खुद को घर में क्वारंटीन करें। इसके अलावा बाजार में शॉपिंग के दौरान भीड़ का हिस्सा न बनें। एसडीएम ने कहा है कि जिला में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सभी जिलावासी कोविड हिदायतों का पालन करें। शॉपिंग के लिए घर से निकलने से पहले यह ध्यान रखें कि ऐसे समय में दुकान पर जाये जब भीड़ कम हो। मास्क पहने, सेनिटाइजर साथ रखें तथा सामाजिक दूरी का पालन करें। उच्च जोखिम क्षेत्रों में मेडिकल मास्क का प्रयोग अवश्य करें। कम से कम समय में शॉपिंग करने के उद्देश्य से पहले ही सामान की सूची तैयार कर लें। एसडीएम वसुंधरा ने कहा है कि सरकार द्वारा घर पर क्वारंटीन के लिए आवश्यक हिदायतें जारी की गई है। संक्रमित व्यक्ति घर पर क्वारंटीन होकर हवादार कमरे में रहे, सभी घर के सदस्य मास्क का प्रयोग करें, हाथों को साबुन से धोयें अथवा सेनिटाइजर से सेनिटाइज करें। हर 6 घंटे में बुखार मापते रहे तथा हर 6 घंटे में ऑक्सीमीटर में ऑक्सीजन लेवल देखते रहे। घर के सदस्यों से दूरी बनाकर रखें। उपचार के लिए डॉक्टर की सलाह लेते रहे। ई-संजीवनी के माध्यम से भी डॉक्टर की सलाह ली जा सकती है। स्टीम अथवा गर्म पानी के गरारे करते रहे। गर्म सूप, जूस, नारियल पानी का सेवन करें। उचित ऑक्सीजन लेवल बनाये रखने के लिए आवश्यकता पड़ने पर पेट के बल लेटकर लम्बी सांसें लें तथा 6 घंटे के अंतराल में पेरासिटामॉल लेते रहे और आवश्यकता पड़ने पर कफ सिरप ले।

### बाबा बद्री समाधि स्थल कोल के महंत बने स्वामी कृष्ण पुरी

**कुरुक्षेत्र।** प्राचीन कपिल मुनि मन्दिर तीर्थ व बाबा बद्री नारायण समाधि स्थल कोल का पूर्णरूप से कार्यभार मकर संक्रांति के पावन पर्व पर साधुसमाज एवं गांववासियों ने महंत कृष्ण पुरी को सौंपा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमे गांववासियों व महिलाओं ने यज्ञ में आहुति डाली। भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष महत बंशी पुरी महाराज के आशीर्वाद से साधु समाज एवं गांववासियों द्वारा महंत कृष्ण पुरी का पट्टाभिषेक चादर की रस्म अदा की गई। चादर की रस्म पंडित अभिषेक के द्वारा मंत्रोचारण के साथ पांच स्थानों के महंत बाबा राम गिरि जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। गांववासियों द्वारा साधु समाज को तिलक लगा कर पंगत भोजन करवाया गया। इस अवसर पर महंत जगन्नाथ पुरी जी महाराज, स्वामी वेद पुरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, महंत मनोहर गिरि, महंत सत्यनारायण पुरी, महंत कमला पुरी, षडदर्शन साधुसमाज के संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, स्वामी खडांग पुरी, स्वामी रोशन पुरी व जसबीर, कृष्ण कुमार, बाबूराम, श्याम सुंदर, जसमेर इत्यादि मौजूद रहे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भरी संख्या में आमजन ने भाग लिया।

# मकर संक्रांति के पर्व पर गंगासागर में साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों ने लगाई डुबकी


**एजेंसी।** सागर द्वीप



मकर संक्रांति के पर्व पर शुक्रवार को गंगासागर में साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। इस दौरान अधिकारी कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों का पता लगाने के लिए आरटी-पीसीआर जांच करते नजर आए।

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों ने संक्रमण रोधी टीके की दोनों खुराक ले ली हैं, और जांच में संक्रमण नहीं पाया गया, उन्हें गंगासागर मेले में जाने की अनुमति दी गई। देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों के पहुंचने के साथ ही, कड़कड़ाती ठंड के बावजूद आधी रात से पवित्र स्नान प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने कपिल मुनि के मंदिर में पूजा-अर्चना की और दान भी दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के बावजूद स्नान के दौरान सामाजिक दूरी के नियम का उल्लंघन हुआ। एक अधिकारी ने कहा, हमने इस बार आरटी-पीसीआर जांच और पूर्ण टीकाकरण संबंधी प्रमाणपत्र के बिना किसी को आने की अनुमति नहीं दी। कोलकाता के बाबूघाट और दक्षिण 24 परगना के नामखाना और लॉट 8 सहित सभी प्रवेश मार्गों पर जांच की गई थी। अनुमान है कि अब तक 3.5 लाख तीर्थयात्री डुबकी लगा चुके हैं।

## प्रधानमंत्री ने मकर संक्रांति, बीहू, भोगी और पोंगल पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फसल कटाई के विभिन्न त्योहारों के मौके पर देशवासियों को बधाई दी और सभी की अच्छी सेहत के साथ जीवन में सुख और समृद्धि की भी कामना की।ज्ञात हो कि देश में आज मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बीहू, भोगी और उत्तरायण का त्योहार मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, मकर संक्रांति की आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। प्रकृति के पूजन से जुड़ा यह उत्सव हर किसी के जीवन में आरोग्य और आनंद लेकर आए। प्रधानमंत्री ने अलग-अलग भाषाओं में किए गए एक ट्वीट के जरिए देशवासियों को पोंगल, माघ बीहू, उत्तरायण और भोगी त्योहार की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, पोंगल तमिलनाडु की सजग संस्कृति को द्योतक है। इस अवसर पर आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं, खासकर दुनिया भर में फैले सभी तमिल लोगों को। मैं कामना करता हूं कि प्रकृति के साथ हमारा सामंजस्य और समाज में भाईचारा और भी गहरा हो। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, आप सभी को माघ बीहू की शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूं कि यह त्योहार आप सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने उत्तरायण और भोगी की भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। पोंगल से पहले भोगी पर्व तमिलनाडु और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में मनाया जाता है।

बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन हादसा

# रेल-इंजन के किसी उपकरण में थी खराबी : अश्विनी कुमार

### रेल मंत्री ने कहा हादसे की मूल वजह जल्द पता चल जाएगी

**एजेंसी।** जलपाइगुड़ी/गुवाहाटी



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि रेल-इंजन के उपकरण में कुछ खराबी थी।

पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में दोमोहानी के निकट बृहस्पतिवार को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और इनमें से कुछ डिब्बे पलट गए थे। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 36 अन्य लोग घायल हो गए हैं। वैष्णव ने कहा कि इंजन के उपकरण को पूरी तरह से खोलने के बाद ही हादसे के कारण का पता चल पाएगा। मंत्री ने अस्पताल में घायल यात्रियों से भी मुलाकात की। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा, रेल-इंजन के किसी उपकरण में कोई खराबी थी, ट्रेन की रफ्तार या पटरियों में नहीं। उपकरण पर निशान होंगे। उसे खोलने और निशानों पर गौर करने के बाद ही हादसे का कारण पता चल पाएगा।

रेल मंत्री ने कहा, हादसे की मूल वजह जल्द पता चल जाएगी। दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जांच की जा रही है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। अनुग्रह राशि के वितरण के संबंध में परिवारों के साथ बातचीत जारी है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) की प्रमुख जन सम्पर्क अधिकारी (सीपीआरओ) गुनीत कौर ने बताया वैष्णव सुबह नौ बजकर 38 मिनट पर दोमोहानी रेलवे स्टेशन पहुंचे और दो मिनट के भीतर एक मोटर ट्रॉली पर घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। कौर ने कहा, उन्होंने घटनास्थल पर पटरी और मरम्मत कार्यों की स्थिति का पता लगाने के लिए ट्रॉली से ही निरीक्षण किया। उन्होंने रेल-इंजन के अंडरफ्रेम और उसके ब्रेकिंग सिस्टम का भी गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जिनमें से तीन मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

### 10 ट्रेन हुई रद्द

सीआरपीओ ने बताया कि शुक्रवार को कम से कम 10 ट्रेनों को रद्द किया गया है। कुछ ट्रेनों की सेवाएं उनके गंतव्य स्टेशनों से पहले ही समाप्त हो जाएंगी, जबकि कुछ ट्रेनों को उनके प्रस्थान स्टेशनों की बजाय दूसरे स्टेशनों से शुरू किया जाएगा। वहीं, लंबी दूरी वाली अन्य 10 ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

### जांच समिति का गठन

**कौर** ने कहा, डिब्बों के पटरी से उतरने के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच समिति का गठन किया गया है। बताया कि एनएफआर के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता बृहस्पतिवार देर रात 12 बजकर आठ मिनट पर मौके पर पहुंचे और ट्रेनों की आवाजाही को सामान्य करने के लिए वह पटरियों के जीर्णोद्धार कार्य की निगरानी कर रहे हैं। गुप्ता बृहस्पतिवार की रात और शुक्रवार को तड़के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचे और घायलों की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की।

### मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख की अनुग्रह राशि

सीआरपीओ ने बताया कि फंसे हुए 290 यात्रियों को लेकर एक विशेष ट्रेन रात करीब नौ बजकर 50 मिनट पर घटनास्थल से गुवाहाटी के लिए रवाना हुई। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) जीपी सिंह ने ट्वीट करके उस विशेष ट्रेन के सुबह करीब साढ़े आठ बजे गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पहुंचने की जानकारी दी। एनएफआर ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा था कि हादसे के समय ट्रेन में 1,053 यात्री सवार थे। भारतीय रेलवे ने मृतक के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए एक-एक लाख रुपये और मामूली रूप से घायल यात्रियों के लिए 25-25 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## उप्र स्वास्थ्य विभाग कोविड-19 अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए ठीक से तैयार नहीं है : एनजीटी




**एजेंसी।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा है कि उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) कोविड-19 रोगियों के जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए ठीक से तैयार नहीं हैं। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि राज्य के पांच जिलों बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत और रामपुर में 876 स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों से कोविड-19 अपशिष्ट संग्रह के लिए केवल एक वाहन है। पीठ ने कहा, उनका निगरानी तंत्र अपर्याप्त है। अभिलेखों का अनुरक्षण नियमानुसार नहीं है। जैव-चिकित्सा अपशिष्ट संग्रहण के काम में भी कमी है। अपशिष्ट के संग्रह और निपटारे में शामिल श्रमिकों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं हैं। पीठ ने हाल में पारित आदेश में कहा, सामान्य कचरे से जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट का पृथक्करण और उसके वैज्ञानिक निपटान में सुधार की आवश्यकता है।

अधिकरण ने कहा कि क्योंकि कोविड-19 कचरे सहित जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंधन और निपटान में पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन में भारी अंतराल हैं, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा है। उसने कहा कि स्थिति को ठीक करने के लिए प्रभावी उपाय अपरिहार्य हैं। अधिकरण ने मामले की उचित निगरानी के लिए राज्य और जिला स्तर पर दो समितियों का गठन किया।

पीठ ने कहा, राज्य और जिला स्तर की निगरानी समितियां अपनी सहायता के लिए किसी अन्य विशेषज्ञ/ एजेंसी की मदद लेने के लिए स्वतंत्र होंगी।

पीठ ने कहा, उक्त समितियां स्थिति में सुधार होने तक पहली बार में दो सप्ताह के भीतर बैठक कर सकती हैं और उसके बाद राज्य समिति महीने में एक बार और जिला समिति एक पखवाड़े में एक बार बैठक कर सकती है।

## उत्तर प्रदेश चुनाव : रालोद-सपा ने उम्मीदवारों का चयन किया

**किशोर द्विवेदी।** नोएडा (उप्र)



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने निर्वाचन क्षेत्र के उन शिक्षित उम्मीदवारों को चुना है, जिनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है जबकि सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) ने उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करते हुए जीतने की क्षमता के आधार पर प्रत्याशियों का चयन किया है। सपा और रालोद ने पिछले साल गठबंधन की घोषणा की थी। गठबंधन ने बृहस्पतिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 29 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां 10 फरवरी को मतदान होगा। इसके तहत सपा ने 10 सीटों पर और रालोद ने 19 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद जैसे जिलों की इन सीटों में से ज्यादातर पर 2017 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी, लेकिन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन और बदलते जाति समीकरणों का काफी प्रभाव पड़ा है।

रालोद के प्रवक्ता संदीप चौधरी ने कहा, टिकट वितरण में उम्मीदवार की पृष्ठभूमि पर गौर किया गया। रालोद के घोषित उम्मीदवारों में से किसी की भी आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। वे सभी शिक्षित और योग्य उम्मीदवार हैं जिनका अपने क्षेत्र के लोगों में अच्छी पैठ है। हमारा कोई उम्मीदवार बाहरी नहीं है। सभी उस विधानसभा सीट के हैं जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं।

## शिपरॉकेट ने रॉकेटबॉक्स का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स कंपनी शिपरॉकेट ने शुक्रवार को कहा कि उसने बी2बी लॉजिस्टिक्स मंच रॉकेटबॉक्स का अधिग्रहण कर लिया है। अधिग्रहण राशि का खुलासा नहीं किया गया है।

एक बयान में कहा गया कि रॉकेटबॉक्स के संस्थापक शिपरॉकेट के नेतृत्व दल में शामिल होंगे और इस समझौते के तहत कार्गो उत्पाद बनाते रहेंगे। इसमें कहा गया कि शिपरॉकेट और रॉकेटबॉक्स मिलकर ग्राहकों को व्यवधान रहित अनुभव देने के लिए प्रौद्योगिकी, प्रभावशीलता, विशेषज्ञ कार्गो साझेदार के मजबूत मेल के तौर पर काम करते हुए परिवहन में आने वाली लागत को कम करेंगे। शिपरॉकेट के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी साहिल गोयल ने कहा, उपभोक्ताओं की तेजी से बदलती अपेक्षाओं और त्वरित तथा निर्बाध आपूर्ति की उनकी चाह को देखते हुए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरण उत्कृष्ट हों।

## गोवा विधानसभा चुनाव में 40 में से 38 सीटों पर लड़ेगी भाजपा

**एजेंसी।** पणजी



गोवा में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रदेश में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों में 40 में से 38 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पदाधिकारी ने कहा कि दो विधानसभा क्षेत्रों - बेनालिम और नुवेम में पार्टी अपने चुनाव चिह्न पर कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। बेनालिम और नुवेम विधानसभा क्षेत्र के लोग परंपरागत रूप से गैर-भाजपाई उम्मीदवारों के लिए मतदान करते हैं। यह दोनों ईसाई बहुल सीटें हैं। फिलहाल बेनालिम का प्रतिनिधित्व चर्चिल अलेमाओ करते हैं जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद पिछले महीने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए थे। वहीं नुवेम का प्रतिनिधित्व विल्फ्रेड डीसा करते हैं जिन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर जीता था लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे।

पदाधिकारी ने कहा, उम्मीदवारों के बारे में औपचारिक घोषणा 16 जनवरी के बाद की जाएगी, जब पार्टी का संसदीय बोर्ड सूची को मंजूरी देगा। उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा अपनी कोर समिति की बैठकें कर रही है। गोवा चुनावों के लिए पार्टी के प्रभारी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं, जिसमें भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद शेत तानावड़े, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य लोग शामिल हुए। सावंत ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा था कि भाजपा के पदाधिकारी 15 जनवरी को शीर्ष नेताओं के साथ बैठक करने के लिए दिल्ली जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूईएफ का दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन 17 से

**नई दिल्ली/जिनेवा।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के ऑनलाइन आयोजित होने जा रहे दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले दिन संबोधित करेंगे।पांच दिवसीय यह शिखर सम्मेलन 17 जनवरी से आरंभ हो रहा है जिसमें अन्य वैश्विक नेता भी 2022 के लिए विश्व को लेकर अपने दृष्टिकोण साझा करेंगे। डब्ल्यूईएफ को कोरोना वायरस महामारी के कारण सालाना बैठक का प्रत्यक्ष आयोजन रद्द करना पड़ा। दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन का आयोजन लगातार दूसरी बार डिजिटल तरीके से हो रहा है। 2022 की सालाना बैठक इस वर्ष के अंत में हो सकती है। डब्ल्यूईएफ ने कहा मोदी के अलावा, इस सम्मेलन को जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, अमेरिकी की वित्त मंत्री जेनेट एल एलेन समेत अनेक वैश्विक नेता संबोधित करेंगे।

### हैकरों के हमले के बाद यूक्रेन की कई सरकारी वेबसाइट बंद

**कीव।** यूक्रेन पर शुक्रवार को हुए साइबर हमले के बाद से कई सरकारी वेबसाइट बंद हैं। यूक्रेन के अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओलेग निकोलेंको ने शुक्रवार को फेसबुक पोस्ट में लिखा, बड़े हैकिंग हमले की वजह से विदेश मंत्रालय और कई अन्य सरकारी एजेंसियों की वेबसाइट अस्थाई रूप से बंद हैं। हमारे विशेषज्ञ पहले ही आईटी प्रणाली के कार्य को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेनस्काय प्रावदा अखबार के मुताबिक देश की कैबिनेट, सात मंत्रियों, कोषागार, राष्ट्रीय आपदा सेवा और राज्य सेवा की वेबसाइट हैकिंग की वजह से उपलब्ध नहीं हैं। खबरों के मुताबिक, हैकरों ने विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर यूक्रेनी, रूसी और पोलिश भाषा में संदेश लिखा कि यूक्रेनवासियों के निजी आंकड़े सार्वजनिक मंच पर लीक कर दिए गए हैं। संदेश में लिखा गया, चिंता करो एवं और बुरे की उम्मीद करो। यह तुम्हारे भूतकाल, वर्तमान और भविष्य के लिए है।

### पाक में नए सिरे से जनगणना और आवास गणना होगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध बेहतरीन पद्धतियों से देश में नए सिर से जनगणना और आवास गणना कराने का फैसला किया है। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला वर्ष 2017 में हुई जनगणना के नतीजों में उत्पन्न विसंगति के मद्देनजर किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व में समान हित परिषद (सीसीआई) की 49वीं बैठक हुई जिसमें सातवीं जनगणना और आवास गणना कराने और जनगणना निगरानी समिति का गठन करने का फैसला किया गया। बयान के मुताबिक जनगणना सलाहकार समिति की सिफारिश के आधार पर सीसीआई ने बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय पद्धतियों, डिजिटल तकनीक और जीआईएस निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल कर जनगणना कराने का फैसला किया। बैठक में बताया गया कि जनगणना से पहले आवासों की गणना की जाएगी।

### उत्तर कोरिया ने इस महीने तीसरी बार मिसाइल का परीक्षण किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि महामारी के कारण सीमाएं बंद रखने और अमेरिका के साथ गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने इस महीने तीसरी बार मिसाइल परीक्षण किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने यह नहीं बताया कि मिसाइल कहां से दागी गई। इस बारे में उन्होंने विस्तार से कुछ और जानकारी नहीं दी। मिसाइल दागे जाने के कुछ घंटे पहले उत्तर कोरिया ने एक बयान जारी कर इस महीने के पहले के मिसाइल परीक्षणों को लेकर अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन की तरफ से लगाई गई नई पाबंदियों की निंदा की। उत्तर कोरिया ने आगाह किया कि अगर अमेरिका टकराव वाला रुख बरकरार रखता है तो वह और कठोर कदम उठाएगा।

### जबरन वसूली करने के आरोप में छह गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के फोन नंबर का इस्तेमाल कर शहर के एक बिल्डर से संपर्क करने और बाद में उससे 20 लाख रुपये की जबरन वसूली का प्रयास करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जाल बिछाकर बृहस्पतिवार को बिल्डर से दो लाख रुपये लेते हुए आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, एक आरोपी ने शिकायतकर्ता को फोन करने के लिए फर्जी कॉल ऐप्लीकेशन पर पवार के नंबर का इस्तेमाल किया और उपमुख्यमंत्री का कर्मचारी होने का स्वांग रचा। आरोपियों की पहचान नवनाथ चोरमाले, सौरभ काकाडे, सुनील वाघमारे, किरण काकड़े, चैतन्य वाघमारे और आकाश निकलजे के रूप में हुई है।

### गृहमंत्री के काफिले से बाइक की टक्कर, एक की मौत

**विलियमनगर।** मेघालय के गृहमंत्री एल रिमबुई के काफिले में शामिल वाहन से एक मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था की स्थिति पर एक उच्च स्तरीय बैठक में रिमबुई शामिल होने जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रही मोटरसाइकिल काफिले में शामिल एक वाहन से टकरा गई। यह घटना खेड़ा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर दोपहर को डेढ़ बजे हुई। उन्होंने बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मोटरसाइकिल जिस कार से टकराई वह ईस्ट गारो हिल्स डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव फोर्स की थी। इस घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

### सरकार ऑनलाइन खेलों पर लगाम लगाने के लिए कानून लाएगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बच्चों में ऑनलाइन खेलों की बढ़ती लत और आत्मघाती कदम उठाने की बढ़ती घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मोबाइल फोन पर खेल संबंधी ऐप पर लगाम लगाने के लिए एक अधिनियम लाएगी। भोपाल में 11 वर्षीय लड़के द्वारा ऑनलाइन खेल फ्री फायर खेलते हुए कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को पत्रकारों से मिश्रा ने यह बात कही। मप्र के गृहमंत्री ने कहा, फ्री फायर खेल जो दुखद घटना का कारण बना, वह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। हम मध्य प्रदेश में ऑनलाइन खेलों पर लगाम लगाने के लिए एक कानून लेकर आ रहे हैं। इसके लिए मसौदा लगभग तैयार है। हम जल्द ही इसे मूर्त रूप देंगे।

# भाजपा ने प्रियंका गांधी पर चयनात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया

## महिलाओं और बच्चियों से दुष्कर्म करने वाले दरिंदे आसपास ही घूम रहे हैं : पात्रा

### राजनीति की धुरी बनाकर गांधी परिवार अपनी महत्वाकांक्षा को साधने की कोशिश कर रहा है...

**एजेंसी।** नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान के अलवर जिले में मानसिक रूप से निशक्त 15 वर्षीय किशोरी के कथित बलात्कार की घटना को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस और उसकी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा पर निशाना साधा और चयनात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा ऐसा क्यों है कि उत्तर प्रदेश में जाकर प्रियंका गांधी वाड्रा कहती हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं, लेकिन राजस्थान में जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां उनके सुर लड़की हो तो लड़ना मना है और चुप रहना ही पड़ेगा में बदल जाते हैं। पात्रा ने कहा कि जब वह किशोरी जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही थी उस वक्त प्रियंका गांधी, जो खुद को चैंपियन ऑफ महिला कहती हैं, वह राजस्थान के ही रणथंभौर में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मना रही थीं। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस महासचिव से मिलने रणथंभौर भी गया था।

पात्रा ने दावा कि यह कह कर भाजपा नेताओं को प्रियंका वाद्रा से नहीं मिलने दिया गया कि वह अपना जन्मदिन मनाने में व्यस्त हैं और किसी से मिल नहीं सकतीं। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस पार्टी की चयनात्मक राजनीति को दर्शाता है।

पात्रा ने कहा, वास्तव में आप कांग्रेसी हैं और केवल राजनीति कर सकती हैं...महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का इस्तेमाल करते हुए, उसको राजनीति की धुरी बनाकर गांधी परिवार अपनी महत्वाकांक्षा को साधने की कोशिश कर रहा है... राहुल गांधी और प्रियंका कर रहे हैं। यह अक्षम्य है। उन्होंने सवाल किया कि बलात्कार पीड़ितों के साथ फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले, कांग्रेस के नेता कब अलवर जाएंगे? उन्होंने यह भी पूछा कि कांग्रेस महासचिव वाड्रा ने राजस्थान में हुए जघन्य अपराध पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से क्या कोई रिपोर्ट तलब की है?

पात्रा ने राज्य की महिला और बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के उस बयान पर भी आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि महिलाओं व बच्चियों से दुष्कर्म करने वाले दरिंदे आसपास ही घूम रहे हैं, उनके माथे पर तिलक नहीं लगा होता है। उन्होंने इस बयान पर ममता भूपेश और मुख्यमंत्री गहलोत से माफी की भी मांग की। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है।

# भारत ने श्रीलंका को 90 करोड़ डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता दी

**एजेंसी।** कोलंबा।



**भारत** ने श्रीलंका को 90 करोड़ डॉलर से अधिक का कर्ज देने की घोषणा की है। इससे देश को विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने और खाद्य आयात में मदद मिलेगी। आर्थिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका में इस समय लगभग आवश्यक वस्तुओं की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। श्रीलंका के सेंट्रल बैंक के गवर्नर अजीत निवार्ड कैबराल ने बुधवार को कहा था कि उनका देश भारत से एक अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पर बातचीत कर रहा है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने बृहस्पतिवार को कैबराल से मुलाकात की और पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सुविधाओं का विस्तार करने के मद्देनजर श्रीलंका को भारत का मजबूत समर्थन जताया। एक ट्वीट में कहा गया, इनमें एशियाई समाशोधन संघ के 50.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के निपटान को स्थगित करना और 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मुद्रा अदला-बदली शामिल है। भारत के कदम पर टिप्पणी करते हुए विश्लेषकों ने यहां कहा कि भारतीय सहायता श्रीलंका के दिसंबर के अंत में घोषित विदेशी मुद्रा भंडार को दोगुना करने में योगदान दे सकती है।

# गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में बजा चुनावी बिगुल

## शुक्रवार से नामाकंन प्रक्रिया शुरू, कलेक्ट्रेट में पर्चा दाखिल कर सकेंगे प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर की तीनों विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी हो गया है। 14 जनवरी 2022 से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह पूरा चुनावी कार्यक्रम 14 जनवरी 2022 से शुरू होकर 27 जनवरी 2022 तक होगा।

गौतमबुद्ध नगर की नोएडा विधानसभा, दादरी विधानसभा और जेवर विधानसभा के लिए नामांकन से लेकर नाम वापसी तक को प्रक्रिया 14 जनवरी से 27 जनवरी तक होगी।

गौतमबुद्ध नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तीनों विधानसभा सीटों पर चुनाव होने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नोएडा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को कलेक्ट्रेट में कमरा नंबर-113 में नामांकन करना होगा। दादरी विधानसभा के लिए कमरा नंबर.119 में नामांकन करना होगा और जेवर विधानसभा के लिए कमरा नंबर-114 में नाम अंकित करना होगा।

यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू होकर नामांकन वापसी तक की प्रक्रिया 27 जनवरी तक होगी। सभी विधानसभाओं के लिए आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्याशियों के नामांकन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट सुहास एलवाई ने सुबह कलेक्ट्रेट में बनाए गए नामांकन कक्षों में पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि नामांकन प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी द्वारा आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराते हुए समस्त नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित कराई जाएगी।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान शुक्रवार को 34 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों के द्वारा प्राप्त किए गए हैं। आज की प्रक्रिया में किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन नहीं कराया गया है। विधानसभा नोएडा 11 नामांकन पत्र विधानसभा दादरी 18 नामांकन पत्र विधानसभा जेवर से 5 नामांकन पत्र उम्मीदवारों के द्वारा प्राप्त किए गए हैं।

## गाजियाबाद में पहले दिन खरीदे गए 55 नामांकन पत्र

● मंडलायुक्त व आईजी ने किया लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में विधानसभा विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई। शुक्रवार को अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया, अलबत्ता सभी पांचों विधानसभाओं से 55 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस दौरान मंडलायुक्त सुरेंद्र कुमार आईजी प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से रखने के निर्देश दिए ।



कलेक्ट्रेट परिसर में पिछले कई दिन से नामांकन के लिए तैयारियां चल रही थी। जिसके चलते कलेक्ट्रेट परिसर में आने जाने के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है और पांच कक्षाओं में नामांकन पत्र जमा करने की व्यवस्था की गई है ।साथ ही त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। सुबह ही कलेक्ट्रेट के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाया गया था। पुलिस अधीक्षक नगर निपुण अग्रवाल व एडीएम सिटी विपिन कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह प्रवेश द्वार पर खुद सुरक्षा व्यवस्था की बागडोर सम्भाले हुए थे। इस दौरान बाहर से आने वाले लोगों को मेटल डिटेक्टर से जांच पड़ताल के बाद कलेक्ट्रेट के अंदर जाने की अनुमति दी गयी। आज नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया लेकिन 55 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें विधानसभा 53-लोनी में 08 प्रत्याशियों ने 14 प्रपत्र, विधानसभा 54- मुरादनगर में 06 प्रत्याशियों ने 07 प्रपत्र, विधानसभा 55- साहिबाबाद में 11 प्रत्याशियों ने 17 प्रपत्र, विधानसभा 56- गाजियाबाद में 09 प्रत्याशियों ने 15 प्रपत्र, विधानसभा 57- मोदीनगर में 02 प्रत्याशियों ने 02 प्रपत्र खरीदे गए। किसी भी विधानसभा से कोई भी नामांकन पत्र नही भरा गया।

## बीएसएफ और यूपी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में आज आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा पुलिस बल व केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफके जवानों के साथ अपने अपने जोन क्षेत्र के अंतर्गत क्रिटिकल व वल्नेरेबल एरिया व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन किया गया, उनके द्वारा सेंट्रल नोएडा जोन के थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-11 सेक्टर-12 ग्राम झुंडपुरा सेक्टर-22 व ग्राम चौडा तथा ग्रेटर नोएडा जोन के थाना जेवर व थाना रबूपुरा क्षेत्र के अंतर्गत जेवर कस्बा झुप्पा जंहागीरपुर, कंबुआन मोहल्ला, मेंहदीपुर फ्लैग मार्च निकाला गया तथा पी, सिस्टम के माध्यम से लोगों को शांतिपूर्वक अधिक से अधिक संख्या में निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने व ऐसे व्यक्ति जो चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गडबडी कर सकते है उनकी जानकारी देने के लिए भी कहा गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गडबडी करने वाले लोगों के विरुद्ध कडी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ के जवानों को आसपास के हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों के बारे में भी जानकारी दी गई । अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा, अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा, संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा स्थानीय पुलिस बल व केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ के जवानों के साथ निकाले गए फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया गया।

## बुखार कैसा भी हो, सतर्कता जरूरी: सीएमओ

● समय पर कराएं कोविड की जांच: डॉ. भवतोष

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सर्दी का मौसम है। बीच-बीच में बरसात भी हो रही है। ऐसे में कई बार सामान्य बुखार और जुकाम-खांसी भी हो सकती है। लेकिन इन्हें सामान्य मानकर अपना उपचार करते रहना ठीक नहीं है। बेहतर हो कि अपनी कोविड जांच करा लें और फिर रिपोर्ट के अनुरूप व्यवहार करें।

यानि कोविड पॉजिटिव हो गए हैं तो परिवार के अन्य सदस्यों के बचाव के लिए उनसे दूर रहें। अपने कपड़े आदि अलग रखें और चिकित्सक की सलाह पर ही उपचार लें। यह बातें शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने कहीं। कोविड के मामले में बढ़ रहे हैं लेकिन अधिकतर मामलों में पीड़ित को अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ रही। यानि अधिकतर माइल्ड केस हैं।

ऐसे में चिकित्सक की सलाह पर घर में रहकर उपचार कर सकते हैं। चिकित्सकीय परामर्श के लिए तमाम ऑनलाइन विकल्प मौजूद हैं। सीएमओ डा. भवतोष का कहना है कि जुकाम-खांसी और बुखार कैसा भी हो, पूरी सतर्कता जरूरी है। बुखार आने के साथ ही कोरोना की जांच कराएं। उससे भी पहले जैसे ही आपको शरीर में दर्द, जुकाम, खांसी या फिर बुखार के लक्षण महसूस हों, सबसे पहले खुद को आइसोलेट कर लें। आपका यह कदम आपके करीबियों को संक्रमण से बचाने में मदद करेगा। आइसोलेशन का यह मतलब भी नहीं है कि परिजन मरीज की सुध ही न लें।

ऐसा करना, कई बार मनोबल तोड़ने का कारण बन सकता है और मनोबल टूटने पर कोई बीमारी अपना वेग बढ़ा देती हैं। मरीज से एक सुरक्षित दूरी पर रहकर मिलें।

## आईपीएस अंकिता शर्मा का हुआ प्रमोशन, बनीं एडिशनल डीसीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में तैनात आईपीएस अधिकारी अंकिता शर्मा का प्रमोशन हो गया है।

अभी तक वह नोएडा में एसीपी के पद पर तैनात थी। जिनको अब नोएडा का एडिशनल डीसीपी बना दिया है। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और संयुक्त पुलिस आयुक्त लव कुमार ने अंकिता शर्मा को बधाई दी है। अंकिता शर्मा पिछले करीब एक साल से नोएडा में तैनात हैं और वह नोएडा जोन में



एसीपी के पद पर कार्य कर रही हैं। आईपीएस अंकिता शर्मा मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली हैं। वह काफ ी समय से एक्टिव हैं। अंकिता शर्मा महिलाओं से सुरक्षा के मुद्दे पर बातचीत करती रहती है। आलोक सिंह और लव कुमार ने स्टार लगाकर अंकिता शर्मा को बधाई दी।

## लहसुन के ढेर के नीचे से 50 पेटी शराब बरामद

**नोएडा।** नोएडा थाना बीटा-2 पुलिस ने शुक्रवार सुबह एक वाहन में लहसुन के ढेर के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 50 पेटी शराब बरामद की। थाना बीटा-2 के प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने एक वाहन को जांच के लिए रोका, और जांच के दौरान उन्हें लहसुन के ढेर के नीचे छिपा कर ले जाई जा रही 50 पेटी हरियाणा मार्का शराब मिली।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो लोगों विपिन तथा धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया है। यह शराब बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार 20 बाइक बरामद

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-24 थाना की पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात गश्त के दौरान दो कथित वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 20 मोटरसाइकिलें बरामद कीं पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि बीती रात को गश्त पर निकली पुलिस ने नोएडा सेक्टर 12 के पास से एक सूचना के आधार पर सलमान तथा सुमित नामक दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

इनकी निशानदेही पर पुलिस ने दिल्ली, गाजियाबाद तथा नोएडा के विभिन्न जगहों से चोरी की गई 20 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। वर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है, कि दोनों आरोपी इससे पूर्व भी कई बार वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।

## स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने सुरेश बंसल का जाना हालचाल

● कोरोना के चलते अस्पताल में भर्ती है भाजपा के पूर्व विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया कि 80 वर्षीय पूर्व विधायक सुरेश बंसल को कोविड-19 के संक्रमण के चलते 13 जनवरी को यशोदा सुपर स्पेशलिटी कौशांबी गाजियाबाद में भर्ती कराया गया है।

यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में भर्ती सुरेश बंसल का हाल-चाल लेने पहुंचे और बंसल का इलाज कर रहे रेस्पिरेटरी टीम के डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

बंसल का इलाज कर रहे डॉ आर के मणि, डॉ के के पांडे, डॉ अंकित सिन्हा ने बताया कि श्री बंसल को दो-तीन दिनों से कोविड-19 का संक्रमण था जो बढ़ गया। गर्ग ने सुरेश बंसल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और डॉक्टरों को उनका ध्यान रखने के लिए सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुरेश बंसल का इलाज डॉक्टरों की सघन निगरानी में हॉस्पिटल के कोविड-19 आईसीयू में चल रहा है।


## बिजली जुर्माना वसूलने में विद्युत निगम फिसड्डी

● 1700 लाख में वसूले गए केवल 250 लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विद्युत निगम बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करके मालामाल हो रहा है। पिछले एक वर्ष में साढ़े चार हजार से अधिक बिजली चोरी के प्रकरण पकड़े गए हैं। इन पर 1700 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

हालांकि, विद्युत निगम अभी तक करीब 250 लाख रुपये का राजस्व ही बिजली चोरों से वसूल पाया है, शेष राजस्व वसूलने के लिए जिला प्रशासन की मदद ली जा रही है। विद्युत निगम ने बीते एक वर्ष में जिले में 4500 से अधिक बिजली चोरी के मामले पकड़े हैं। औसतन 12 लोग रोजाना बिजली चोरी में



संलिप्त मिल रहे हैं। इनके खिलाफ विद्युत निगम की दो.दो विजिलेंस टीमों के अलावा निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्रवाई कर रहे हैं।

इसके बाद भी बिजली चोरी रुक नहीं पा रही है। पिछले आठ-दस महीनों में बिजली चोरी कराकर उपभोक्ताओं को लाभ देने के आरोप में कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज भी गिर चुकी है। इसके बाद भी कुछ अधिकारी और कर्मचारी ऐसे मामलों में संलिप्त हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का बिल्डरों के खिलाफ बड़ा आदेश

## कब्जा प्रमाण पत्र नहीं मिलना बिल्डर की विफलता, चुकाना होगा टैक्स

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा।

**नोएडा** और ग्रेटर नोएडा समेत देशभर के बिल्डरों को सुप्रीम कोर्ट ने तगडा झटका दिया है। उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि उपभोक्ता संरक्षण कानून.1986 के तहत किसी बिल्डर द्वारा मकान में रहने योग्य कब्जा प्रमाणपत्र प्राप्त करने में विफ्लता सेवा में कमी का मामला है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि यदि आवास खरीदार कब्जा प्रमाणपत्र की कमी के कारण उच्च करों और पानी के शुल्क का भुगतान करने के लिए मजबूर होते हैं तो बिल्डर पैसे वापस करने के लिए उत्तरदायी होगा।

शीर्ष अदालत राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटारा आयोग एनसीडीआरसी के एक आदेश के खिलाफअपील पर सुनवाई कर रही थीए जिसमें एक सहकारी हाउसिंग सोसाइटी द्वारा बिल्डर की चूक के कारण नगर निकाय प्राधिकारों को भुगतान किए गए अतिरिक्त करों और शुल्कों की वापसी की मांग को खारिज कर दिया गया था। एनसीडीआरसी ने शिकायत को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि यह उपभोक्ता विवाद स संबंधित नहीं बल्कि वसूली की प्रक्रिया से संबंधित मामला है। याचिकाकर्ता



सोसायटी के अनुसार, बिल्डर नगर निगम से कब्जा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए कदम उठाने में विफल रहा। याचिका में कहा गया कि कब्जा प्रमाणपत्र नहीं रहने के कारण फ्लैट के मालिक बिजली और पानी के कनेक्शन के लिए पात्र नहीं थे। सोसायटी के प्रयासों से प्राधिकारों ने अस्थायी तौर पर पानी और बिजली के कनेक्शन दिए। हालांकि, अपीलकर्ता सदस्यों को सामान्य दर से 25 प्रतिशत अधिक की दर से संपत्ति कर और पानी के लिए भी ऊंचे शुल्क का भुगतान करना पड़ा। शीर्ष अदालत ने एनसीडीआरसी के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसने बिल्डर के खिलाफसोसायटी की याचिका को खारिज कर दिया था और कहा था कि उन्हें ज्यादा कर लेने वाले प्राधिकारों के खिलाफ शिकायत करनी चाहिए। पीठ ने कहाए श्मौजूदा मामले में प्रतिवादी कब्जा प्रमाणपत्र के साथ सोसायटी को फ्लैट के स्वामित्व को हस्तांतरित करने के लिए जिम्मेदार था। प्रतिवादी द्वारा कब्जा प्रमाणपत्र प्राप्त करने में विफ्लता सेवा में कमी है जिसके लिए प्रतिवादी उत्तरदायी है।

**खरीदारों को बिजली-पानी महंगी मिलती है**

शीर्ष अदालत ने अपने हालिया आदेश में कहा, श्इस प्रकार, अपीलकर्ता सोसायटी के सदस्यों के उपभोक्ताओं के रूप में अधिकार हैं कि वे कब्जा प्रमाणपत्र नहीं रहने से उत्पन्न होने वाले परिणाम के कारण दायित्व जैसे कि मालिकों द्वारा उच्च करों और पानी के शुल्क का भुगतान को लेकर मुआवजे के लिए अनुरोध करें। नगर निकाय द्वारा कब्जा प्रमाणपत्र इमारत का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जारी किया जाता है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

उच्चाधिकारी आपका साथ देंगे. संबंधों का फायदा उठाते हुए रुके हुए कामों को पूरा कर लें। आर्थिक हालात से निपटने के लिए आर्थिक सलाहकार की जरूरत पड़ेगी. सलाहकार का चुनाव करें, सलाह से अच्छी दिशा मिलेगी. गाड़ी पटरी पर आ जायेगी.जीवनशैली और रहन-सहन में बदलने लाने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** गाय को गुड़ ओर रोटी खिलाएं

### वृष

आज रिश्तेदार शुभ समाचार लेकर आयेगे. ऑफिस के काम से बाहर जाना पड़ सकता है। आज धन मिलने वाला है। कोई करीबी गुमराह करने की कोशिश करेगा। दूसरों की राय को नजरअंदाज करें। डीनर के टाइम छोटी पार्टी का प्लान भी कर सकते है। लवमेट के लिए दिन कूल रहने वाला है। .

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** शनि महाराज की आराधना करें

### मिथुन

नए लोगों से मुलाकात होने के आसार हैं नए रिश्तों का आरम्भ होगा। आज जिस काम को दूसरे लोग हाथ लगाने से डर रहे हैं, उसे एक चुटकी में हल करने में आपको कोई नहीं रोक सकता है। अपनों के द्वारा छल हो सकता है। मानसिक रूप से आप मजबूत होंगे। अनावश्यक खर्चो पर नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है। समय की पाबन्दी व्यक्तित्व में चार-चांद लगा देगी। तरक्की से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** शनि चालीसा का पाठ करें

### कर्क

नए व्यक्ति से मिलने पर जिंदगी खुशियों से भर जाएगी। व्यवसाय के लिए दिन तरक्की वाला है। पैसा निवेश करना चाहते हैं तो वहां कीजिए जहां लम्बे समय तक लाभ की गुंजाइश है। शेयर बाजार और संपत्ति में पैसा लगाना ठीक रहेगा। नये क्षेत्र में भी निवेश की सोच रहे हैं, सोच समझ कर करें। जो भी हो भविष्य में निवेश का अच्छा फल मिलेगा। मन को केन्द्रित करने का प्रयास करें।

**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** मांसाहार से दूर रहें

### सिंह

दिन अच्छा बीतेगा। तनाव से दूर रहें। सेहत अच्छी रहेगी । मानसिक शांति मिलेगी। छात्रों को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। किस्मत साथ रहेगी। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने और आय के नए स्त्रोत मिलने की संभावना है। ऑफिस के कामों में सहकर्मी मदद मांग सकते है। रिश्तेदारी की कोई पुरानी प्रॉब्लम चली आ रही है, तो उसे आप आसानी से सुलझा सकते हैं। सफलता मिलेगी

**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाए

### कन्या

आज निर्णय न ले पाने से नए कार्यों का प्रारंभ करना हितकर नहीं है। सम्बंधों में औपचारिकता रखिएगा नहीं तो मनमुटाव होने की संभावना है। मनोबल से सर्वकार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। साथियों के साथ अच्छी तरह से समय बीतेगा। भावनात्मक सम्बंधों से नरम हो जाएंगे। पढ़ने में मन लगेगा। रूका हुआ धन मिलने के योग बनेंगे। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बनाएंगे। मन में व्यग्रता रहेगी। प्रतिस्पर्धियों संग विवाद के योग हैं।

**(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं

### तुला

आज आपने उस समस्या को सुलझा लिया जिसे कोई भी नहीं सुलझा पा रहा था। काम करते समय भावनाओं को नियंत्रण में रखने की कोशिश करनी चाहिए। गुस्से में गलत निर्णय भी ले सकते हैं। अधिकारियों की उम्मीद पर खरा उतरने के लिए मेहनत से काम करना चाहिए। पूरी मेहनत व गंभीरता से काम करें तो दिन आपका होगा।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष :** पीपल के पेड़ की जड़ में गंगाजल डालें

### वृश्चिक

दिन बेहतरीन रहने वाला है। स्टूडेंट्स प्रोजेक्ट के लिए जी तोड़ मेहनत करेंगे। शॉपिंग के लिए जाने की सोच रहें तो प्लान कैंसल कर दें। कोई मेहमान आपसे मिलने आ सकता है। नए लोगों से कॉन्टैक्ट बन सकते हैं। सीनियर्स काम से खुश रहेंगे, मीठा बोलकर अपने काम पूरे करवा सकते हैं। व्यापारियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** सवा किलो बेसन के लड्डू हनुमान जी को भोग लगाए।

### धनु

आज दिनचर्या में परिवर्तन करने की जरूरत है । छोटी-मोटी बात को लेकर भी जीवनसाथी से नोंक-झोंक हो सकती है। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा। रुका हुआ धन प्रयास करने पर मिलेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा सुकून देगी। माता-पिता से महत्वपूर्ण चर्चा सम्भव है। मूड को नियंत्रण में रखें नहीं तो हाथ में आया हुआ अवसर खो देंगे।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** धर्म स्थान में ध्वजा का दान करें

### मकर

व्यावसायिक क्षेत्र में बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं तो दिन बहुत ही शुभ है। अपनी ताकत व रुझान का विष्लेशण करना चाहिए, आने वाले समय में लाभ होगा। अचल सम्पत्ति जैसे व्यवसाय को अंतिम रूप देने का समय है। अपनी निवेश की गई सम्पत्ति को ना बेचे ।तो आप उसके विक्रेता से सम्पर्क करें व उसे वह बेचने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** शनि महाराज को सरसों का तेल अर्पित करें

### कुंभ

दिन उम्मीद से ज्यादा अच्छा रहेगा। दंपति जीवनसाथी के साथ घूमने का प्लान कर सकते है। कम परेशान व्यक्ति की मदद करना मानसिक तनाव को संतुलित करने के लिए अच्छे टॉनिक की काम करेगा। स्टूडेंट्स को पढ़ाई में अच्छा परिणाम लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती हैं।बड़े भाई की सलाह पर निवेश करें तो निश्चित ही आपको लाभ मिलेगा। वाणी में सौम्यता तो रहेगी।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** छोटे बच्चों में मिठाई बांटे

### मीन

रूका हुआ कार्य पूरा होगा। मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। मुकदमे में विजय के प्रबल योग हैं। समस्या का समाधान होगा। अनजान शख्स से दोस्ती ना करें। मेहनत करने की जरूरत है। कारोबार में इजाफा होगा। सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे ।हर कार्य में सफलता मिलेगी। खान-पान का विशेष ध्यान रखें।

**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** सोने का कड़ा धारण करें

# स्वच्छता पर जोर




**तीन साल में 384वें से चौथे स्थान पर पहुंचकर नोएडा ने स्वच्छ सर्वेक्षण में सबसे स्वच्छ मध्यम शहर का खिताब जीता।**

हम सभी सबसे स्वच्छ संभव परिवेश में रहने की इच्छा रखते हैं, लेकिन शायद ही कभी इसका स्वामित्व लेते हैं। नोएडा, एनसीआर का एक हिस्सा, जो निवासियों और व्यवसायों दोनों के लिए एक सुनियोजित वैश्विक शहर के रूप में उभर रहा है, ने सभी तेजी से विकासशील शहरों के लिए अपने धैर्य, दृढ़ संकल्प और जिम्मेदारी के चमत्कारी प्रदर्शन के साथ एक उदाहरण स्थापित किया है। भारत में स्वच्छता, स्वच्छता और स्वच्छता के वार्षिक सर्वेक्षण, स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में शहर ने हाल ही में सबसे स्वच्छ मध्यम शहर (तीन से 10 लाख की आबादी) हासिल किया है।

नोएडा सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में पहले स्थान का हकदार है, और मुझे उम्मीद है कि सभी एनजीओ इसे पूरा करने के लिए और भी अधिक मेहनत करेंगे। नोएडा के इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर की स्थापना के लिए एचसीएलएफ की क्लीन नोएडा परियोजना को बहुत-बहुत धन्यवाद। एचसीएलएफ की गांवों को संवेदनशील बनाने में मदद करने और यह सुनिश्चित करने में बहुत बड़ी भूमिका है कि यह आंदोलन नोएडा के ग्रामीण इलाकों तक पहुंचे। स्वच्छ सर्वेक्षण सर्वेक्षण 2021 में प्राप्त उच्च रैंक 2018 की तरह एक चमत्कारी जीत है, शहर 384 वें स्थान पर था और अब देश में चौथा सबसे स्वच्छ है।

यह फाउंडेशन द्वारा महीनों के संगठित और संरचित प्रयासों का परिणाम है। नागरिकों में व्यवहार परिवर्तन लाने के लिए ऑन-ग्राउंड अभियान और घर-घर जागरूकता सर्वेक्षण किए गए।

सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से कचरे को अलग करने और ठोस कचरे के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया था। एचसीएलएफ ने न केवल अभियान के माध्यम से कर्मचारियों और निवासियों को प्रशिक्षित किया, बल्कि कूड़ेदान, संग्रह गाड़ियां भी वितरित की और दीवार कला और भित्तिचित्रों के माध्यम से शहर के सौंदर्यीकरण गतिविधियों में शामिल था।

"स्वच्छ नोएडा परियोजना शहर भर में 90 से अधिक आरडब्ल्यूए के साथ काम करती है। इन क्षेत्रों के निवासी फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गई पहल और ज्ञान के लिए आभारी हैं। व्यवहार में बदलाव लाने में सालों लग जाते हैं। नोएडा को एक स्वच्छ शहर के रूप में उभरने के लिए क्लीन नोएडा 2018 से कड़ी मेहनत कर रहा है। हमारा उद्देश्य विकास, स्वच्छता को देखना और लोगों को शांति और सद्भाव में रहना सुनिश्चित करना है", लक्ष्मी नारायण, अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए, सेक्टर 19 ने व्यक्त किया।

शहर को पांच सितारा कचरा मुक्त शहर रेटिंग भी मिली है, जो 2020 में 3 सितारा कचरा मुक्त शहर रेटिंग प्राप्त करने से एक उच्च उपलब्धि है। उन्होंने अपने चाकचक गांव पहल के हिस्से के रूप में लगभग 8 गांवों को गोद लिया है। इन क्षेत्रों को आदर्श गांवों में बदलने के लिए कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास किया है। गांव के घरों के अपने कंपोस्टिंग गड्ढे हैं और उन्हें शून्य अपशिष्ट गांवों में बदलने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जागरूकता को बनाए रखने के लिए

# स्मार्ट समाधानों के साथ सफलता

**कृष्ण पाल गुर्जर** ने भेल के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन में पावर प्लांट फ्लेक्सिबिलाइजेशन - ए की टू ग्रिड स्टेबिलिटी पर एक वेबिनार का उद्घाटन किया।

आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में, केंद्रीय बिजली और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने पावर प्लांट फ्लेक्सिबलाइजेशन - ए की टू ग्रिड स्टेबिलिटी और इंडस्ट्री 4.0 - स्मार्ट सॉल्यूशंस के साथ सफलता पर एक वेबिनार का उद्घाटन किया। भेल के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बेंगलुरु में आयोजित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन वेबिनार में भेल के ग्राहक संगठनों, उद्योग संघों और प्रौद्योगिकी भागीदारों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। 800 से अधिक प्रतिभागियों ने वेबिनार में लॉग-इन किया, जबकि कई अन्य लोगों ने वेबकास्ट मोड के माध्यम से कार्यवाही देखी।

इस अवसर पर बोलते हुए, गुर्जर ने कहा कि भेल उत्पादों और सेवाओं सहित बिजली और औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर इंजीनियरिंग सिस्टम प्रदान करके देश की प्रगति की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली संयंत्र का लचीलापन और उद्योग 4.0 का कार्यान्वयन कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर जोर देने के साथ बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है और कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि बीएचईएल ने ग्राहकों के लिए बिजली संयंत्र के लचीलेपन और उद्योग 4.0 के क्षेत्रों में समाधान पेश करना शुरू कर दिया है।

इससे पहले, बीएचईएल के सीएमडी डॉ नलिन सिंघल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भेल ने देश की ढांचागत जरूरतों को पूरा करने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं और इस

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन वेबिनार में भेल के ग्राहक संगठनों, उद्योग संघों और प्रौद्योगिकी भागीदारों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। 800 से अधिक प्रतिभागियों ने वेबिनार में लॉग-इन किया, जबकि कई अन्य लोगों ने वेबकास्ट मोड के माध्यम से कार्यवाही देखी।**

दिशा में किए गए कई विकासों का उल्लेख किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भेल के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बेंगलुरु ने बिजली संयंत्रों और कर्षण के लिए नियंत्रण प्रणाली और आईटी-आधारित समाधान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

केवीएस बाबा, सीएमडी, पोसोको; सामी रीक्कोला, वाल्मेट ऑटोमेशन, फिनलैंड के अध्यक्ष और बी सी मलिक मुख्य अभियंता,

# शिक्षा में प्रौद्योगिकी

**आशीष दीक्षित का कहना है कि यह वर्ष भारतीय शिक्षा क्षेत्र में तेजी से प्रौद्योगिकी को अपनाने वाला है।**

बातचीत में दुनिया भर की शिक्षा प्रणालियों को सामने लाएं और भारत का उल्लेख नहीं करना मुश्किल होगा। 250 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ, हमारे देश में दुनिया भर में सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली है। महामारी ने हमें कठोर रूप से याद दिलाया कि कैसे हमारे जैसे देश को छात्रों के लिए एक संकर स्थिति की आवश्यकता है जहां वे ऑफ़लाइन और ऑनलाइन सीख सकें।

पहले सीमित स्वीकृति का सामना करने के बाद, एड टेक स्टार्ट-अप्स ने सन पोस्ट-सीओवीआईडी ????-19 में अपना पल पाया। पिछले पांच वर्षों में, इस उद्योग ने लगभग चार अरब डॉलर का निवेश प्राप्त किया है और अगले 10 वर्षों में 30 अरब डॉलर तक विस्तार करने का अनुमान है।

शैक्षिक संस्थानों को दूरस्थ शिक्षण विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, इस बीच, एड टेक स्टार्ट-अप के पास न केवल आवश्यक उपकरण थे बल्कि विशेषज्ञता भी थी जो हमारे पारंपरिक शिक्षा संस्थानों के जोखिम को कम करने में मदद करती थी। डिजिटल लर्निंग ने उन सभी लोगों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जिनके पास इंटरनेट कनेक्शन के साथ स्मार्टफोन है, जिससे वे कभी भी, कहीं भी सीखने, फिर से कौशल और अप-कौशल सीख सकते हैं।

एड टेक स्टार्ट-अप से बाहर आने के लिए सबसे शक्तिशाली बात यह है कि शिक्षार्थियों को अपनी अध्ययन सामग्री को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने का विकल्प मिलता है, और शिक्षकों और संस्थानों के लिए उद्यमी बनने का मौका मिलता है।

कई एड टेक ट्रेंड शिक्षा के बदलने के तरीके को प्रभावित कर रहे हैं। एक के लिए, वर्चुअल क्लासरूम एक ऐसी चीज है जिसकी हम अधिक उम्मीद कर सकते हैं और इसकी आदत डाल सकते हैं।

पूरे भारत में शैक्षणिक संस्थान डिजिटल रूप से संचालन के तकनीकी आराम को पकड़ रहे हैं। पहले लॉकडाउन के बाद, उनमें से बहुतों ने सीखा और अपने प्रशासनिक और परिचालन कार्यों को ऑनलाइन करना सीख रहे हैं। चाहे वह वार्षिक कैलेंडर हो, उपस्थिति, परीक्षण, असाइनमेंट, या शुल्क लेनदेन, यह सब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रबंधित करना और ट्रैक करना आसान हो गया है।




सीखने को एक रोमांचक और मजेदार अनुभव बनाने के लिए खेलों और सिमुलेशन को शैक्षिक उपकरण के रूप में लिया जा रहा है। ब्लॉकचेन तकनीक यह सुनिश्चित करती है कि रिकॉर्ड रखने, लेन-देन आदि के लिए उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेशन पारदर्शी और सुरक्षित हों।

ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर), और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) को लागत प्रभावी और विश्वसनीय बनाने के लिए बहुत काम किया जा रहा है ताकि ऑनलाइन सीखने को एक इमर्सिव अनुभव बनाया जा सके। जब भारत में इसके और अधिक सामान्य होने का समय आएगा, तो यह निश्चित रूप से हर जगह शैक्षिक संरचना में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

जैसे-जैसे दुनिया नियमित पाठ्यक्रम से आगे बढ़ती है और केवल एक डिग्री से अधिक कौशल विकास की आकांक्षा रखती है, हम 2022 के शैक्षिक परिदृश्य में तेजी से तकनीकी अपनाने की उम्मीद कर सकते हैं। सीआरएम (ग्राहक संबंध प्रबंधन) और एलएमएस (लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम) में निवेश जारी है। वृद्धि। जहां सीआरएम नामांकन प्रक्रियाओं के प्रबंधन के लिए फायदेमंद है, एलएमएस प्रशासन, प्रलेखन, ट्रैकिंग, रिपोर्टिंग और पाठ्यक्रमों के वितरण में मदद करता है।

शिक्षा क्षेत्र में एआर बाजार 2023 तक 5.3 अरब डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। इसलिए, हम उम्मीद कर सकते हैं कि इस तकनीक का अधिक उपयोग किया जाएगा और 2022 में और विकसित होगा। एआर के पास वीआर की तुलना में 2022 में अपनाने का एक बेहतर मौका है क्योंकि बाद वाले को एक अलग हेडगियर की आवश्यकता होती है, और पूर्व स्मार्टफोन के साथ अधिक संगत है।

डिजिटल सीखने को आकर्षक बनाने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य लोकप्रिय विधि 'गैमिफिकेशन' है जो एक गैर-गेम संदर्भ में एक गेम के तत्वों और सिद्धांतों के उपयोग को संदर्भित करती है। यह क्या करता है शिक्षार्थियों के लिए कठिन चीजों को सीखना मजेदार बनाता है। यह उन्हें अपने जुड़ाव के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। पॉइंट स्कोरिंग, पीयर कॉम्पिटिशन, टीम वर्क, प्रोग्रेस इंडिकेटर्स, प्लेयर कंट्रोल जैसे तत्वों को आने वाले वर्ष में और अधिक एकीकृत होते देखा जा सकता है।

हम सभी सहमत हो सकते हैं कि एड टेक के लिए पिछले दो वर्ष मील के पत्थर के वर्ष थे, लेकिन 2022 वह वर्ष होगा जब चीजें डिजिटल सीखने के लिए एक निश्चित आकार लेती हैं क्योंकि अधिक शैक्षणिक संस्थान एक ही पृष्ठ पर आते हैं।

**(लेखक माय ट्यूटर हब के संस्थापक अध्यक्ष हैं।)**

# मास्क नहीं तो मेट्रो नहीं

यात्रियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए सेलिब्रिटीज मेट्रो रेलवे के %नो मास्क नो मेट्रो% अभियान में शामिल हुए हैं। फिल्म निर्देशक संदीप रॉय, थेस्पियन देबशंकर हलदर, सुभासिस मुखर्जी, अभिनेता परन बंद्योपाध्याय, अभिनेत्री रिताभरी चक्रवर्ती, गायक राघव चट्टोपाध्याय और सैकत मित्रा, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बंगाल के कोच अरुण लाल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर लक्ष्मी रतन शुक्ला, बंगाल रणजी कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव स्नेहाशीष गांगुली, पूर्व भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी मिहिर बोस, प्रशांत बनर्जी, कृष्णेंदु रॉय और सैयद रहीम नबी और भारतीय फुटबॉल संघ

**यात्रियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए मशहूर हस्तियों ने कोलकाता मेट्रो रेलवे के साथ हाथ मिलाया है।**

के सचिव जॉयदीप मुखर्जी इस अभियान में भाग ले रहे हैं। अपने वीडियो संदेशों में, उन्होंने मेट्रो उपयोगकर्ताओं से हमेशा मास्क ठीक से पहनने और सभी कोविड प्रोटोकॉल को बनाए रखने का अनुरोध किया है। ये संदेश मेट्रो स्टेशनों के प्लेटफॉर्म टीवी के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी चलाए जा रहे हैं।

12 जनवरी को दमदम, बेलगछिया, श्यामबाजार, सोवाबाजार-सुतनुती, गिरीश पार्क, महात्मा गांधी रोड, सेंट्रल, चांदनी चौक, एस्प्लेनेड, पार्क स्ट्रीट, मैदान, रवींद्र सदन, नेताजी भवन, जतिन दास पार्क, कालीघाट, रवींद्र सरोबर, महानायक उत्तम कुमार, मास्टरदा सूर्य सेन, कवि नजरूल,






कवि सुभाष स्टेशन और साथ ही साथ चल रहे महानगरों के अंदर। मेट्रो आरपीएफ इस घातक वायरस के बारे में मेट्रो यात्रियों को जागरूक करने के लिए उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम मेट्रो के सभी 33 स्टेशनों के साथ-साथ अंदर चलने वाली ट्रेनों में 'नो मास्क नो मेट्रो' अभियान चला रहा है। इन अभियानों में, ऑन-ड्यूटी आरपीएफ कर्मचारी सभी से अनुरोध करते रहे हैं कि वे हमेशा मास्क को ठीक से पहनें, सामाजिक दूरी बनाए रखें और मेट्रो परिसर में अन्य सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन लाउड हैलर की मदद से करें।

ऑन-ड्यूटी स्टेशन के कर्मचारी भी यात्रियों से ट्रेनों के अंदर, बुकिंग काउंटरों के सामने और प्लेटफॉर्म पर सामाजिक दूरी बनाए रखने का अनुरोध कर रहे हैं। सभी स्टेशनों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित घोषणाएं भी की जा रही हैं, जिसमें यात्रियों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे सभी कोविड प्रोटोकॉल को बनाए रखने के लिए मेट्रो प्राधिकरण और सह-यात्रियों के साथ सहयोग करें।



# अवसंरचना परियोजनाएं

ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सहयोग करने और तलाशने के लिए एसएमईसी समूह के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।




ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टेंसी और इंजीनियरिंग कंपनी राइट्स लिमिटेड ने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में सहयोग करने और तलाशने के लिए एसएमईसी ग्रुप के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

समझौता ज्ञापन राइट्स और एसएमईसी को बुनियादी ढांचा क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने, पहचानने, आगे बढ़ाने और संयुक्त रूप से निष्पादित करने के लिए सहयोग और सहयोग करने में सक्षम करेगा। यह दोनों कंपनियों को संचालन को अनुकूलित करने और वैश्विक स्तर पर विस्तार करने के लिए एक-दूसरे की विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की अनुमति देगा। यह सहयोग विभिन्न सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्त निकायों या प्राधिकरणों/निजी संस्थाओं/बहुपक्षीय-वित्त पोषण एजेंसियों में उत्पन्न होने वाले परामर्श अवसरों की खोज सहित ज्ञान साझा करने और व्यावसायिक प्रस्तावों के विकास की सुविधा प्रदान करेगा।

**समझौता ज्ञापन राइट्स और एसएमईसी को बुनियादी ढांचा क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने, पहचानने, आगे बढ़ाने और संयुक्त रूप से निष्पादित करने के लिए सहयोग और सहयोग करने में सक्षम करेगा।**



# पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में पहुंचना : भारतीय महिला फुटबॉल टीम के कोच

## टूर्नामेंट में मेजबान भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 जनवरी को ईरान के खिलाफ करेगा

एजेंसी। मुंबई

**भारतीय** महिला फुटबाल टीम की मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी ने कहा कि उनकी टीम आगामी एएफसी एशियाई महिला कप के लिए अच्छी तरह से तैयार है और उसका पहला वास्तविक लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है।

मेजबान भारत एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के इस शीर्ष टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 20 जनवरी को ईरान के खिलाफ करेगा। डेनेरबी ने शुक्रवार को महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए आयोजित ऑनलाइन मीडिया सत्र में कहा, जब हमने टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू की थी तब ही मैंने कहा था कि क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना हमारा पहला लक्ष्य होगा। अनुभवी कोच ने कहा, अगर हम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचते हैं, तो सब कुछ हो सकता है क्योंकि जब आप क्वार्टर फाइनल में होते हैं और यह नॉकआउट चरण होता है। इसमें सभी टीमें दबाव में खेलेंगी, लेकिन निश्चित रूप से क्वार्टर फाइनल हमारा लक्ष्य है और हमें भी लगता है कि यह हासिल करने लायक लक्ष्य है। बारह टीमों की इस टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप ए में रखा गया है।



भारतीय टीम को ग्रुप चरण में ईरान (20 जनवरी), चीनी ताइपै (23 जनवरी) और चीन (26 जनवरी) के खिलाफ खेलना है। ग्रुप चरण में प्रतिद्वंद्वी टीमों के बारे में पूछे जाने पर डेनेरबी ने कहा, यह तीन अलग-अलग टीमों के खिलाफ तीन अलग-अलग खेल शैली के बारे में है। मुझे लगता है कि ईरान के खिलाफ पहला मैच हमारे लिए कठिन होगा क्योंकि हमने अब तक जो देखा है, उसमें उनकी रक्षापंक्ति काफी मजबूत है। डेनेरबी ने कहा, उनकी टीम में कुछ अच्छे स्ट्राइकर भी है। अगर हमारी रक्षापंक्ति मजबूत रहती है तो भी टीम को हमेशा चौकन्ना रहना होगा।

### चीन की टीम पारंपरिक एशियाई शैली में खेलती है

डेनेरबी के अनुसार, चीनी ताइपै के खिलाफ भारत का दूसरा मैच बराबरी का होगा, लेकिन चीन के खिलाफ ग्रुप चरण का आखिरी मैच मैच कठिन होगा। उन्होंने कहा, चीन की टीम पारंपरिक एशियाई शैली में खेलती है जिसमें छोटे पास देना शामिल है। उन्हें रोकना निश्चित रूप से कठिन होगा, लेकिन फिर भी चीन उस स्तर पर नहीं है जैसा वे कुछ साल पहले थे। स्वीडन के इस 62 साल के कोच ने भारतीय टीम की तैयारी के बारे में कहा, हमारे पास तैयारी को काफी समय था। हम पांच महीने से अधिक समय से एक साथ हैं। कुल मिलाकर 200 से अधिक सत्र हुए हैं जिनमें फुटबॉल, स्ट्रेंथ, रनिंग सत्र और उचित टीमों के खिलाफ मैच खेलना भी शामिल है। अब हम वास्तव में अच्छी तरह से तैयार हैं।

# भारत की नजरें पांचवें अंडर-19 विश्व कप खिताब और नई प्रतिभाओं पर

## चार बार की चैंपियन भारतीय टीम का पहला मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से आज

एजेंसी। जॉर्जटाउन



रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को अंडर 19 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजरें अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए नई प्रतिभाओं को तलाशने पर लगी होंगी।

हरनूर सिंह, राजवर्धन हंगरगेकर, कप्तान यश धुल और रवि कुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक पिछले टूर्नामेंटों में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। भारतीय टीम एशिया कप जीतने के बाद यहां पहुंची है और अभ्यास मैचों में वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया को हराया। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम रही भारतीय टीम पिछले तीन सत्रों में फाइनल में पहुंची। दो साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में हारी भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी सीनियर टीम तक नहीं पहुंचा। अब देखना यह है कि क्या 2022 की अंडर 19 टीम में से कोई यह कमाल कर सकता है। मौजूदा टीम में पृथ्वी साव और शुभमन गिल (2018 बैच) जैसी प्रतिभाएं नहीं हैं लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने ध्यान खींचा है।

जालंधर में जन्मे बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर से काफी उम्मीदें हैं। पिछली बार यशस्वी जायसवाल ने इस टूर्नामेंट में काफी रन बनाए थे। हरनूर ने एशिया कप में पांच मैचों में 251 रन बनाए और आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जनवरी को अभ्यास मैच में नाबाद 100 रन की पारी खेली।

दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हंगरगेकर महाराष्ट्र के लिए सीनियर क्रिकेट खेल चुके हैं। एशिया कप में उन्होंने अपनी गति से प्रभावित किया और आठ विकेट लिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रवि कुमार ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट चटकाए थे। कप्तान धुल दिल्ली क्रिकेट में काफी प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। एशिया कप में वह कोई कमाल नहीं कर सके लेकिन यहां दोनों अभ्यास मैचों में अर्धशतक जमाए। हरफनमौला राज बावा दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज और खब्बू बल्लेबाज हैं जो टीम के काफी उपयोगी सदस्य हैं। मुख्य कोच रिषिकेश कानितकर ने कहा, भारत का इस टूर्नामेंट में गौरवशाली इतिहास रहा है लेकिन वह बीती बात है।

हमें नए सिरे से नई टीम के साथ शुरुआत करनी है। भारत को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, आयरलैंड और युगांडा के साथ रखा गया है। शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच इस ग्रुप का सबसे कठिन मैच होगा। दक्षिण अफ्रीका ने 2014 में खिताब जीता लेकिन दो साल पहले क्वार्टर फाइनल में हार गई। उसके पास डेवाल्ड ब्रेविस जैसा हरफनमौला है जिसने सीएसए प्रोविंशियल टी20 नॉकआउट टूर्नामेंट खेला। उसकी तुलना एबी डिविलियर्स से की जाती है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एसके रशीद, निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान।

**दक्षिण अफ्रीका** : जॉर्ज वान हीर्डेन (कप्तान), लियाम एल्डेर, मैथ्यू बोस्ट, डेवाल्ड ब्रेविस, माइकल कोपलैंड, एथान कनिंघम, वेलेंटाइन किटिमे, वेना मफाका, गेरहार्ड मारी, फाइवे मयांडा, एंडिले सिमेलेन, जेड स्मिथ, काडेन सोलोमंस, जोशुआ स्टीफेंसन, असाखे तशाका।

**मैच का समय : भारतीय समयानुसार 6:30 से।**

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती

एजेंसी। केपटाउन



**दक्षिण** अफ्रीका ने अपने अनुशासित और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दुनिया की नंबर एक टीम भारत का अंतिम किला फतह करने का सपना दुस्वप्न में बदलकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन शुक्रवार को यहां सात विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

दक्षिण अफ्रीका के सामने 212 रन का लक्ष्य था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल किया। इसमें कीगन पीटरसन (113 गेंदों पर 82 रन) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तीसरे दिन कप्तान डीन एल्गर (30) के साथ 78 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी थी। पीटरसन ने चौथे दिन सुबह रॉसी वान डर डुसेन (नाबाद 41) के साथ 52 रन जोड़कर भारत की उम्मीदों पर पानी फेरा। रही सही कसर वान डर डुसेन और तेम्बा वावुमा (नाबाद 32) के बीच 57 रन की अटूट साझेदारी ने पूरी कर दी।

भारत के पास दक्षिण अफ्रीका में पहली बार श्रृंखला जीतने का बेहतरीन मौका था। उसने सेंचुरियन में पहला टेस्ट मैच 113 रन से जीतकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन जोहानिसबर्ग में दूसरा मैच सात विकेट से हार गया था। इस तरह से भारत ने सातवीं बार दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला गंवाई। इस बीच उसने एक बार 2010-11 में श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराने के बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका में अंतिम किला फतह करना था लेकिन उसे उसके मजबूत बल्लेबाजी क्रम ने नीचा दिखाया। भारत ने पहली पारी 223 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को 210 रन पर रोक दिया, लेकिन ऋषभ पंत के नाबाद 100 रन के बावजूद वह दूसरी पारी में 198 रन ही बना सका। इससे गेंदबाजों के सामने बचाव के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत खेली गई थी जिसमें प्रतिशत अंकों के आधार पर भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एशियाई कप फुटबॉल के लिए पहुंची फिलीपींस टीम

**मुंबई।** कोरोना महामारी की तीसरी लहर को लेकर आशंकाओं के बीच फिलीपींस की टीम 20 जनवरी से शुरू हो रहे एएफसी महिला एशिया कप के लिए शुक्रवार को यहां पहुंच गई। इससे पहले चीनी ताइपै की टीम गुरुवार को ही यहां पहुंच गई थी। यह टूर्नामेंट महाराष्ट्र के तीन स्थानों पुणे, मुंबई और नवी मुंबई में खेला जाएगा। भारतीय टीम भी कोच्चि से गुरुवार को यहां पहुंच गई। एक सूत्र ने बताया, फिलीपींस की टीम शुक्रवार तड़के यहां पहुंची है। भारत 1980 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। फिलीपींस को ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया के साथ रखा गया है।

### सोनी नेटवर्क करेगा इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का प्रसारण

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ ने शुक्रवार को बताया कि सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया को मौजूदा योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2022 के प्रसारण अधिकार दिए गए हैं। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट कोरोना महामारी के कारण दर्शकों के बिना हो रहा है। अब क्वार्टर फाइनल से सोनी टेन वन चैनल पर इसका सीधा प्रसारण होगा जबकि सोनीलिव पर लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। बीएआई महासचिव अजय सिंघानिया ने एक विज्ञप्ति में कहा, हमें बताते हुए खुशी हो रही है कि सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया पर योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन के मैच प्रसारित होंगे। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश इस साल दर्शक और मीडिया मौजूद नहीं है लेकिन वे घर से विश्व स्तरीय टूर्नामेंट का मजा ले सकते हैं।

### आस्ट्रेलिया ने रद्द किया जोकोविज का वीजा, निर्वासित होना तय

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया सरकार ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द कर दिया है जिससे उन्हें देश से निर्वासित किया जाएगा।आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉके ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने मंत्री के तौर पर अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करके सर्बिया के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी का वीजा जनहित आधार पर रद्द कर दिया है। आस्ट्रेलियाई ओपन तीन दिन बाद शुरू होने वाला है। जोकोविच के वकील फेडरल सर्किट और फैमिली कोर्ट में इसके खिलाफ अपील कर सकते हैं। हॉके ने कहा कि उन्होंने जनहित को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य कारणों से यह फैसला लिया है। उन्होंने एक बयान में कहा, मौरिसन सरकार आस्ट्रेलियाई सीमाओं की कोरोना महामारी के इस दौर में रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

### एलिसन रिस्के एडीलेड इंटरनेशनल के फाइनल में

**एडीलेड।** अमेरिका की एलिसन रिस्के ने एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया जब सेमीफाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी तमारा जिडांसेक ने पेट की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। यह लगातार दूसरा मैच था जिसमें रिस्के की प्रतिद्वंद्वी ने नाम वापिस ले लिया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन ब्रेंगल भी पहले सेट के बाद रिटायर हो गई थी। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की कोको गॉ और मेडिसन कीज का सामना होगा यानी फाइनल अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच ही होगा।

### हॉकी इंडिया ने महिला टीम के लिए संभावित समूह की घोषणा की

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला टीम के लिए संभावित समूह की घोषणा कर दी है जो इस साल बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेगी। बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर चयन ट्रायल के बाद समूह का चयन किया गया। विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में प्रदर्शन के आधार पर 60 खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुलाया गया था। हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में भारतीय टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा, यह नए सिरे से शुरुआत करने और भविष्य के लिए रणनीति बनाने का समय है। तोक्यो ओलंपिक से मिले अनुभव के बाद हमें लगातार बेहतर प्रदर्शन करना है। नजरें पेरिस ओलंपिक 2024 पर हैं। सविता पूनिया की कप्तानी में भारत की 18 सदस्यीय टीम एशिया कप खेलने मस्कट जाएगी। बाकी खिलाड़ी शिविर में रहेंगे और अगले महीने भुवनेश्वर में होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों की तैयारी करते रहेंगे।

## मौरीशस के पांडू को भारेत्तोलन का पहला हाई परफार्मेंस निदेशक नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक तक भारोत्तोलन के लिए हाई परफार्मेंस निदेशक के रूप में मॉरीशस के अविनाश पांडू की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह इस खेल में इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति हैं।

उनकी नियुक्ति की सिफारिश भारतीय खेल प्राधिकरण की विदेशी कोच चयन समिति ने भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अधिकारियों के साथ मिलकर की। साइ से जारी बयान के अनुसार, उनक वार्षिक वेतन 54,000 डॉलर होगा। उनकी नियुक्त का मकसद खिलाड़ियों की क्षमता बढ़ाने के साथ मजबूत कोचिंग संरचना बनाना है। दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले मॉरीशस के 46 वर्षीय पांडू को दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया में दो दशकों से अधिक का कोचिंग अनुभव है। एचपीडी के रूप में पांडू ने रियो डी जनेरियो में 2016 के ओलंपिक खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# आयरलैंड ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी। किंगस्टन

आयरलैंड ने सबीना पार्क पर वर्षाबाधित दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया।

जीत के लिए आयरलैंड को 230 रन बनाने थे और उसने 32 ओवर में चार विकेट पर 157 रन बना लिए थे जब बारिश के कारण खेल 90 मिनट तक रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर आयरलैंड को 36 ओवर में 168 रन का लक्ष्य मिला। आयरलैंड ने सात गेंद में ही एक विकेट खोकर बाकी रन बना लिए। अब श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है और आखिरी मैच रविवार को यहीं खेला जाएगा। यह मैच पहले मंगलवार को होना था लेकिन पांच कोरोना मामलों और दो खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण आयरलैंड के पास पूरी एकादश नहीं थी। कप्तान एंडी बालबर्नी भी



बृहस्पतिवार को यह मैच नहीं खेल सके। विलियम पोर्टरफील्ड और कार्यवाहक कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने आयरलैंड को अच्छी शुरुआत देकर पहले पांच ओवर में 37 रन बनाए। हैरी टेक्टर ने 75 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी खेली जो उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई वेस्टइंडीज टीम की शुरूआत खराब रही। मध्यम तेज गेंदबाज क्रेग यंग ने शुरूआती तीन बल्लेबाजों को सस्ते में आउट किया।


चार ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर 12 रन पर तीन विकेट था। मैकब्रायन ने इसके बाद कीरोन पोलार्ड और रोस्टन चेस को सस्ते में आउट किया। शारमार ब्रूक्स 64 गेंद में 43 रन बनाकर आउट हुए। ओडियन स्मिथ ने मैकब्रायन को दो छक्के लगाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।

## गंभीर ने कोहली के बारे में कहा

# यह बचकाना था, इस तरह आप रोलमॉडल नहीं बन सकते

### अंपायरिंग और तकनीक को लेकर स्टंप माइक पर अपमानजनक टिप्पियां की

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत** के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान डीआरएस के फैसले के खिलाफ विराट कोहली की प्रतिक्रिया अपरिपक्व थी और इतनी अतिरंजित प्रतिक्रया से भारतीय कप्तान कभी युवाओं के रोल मॉडल नहीं बन सकेंगे।

कोहली, उपकप्तान केएल राहुल और आफ स्पिनर आर अश्विन ने विरोधी कप्तान डीन एल्गर को पगबाधा आउट नहीं देने के डीआरएस के विवादित फैसले के बाद अंपायरिंग और तकनीक को लेकर स्टम्प माइक पर अपमानजनक टिप्पिणयां की। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह बहुत बुरा था। स्टम्प माइक के पास जाकर कोहली ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, वह अपरिपक्व था। एक अंतराष्ट्रीय कप्तान, एक भारतीय कप्तान से ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में मयंक अग्रवाल को भी इस तरह से जीवनदान मिला था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने ऐसी प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा, तकनीक आपके हाथ में नहीं है। मयंक अग्रवाल के मामले में ऐसा लग रहा था कि वह आउट है लेकिन एल्गर ने उस तरह से प्रतिक्रिया नहीं दी। गंभीर ने कहा, आप भले ही कहें कि वह जज्बाती खिलाड़ी है लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया अतिरंजित है। ऐसे में आप रोल मॉडल नहीं बन सकते। कोई उदीयमान क्रिकेटर इस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देखना चाहेगा, खासकर भारतीय कप्तान से।

उन्होंने कहा, इस टेस्ट मैच का नतीजा कुछ भी हो लेकिन इतने लंबे समय से टीम की कप्तानी कर रहे टेस्ट कप्तान से ऐसी अपेक्षा नहीं की जाती। उम्मीद है कि राहुल द्रविड़ उनसे बात करेंगे।

